# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी







## इधर... अयोध्या में उमड़ पड़ा आस्था का 'सैलाब', उधर... राहुल ने दिया ये 'बयान'

# शाम तक 5 लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के 'दर्शन' किए



स्थानीय प्रशासन के आला अधिकारी मंदिर परिसर में मौजूद हैं। भक्तों को सुचारू दर्शन सुनिश्चित करने के लिए 8000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात हैं।

एजेंसी ⏭ अयोध्या

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर पहली बार मंगलवार को रामभक्तों के दर्शन के लिए खोला गया।

पहले दिन श्रद्धालुओं की अटूट भीड़ देखने को मिली। देश के दूर-दराज कोने से आए रामभक्तों ने भगवान श्रीराम के दर्शन किए। इस दौरान मंदिर परिसर जयश्रीराम, जय सियाराम के जयकारों से गूंजता रहा। यूपी सरकार के बयान के मुताबिक पहले दिन अभी तक करीब 5 लाख रामभक्तों ने रामलला के दर्शन किए। वहीं सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने तीन स्तरीय सुरक्षा कवच बनाया है। अयोध्या मंदिर के इर्द-गिर्द आठ हजार के करीब सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है।

**आने वाले वर्षों में प्रतिदिन तीन लाख से अधिक लोग अयोध्या आ सकते हैं**



### सीएम योगी ने हेलीकॉप्टर से किया सर्वे

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कल राम लला का विराजमान होना मतलब राम राज्य की शुरुआत होना है। ये हमारे लिए गर्व की बात है। जिस प्रकार से राम भक्तों का जनसैलाब अयोध्या धाम की ओर उमड़ रहा है इतनी भीड़ हो गई है।

### श्रीरामलला का नाम 'बालक राम' हुआ

अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा की गई। रामलला की मूर्ति को 'बालक राम' के नाम से जाना जाएगा। इस विग्रह का नाम 'बालक राम' इसलिए रखा गया है क्योंकि भगवान पांच वर्ष के बच्चे के रूप में खड़ी मुद्रा में स्थापित किए।

### अयोध्या में 22 जनवरी को हमने जो देखा वह हमारी यादों में अंकित रहेगा: प्रधानमंत्री

राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में हमने जो देखा वह आने वाले कई वर्षों तक हमारी यादों में अंकित रहेगा। उन्होंने समारोह का एक वीडियो साझा किया और कहा कि 22 जनवरी को हमने अयोध्या में जो देखा, वह आने वाले वर्षों तक हमारी यादों में अंकित रहेगा। मोदी ने सोमवार को भव्य मंदिर के निर्माण से आगे बढ़कर अगले 1,000 वर्षों के मजबूत, सक्षम और दिव्य भारत की नींव बनाने का आह्वान किया था। उन्होंने इस अवसर को एक नए युग का आगमन भी बताया। लाखों लोगों ने टेलीविजन पर अपने घरों और पड़ोस के मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा समारोह देखा और इस ऐतिहासिक क्षण का आनंद लिया।

राहुल गांधी ने कहा कि अयोध्या 'प्राण प्रतिष्ठा' भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'शो' किया

# राहुल ने कहा: देश में कोई भी रामलहर नहीं

एजेंसी ⏭ असम

कोई राम लहर नहीं है। अयोध्या 'प्राण प्रतिष्ठा' भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'शो' किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ये बातें असम में कहीं हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए यह भी कहा कि असम में उनकी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में रुकावट पैदा करने का जितना प्रयास किया जा रहा है।

- हमारे पास देश को मजबूत बनाने के लिए 'पांच न्याय' की योजना



### इस यात्रा के पीछे न्याय का विचार

राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का उल्लेख करते हुए कहा कि इस यात्रा के पीछे न्याय का विचार है। इसमें न्याय के पांच स्तंभ हैं- युवा न्याय, भागीदारी, नारी न्याय, किसान न्याय और श्रमिकों के लिए न्याय। ये पांच स्तंभ देश को शक्ति देंगे। कांग्रेस अगले एक-डेढ़ महीने में इन्हें जनता के सामने रखेगी। पीएम की उम्मीदवारी के सवाल पर राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' चुनाव के बाद इस बारे में चर्चा कर कोई फैसला लेगा।

# बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मिलेगा 'भारत रत्न'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**मोदी सरकार की बड़ी घोषणा**

**मरणोपरांत मिलेगा ये सम्मान**



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलेगा। उन्हें मरणोपरांत 'भारत रत्न' दिया जाएगा। सरकार ने यह घोषणा ऐसे समय की है जब बुधवार को कर्पूरी ठाकुर की जयंती है। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग लंबे समय से उठ रही थी। मंगलवार को जेडीयू नेता केसी त्यागी ने ठाकुर को भारत रत्न देने के साथ-साथ उनके नाम पर विश्वविद्यालय खोलने की मांग की थी। कर्पूरी ठाकुर बिहार से ही थे और उन्हें 'जननायक' के तौर पर जाना जाता है। वह दो कुछ-कुछ समय के लिए बिहार के मुख्यमंत्री बने थे।






**पीएम मोदी ने लाल किले पर 'पराक्रम दिवस' समारोह में भाग लिया**



### 'नेताजी' के सपनों का भारत बनाने को प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार शाम राष्ट्रीय राजधानी स्थित लाल किले पर 'पराक्रम दिवस' समारोह में भाग लिया। स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सेनानियों को समुचित सम्मान देने के उनके दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए 2021 से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्मदिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मोदी ने कहा कि पराक्रम दिवस पर हम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों और उनके सपनों का भारत बनाने को प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर लाल किले में एक प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें आगंतुकों को नेताजी और आजाद हिंद फौज के संबंध में दुर्लभ तस्वीरों और दस्तावेजों को देखने का मौका मिलेगा। यह समारोह 31 जनवरी को समाप्त होगा। प्रधानमंत्री ने यहां पहुंचने के बाद प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर 'भारत-पर्व' की भी शुरुआत की। 31 जनवरी तक चलने वाला यह कार्यक्रम दिल्ली के रामलीला मैदान और लाल किला के सामने माधवदास पार्क में आयोजित किया गया है। इसमें गणतंत्र दिवस की झांकियां और सांस्कृतिक सामग्रियों के जरिये देश की समृद्ध विविधता प्रदर्शित की गई हैं।




# गणतंत्र दिवस : पहली बार दिखेगी तीनों सेनाओं की महिला टुकड़ी, 'नारी शक्ति' भी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समूचा राष्ट्र इस वर्ष 75वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। यह गणतंत्र दिवस हमारे लिए कई मायनों में खास होने जा रहा है। इसमें झांकियों से लेकर परेड और थीम तक के केंद्र में महिलाएं हैं। इस वर्ष की थीम 'विकसित भारत और भारत-लोकतंत्र की मातृका' रखी गई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर ध्वजारोहण करेंगी। पीएम नरेंद्र मोदी सुबह अमर जवान ज्योति पर श्रद्धांजलि देंगे। समारोह के मुख्य आकर्षण सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने बताया कि कर्तव्य पथ पर परेड देखने के लिए 77 हजार सीटों की क्षमता है। इनमें से आम जनता के लिए 42 हजार सीट टिकटों के जरिए बुक की जाती हैं। ज्यादातर टिकट बेची जा चुकी हैं।



- 100 महिला कलाकारों द्वारा वाद्यों के साथ शुरुआत
- परेड में महिला फाइटर पायलटों की भी भागीदारी
- पहली बार तीनों सेनाओं की एक महिला टुकड़ी
- परेड में 48 महिला अग्निवीरों का करतब प्रदर्शन भी





### अब तक का सबसे अच्छा प्रतिनिधित्व दिखेगा

इस साल के गणतंत्र दिवस की थीम महिलाओं पर आधारित है तो परेड में महिलाओं का अब तक का सबसे अच्छा प्रतिनिधित्व देखने को मिलेगा। इस बार देशभर की 100 महिला सांस्कृतिक कलाकार पारंपरिक वाद्यों के साथ परेड की शुरुआत करेंगी। एक केवल एक समूह ही सलामी मंच के सामने अपनी प्रस्तुति देगा और बाकी अन्य 11 समूह अलग-अलग अपनी प्रस्तुति देंगे। पहली बार तीनों सेनाओं की एक महिला टुकड़ी भी मार्च करेगी। केंद्रीय सशस्त्र बलों की टुकड़ियों में भी महिलाकर्मी शामिल होंगी।

### कैप्टन राव थलसेना की टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी

परेड में कैप्टन शरण्या राव थलसेना की टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस में अतिथि के तौर पर पीएम मोदी के साथ शामिल रहीं स्क्वॉड्रन लीडर सुमिता यादव भी इस परेड में हिस्सा ले रही हैं। स्क्वाड्रन लीडर रश्मि ठाकुर भारतीय वायुसेना की मार्चिंग टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। स्क्वाड्रन लीडर सुमिता यादव और स्क्वाड्रन लीडर प्रतीति अहलुवालिया और फ्लाइट लेफ्टिनेंट कीर्ति रोहिल भी रहेंगी। फ्लाइट लेफ्टिनेंट सृष्टि वर्मा त्रि-सेवा दल के सुपर न्यूमैरेरी अफसर के तौर पर मार्चिंग करेंगी।

### फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों होंगे मुख्य अतिथि

फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों समारोह के मुख्य अतिथि हैं। परेड में फ्रांस की 95 सदस्यीय मार्चिंग टीम और 33 सदस्यीय बैंड दल भी शिरकत करेगा। एक मल्टी रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट विमान और फ्रांसीसी वायुसेना के दो राफेल लड़ाकू जेट भी फ्लाई-पास्ट में हिस्सा लेंगे। लगभग 13 हजार विशेष मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। पेटेंट हासिल करने वाले विशेषज्ञों, इसरो की महिला वैज्ञानिकों, स्वतंत्रता सेनानियों, किसानों और आदिवासी समुदाय के लोगों को भी निमंत्रण दिया गया है।

---

## खबर संक्षेप

### शीर्ष कोर्ट ले जाऊंगा ज्ञानवापी, मथुरा का केस



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने एक्स पर मंगलवार को लिखा कि मैं अब ज्ञानवापी काशी विश्वनाथ मंदिर और कृष्ण जन्मभूमि मथुरा मंदिर को पुनर्स्थापित करने की अनुमति देने के लिए लंबित पूजा स्थलों की जनहित याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख करूंगा। स्वामी के पार्टी के साथ संबंध कुछ बिगड़े हैं।

### वाईएसआर कांग्रेस के सांसद का इस्तीफा



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ युवजन श्रमिका रायथु कांग्रेस पार्टी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। लोकसभा सांसद एल. श्री कृष्ण देवरायलु ने मंगलवार को पार्टी और संसद से इस्तीफा दे दिया। वह आंध्र प्रदेश में नरसरावपेट निर्वाचन क्षेत्र से सांसद चुने गए थे। उन्होंने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र को बदलने की पार्टी की योजना पर ड्रामा खत्म हुआ।

---

### गृहमंत्री शाह ने डिजिटल फोरेंसिक उत्कृष्टता केंद्र का किया उद्घाटन

# भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली 5 वर्षों में विश्व की सबसे आधुनिक होगी

### केंद्र सरकार ने पुरानी आपराधिक न्याय प्रणाली में किए अहम बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश में एक सौ 50 वर्ष पुरानी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। सरकार तीन नए कानून भी लेकर आई है। केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय में डिजिटल फोरेंसिक उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली आने वाले पांच वर्षों में विश्व की सबसे अधिक आधुनिक प्रणाली होगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे कहा कि सरकार ने देश में एक सौ 50 वर्ष पुरानी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। सरकार तीन नए कानून भी लेकर आई है। उन्होंने कहा, भारत में पहली बार बड़े साहस के साथ हमने निर्णय किया है कि सात साल और उससे बड़ी सजा के लिए हर क्राइम सीन पर फोरेंसिक साइंस ऑफिसर का विजिटर विजिट कंपलसरी कर दिया है। मैं मानता हूं कि इससे इवेस्टीगेशन को भी सरलता मिलेगी।

### तेजी से बदल रही तकनीक

पुलिस को आधुनिक बनाने की पहल शुरू सरकार अपने बुनियादी ढांचे को बदले बिना तकनीक का इस्तेमाल कर पुलिस प्रणाली को आधुनिक बनाने की 'बड़ी चुनौती' पर काम कर रही है। तकनीक तेजी से बदल रही है। पुलिस को अपराधियों से दो पीढ़ी आगे रहने की जरूरत है।



**150** साल की आपराधिक न्याय प्रणाली सुधरेगी

### जस्टिस सिस्टम के सभी न्यायाधीशों को भी होगी सरलता

न्याय का काम करने वाले जस्टिस सिस्टम के सभी न्यायाधीशों को भी सरलता होगी। प्रोसीक्यूशन एजेंसी को भी सरलता होगी और सजा का दर बढ़ाने में भी हमें बहुत बड़ी सफलता मिलेगी। इसके साथ-साथ पूरी प्रक्रिया को हम आधुनिक बनाने का भी प्रयास कर रहे हैं।

### इस सिस्टम में हमने फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मांग को पूरा किया

इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि ज्यादा से ज्यादा पांच साल के बाद भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली विश्व की सबसे आधुनिक क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम होगा। इससे अपराधों पर भी लगाम लग सकेगी। उल्लेखनीय है कि आपराधिक न्याय प्रणाली में फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मांग को पूरा करने के लिए नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई है। 3 नए आपराधिक कानूनों के लागू हो जाने से अगले पांच वर्षों में देश की अपराध को लेकर न्याय प्रणाली दुनिया में सबसे उन्नत होगी।' वह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का जिक्र कर रहे थे। जब तक हम न्यायिक प्रक्रिया के सभी हितधारकों को फोरेंसिक साइंस के साथ नहीं जोड़ते, तब तक हमें लाभ नहीं होगा। फोरेंसिक साइंस का इस्तेमाल जांच, अभियोजन और न्याय के लिए किया जाना चाहिए। अब वक्त आ गया है कि शिक्षा में फॉरेंसिक साइंस को अपनाकर कदम आगे बढ़ाया जाए।'

### हाईब्रिड और बहु-आयामी खतरे बने चुनौती

*उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) जैसी तकनीक से पैदा हाइब्रिड और बहु-आयामी खतरे हमारे सामने चुनौती पेश करते हैं। हमारी प्रणाली की सुरक्षा के लिए एक नेटवर्क बनाने की जरूरत है। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने नौ हजार से ज्यादा वैज्ञानिक, अधिकारियों और फोरेंसिक अधिकारियों की जरूरत को पूरा करने के लिए कदम उठाए हैं। जिनकी देश में हर साल भर्ती की जरूरत होगी।*

---

### दिल्ली दवा घोटाला

# सीबीआई ने प्रारंभिक जांच दर्ज कर शुरू की कार्रवाई

- *अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों में घटिया दवाओं की सप्लाई*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों में घटिया दवाओं के आरोपों की प्रारंभिक जांच दर्ज की है। आसान भाषा में समझें तो एफआईआर दर्ज करने से पहले जांच एजेंसी द्वारा प्रारंभिक जांच कार्रवाई की जाती है। प्रारंभिक जांच गृह मंत्रालय द्वारा दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय की एक रिपोर्ट को आगे बढ़ाने के बाद हुई है, जिसमें सीबीआई जांच की मांग की गई थी। दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने आरोप लगाया था कि दवाएं गुणवत्ता मानक परीक्षणों में विफल रहीं और दिल्ली सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों में जीवन को खतरे में डालने की क्षमता थी। दिल्ली के एलजी सक्सेना ने इस पूरे मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। बताया गया कि एलजी ने यह कार्रवाई विजिलेंस विभाग की रिपोर्ट के आधार पर की है।

### परीक्षण के बाद कई नमूने विफल पाए गए

सतर्कता विभाग की रिपोर्ट के आधार पर सीबीआई जांच की सिफारिश करते हुए दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने मुख्य सचिव को लिखे नोट में कहा था कि यह चिंताजनक है। सतर्कता विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारी प्रयोगशालाओं में भेजे गए 43 नमूनों में से 3 नमूने फेल हो गए हैं। निजी प्रयोगशालाओं को भेजे गए अन्य 43 नमूनों में से 5 नमूने विफल रहे और 38 नमूने मानक गुणवत्ता के पाए गए। इस पर खूब हीलाहवाला किया गया था।

### 10 फीसदी से ज्यादा सैंपल फेल निकले

विजिलेंस विभाग ने सिफारिश की है कि चूंकि 10 फीसदी से ज्यादा सैंपल फेल हो चुके हैं, इसलिए विभाग को सैंपलिंग का दायरा बढ़ाना चाहिए। दवाएं सरकार की केंद्रीय खरीद एजेंसी द्वारा खरीदी गईं और सरकारी अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों को आपूर्ति की गईं।

---

## 100 फीट ऊंची 'रंगोली' का हवाई दृश्य




*मुंबई। मुंबई के सायन में मंगलवार को भगवान राम और अयोध्या में राम मंदिर को दर्शाने वाली 100 फीट ऊंची 'रंगोली' का हवाई दृश्य।*

---

### राजस्थान विधानसभा में हंगामा

# गहलोत सरकार की योजना बंद करने पर गरमा-गरमी

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान की नवगठित विधानसभा की कार्रवाई मंगलवार को शुरू हुई जहां विपक्षी सदस्यों ने प्रश्नकाल में सरकार की ओर से प्रश्नों के 'समुचित उत्तर' नहीं मिलने का दावा करते हुए हंगामा किया।

सदन में सरकारी भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामलों की जांच को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष के सदस्य आमने-सामने आ गए।'राजीव गांधी युवा मित्र योजना' को बंद करने का मुद्दा भी उठा जहां विपक्ष के कई विधायकों ने सरकार से फैसला



वापस लेने की मांग की। पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने अपनी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए हर जिले में युवाओं की भर्ती की थी। इसकी शुरुआत राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के विधायक हनुमान बेनीवाल के प्रश्नपत्र लीक मामलों की जांच संबंधी सवाल से हुई।

---

### महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नदी में नाव पलटी

# 2 महिलाओं की मौत और 4 लापता, सर्च ऑपरेशन जारी

एजेंसी ▶▶ गढ़चिरौली

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में बड़ा हादसा हादसा हुआ है। यहां की वैनगंगा नदी में नाव पलटने से 6 महिलाएं डूब गई है। 2 महिलाओं के शव बरामद किए जा चुके हैं। 4 अन्य महिलाएं लापता हैं उनकी खोज की जा रही है।

मौके पर पुलिस प्रशासन के अधिकारी पहुंच गए हैं। लापता महिलाओं को खोजने के लिए नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। हादसे के बाद इलाके में कोहराम मचा हुआ है।



### वैनगंगा पार कर जा रहीं थीं मिर्ची तोड़ने

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली इलाके के गांव गनपुर निवासी 6 महिलाएं नाव के जरिए वैनगंगा नदी पार कर दूसरी तरफ खेत में मिर्ची तोड़ने के लिए जा रहीं थीं। उनकी नाव अचानक नदी में पलट गई और हादसा हो गया। नाव पलटने से सभी महिलाएं नदी में डूब गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने महिलाओं को बचाने की कोशिश की लेकिन नदी के पानी का प्रवाह तेज होने के कारण वह धारा के साथ बह गईं।

### गोताखोरों को बुलाया

हादसा मंगलवार की सुबह का है। हादसे की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई। महिलाओं को तलाशने के लिए गोताखोर भी बुला लिए गए। पुलिस ने बताया कि नदी में डूबी 6 महिलाओं में से 2 के शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं, अन्य 4 महिलाएं लापता है, जिनको ढूंढने का काम रेस्क्यू और सर्च टीम की मदद से किया जा रहा है, लेकिन अभी तक उनका पता नही चला है।

---

### केंद्र ने जारी की सूची

# जम्मू-कश्मीर में मतदाताओं की संख्या 86.93 लाख पहुंची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की मांग लगातार उठती रही है और अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि आखिर वहां मतदान कब होगा।

हालांकि इस दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए चुनाव आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी है। अधिकारियों के अनुसार इस वोटर लिस्ट में 2.31 लाख से ज्यादा नए मतदाताओं को शामिल किया गया है। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर में कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 86.93 लाख तक पहुंच गई है।



### चुनाव का मार्ग प्रशस्त

जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पांडुरंग के. पोल ने मंगलवार को कहा कि अंतिम मतदाता सूची में कुल 86.93 लाख मतदाता हैं जिनमें 44.34 लाख पुरुष और 42.58 लाख महिलाएं हैं। मतदाता सूची जारी होने से केंद्र शासित प्रदेश में विभिन्न चुनाव कराने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

---

### 'राम' पर महाराष्ट्र की राजनीति में जुबानी जंग, बोले मुख्यमंत्री शिंदे

# जो भगवान राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं

### शिवसेना (यूबीटी) के राउत ने कहा-पार्टी का राम से पुराना नाता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने मंगलवार को कहा कि भगवान राम के साथ उनकी पार्टी का संबंध काफी पुराना और भावनात्मक है। उन्होंने दावा किया कि अगर उनकी पार्टी अयोध्या में नहीं होती, तो मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संभव नहीं हो पाती। राज्यसभा सदस्य राउत पार्टी के एक सम्मेलन में बोल रहे थे।

> शिवसेना के राउत ने मंगलवार को कहा कि भगवान राम के साथ उनकी पार्टी का संबंध काफी पुराना और भावनात्मक है



### शिवसेना का किया गुणगान- पार्टी नहीं होती तो...

उन्होंने कहा कि भगवान राम से हमारा बहुत पुराना नाता है। भगवान राम के साथ शिवसेना का भावनात्मक रूप से बहुत गहरा है। यह किसी व्यक्ति या पार्टी का नहीं है। अगर किसी का भगवान राम के साथ सबसे पुराना नाता है, तो वह शिवसेना है। राउत ने दावा किया कि अगर शिवसेना वहां नहीं होती तो भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा (अयोध्या में मूर्ति) नहीं होती। शिवसेना के बाघों ने साहस दिखाया। जिसकी वजह से प्रधानमंत्री भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कर सकी।

### श्रेय लेने की जैसे होड़ मची हो

प्रधानमंत्री की मौजूदगी में सोमवार को अयोध्या में रामलला की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। शिवसेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र भाजपा के बीच राम जन्मभूमि आंदोलन में योगदान को लेकर जुबानी जंग चल रही है। महाराष्ट्र भाजपा ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, विधायक आदित्य ठाकरे और राउत पर आंदोलन में उनके योगदान को लेकर हमला बोला है। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) बाबरी मस्जिस को गिराने का श्रेय ले रही है।

### पीएम ने करोड़ों भक्तों के सपनों को पूरा किया: एकनाथ



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं। जिन लोगों ने राम मंदिर का विरोध किया। उन्हें रामलला का नाम लेने का अधिकार नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने बालासाहेब ठाकरे और भगवान राम के करोड़ों भक्तों के सपनों को पूरा किया। कल एक ऐतिहासिक दिन था।

जबलपुर
बुधवार, 24 जनवरी 2024
■ पौस मास शुक्ल पक्ष- 14
■ वर्ष : 18, अंक : 262
■ पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 28
न्यून. 10

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

08 सच्चे जननायक थे कर्पूरी ठाकुर



मैट्रो
14 ऑफलाईन राशन वितरण पर मशीन ...

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जज पर जूता उछालने वाले वकील पर केस दर्ज



**आगर मालवा।** आगर मालवा में केस की सुनवाई के दौरान एक वकील द्वारा जज की ओर जूता फेंका। जज जूते से बचने के लिए नीचे बैठ गए। इस सब में उन्हें कान में चोट लगी है। मामले में पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामला सोमवार अपराह्न चार बजे का है। केस की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता नितिन अटल ने जज की ओर जूता उछाल दिया। इतना करने के बाद वह मौके से फरार हो गया। जूता जज के कान पर लगा, जिसकी लिखित शिकायत उन्होंने कोर्ट के बाबू ज्ञानसिंह पिता दरयाब सिंह किरार के माध्यम से आगर थाने में दर्ज करवाई है।

### वनडे टीम ऑफ द ईयर में भारत का दबदबा



**नई दिल्ली।** आईसीसी ने वनडे टीम ऑफ द ईयर का ऐलान कर दिया है। आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला है। रोहित शर्मा को आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर का कप्तान चुना गया है। वहीं,विराट कोहली समेत कुल 6 भारतीय खिलाड़ी आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर के लिए चुने गए हैं। रोहित और कोहली के अलावा सिराज, शमी और कुलदीप को जगह मिली है। आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर में बतौर ओपनर रोहित शर्मा और शुभमन गिल को चुना गया है। ऑस्ट्रेलिया के ओपनर ट्रेविस हेड को नंबर-3 के लिए चुना गया।

### वनपाल 15 हजार की घूस लेते गिरफ्तार



**रतलाम।** उज्जैन लोकायुक्त की टीम ने मंगलवार दोपहर रतलाम के सागोद रोड स्थित वन विभाग कार्यालय परिसर में वनपाल बीबीएल पुष्कर को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। नामली के सुरेश पाटीदार की शिकायत पर ये कार्रवाई हुई। पाटीदार ने बताया कि वह लकड़ी की टाल का संचालन करते हैं। लेकिन क्षेत्र के वनपाल द्वारा झूठा आरोप लगाते हुए 15 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की। रुपए नहीं देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी पिछले दो माह से दे रहा था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को देश के सभी राज्यों के खनिज मंत्रियों के सम्मेलन को किया संबोधित

# मप्र मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी में प्रथम, 'नवाचारों' से मिलेगा लाभ

29 खनिज ब्लॉकों की नीलामी कर मप्र ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया

केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा कि मप्र में खनन गतिविधियों से प्रभावित लोगों की आजीविका सुनिश्चित करने और उनके विकास के लिए किए गए कार्य सराहनीय।





सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने की

'माइनिंग एंड बियोंड' विषय पर लगाई गई प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में खनन मंत्रियों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खनिज विभाग देश के प्रगति को आगे बढ़ाने में मददगार है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय खनन मंत्रालय की ओर से खनन क्षेत्र में किए गए सुधारों ओर नवाचारों से मप्र सहित सभी राज्यों को लाभ मिलेगा। हमारी समृद्ध भू-गर्भ संपदा में अनेक संभावनाएं छिपी हैं, इन सुधारों के क्रियान्वयन और नवाचारों को अपनाने से प्रदेश आर्थिक रूप से सुदृढ़ होगा। खनन प्रक्रिया में लाई गई ।

■ सम्मेलन में 20 से अधिक राज्यों के खनिज मंत्रियों ने भाग लिया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा केंद्रीय मंत्री जोशी ने केंद्रीय खान मंत्रालय की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रदर्शनी में जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, जिला खनिज प्रतिष्ठान सहित देश की प्रमुख खनन कंपनियों, निजी एजेंसियों और स्टार्ट-अप्स की ओर से अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर कॉफी टेबल बुक 'बिल्डिंग ट्रस्ट-ट्रांसफोर्मिंग लाइव्ज' का विमोचन भी किया गया। इसके साथ ही एवरेज सेल प्राइज सिस्टम प्लेटफार्म तथा 'स्टार रेटिंग ऑफ माइन्स का डिजिटल' लोकार्पण किया गया। 'एक्सप्लोरेशन लाइसेंस रूल्स' का भी विमोचन हुआ।

### राज्यों को सौंपी गई क्रिटिकल मिनरल रिपोर्ट

*राज्यों के खनिज मंत्रियों के सम्मेलन में ओडिशा के इस्पात एवं खान मंत्री प्रफुल कुमार मलिक, कर्नाटक के खान मंत्री एसएस मल्लिकार्जुन, उत्तरप्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, नगालैंड के विधायक तथा खनिज सलाहकार डब्ल्यूसी कोनयक, केंद्रीय खनन मंत्रालय के सचिव वीएल कांताराव, अतिरिक्त सचिव संजय लोहिया तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सम्मेलन में आंध्रप्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तरप्रदेश को क्रिटिकल मिनरल रिपोर्ट भी सौंपी गई।*

### कोयले से आग लगती है पर यह ऊर्जा भी देता है

जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अब देश क्रिटिकल मिनरल्स, रेयरेस्ट मिनरल्स के खनन की ओर आगे बढ़ रहा है। डाटा रिपोजिटरी अवलेबलिटी में वृद्धि हुई है, लाइसेंस, लीज क्लीयरेंस को भी सरल और त्वरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई राज्यों ने अच्छा काम नहीं किया है। वे माइनिंग का ऑक्सन ठीक से नहीं कर रहे हैं। इसे कोई राजनैतिक कारणों से नहीं बोल रहा हूं। जो कुछ भी पेंडिंग है, एक बार आप लोग दिल्ली आ जाएं ।

### सस्टेनेबल माइनिंग से अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार

केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मप्र की ओर से खनन गतिविधियों से प्रभावित लोगों के विकास और उनकी आजीविका सुनिश्चित करने के लिए डीएमएफटी (जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) के तहत किए गए कार्यों की सराहना की। मप्र के मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी में प्रथम आने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई देते हुए जोशी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में खनिज संसाधनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट का बड़ा निर्णय

# स्वास्थ्य विभाग में 'मर्ज' हो गया चिकित्सा शिक्षा विभाग

मल्हारगढ़ उदवहन सिंचाई परियोजना के लिए 87 करोड़ 25 लाख की स्वीकृति



रतलाम जिले में तलावड़ा बैराज के निर्माण के लिए 264 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र कैबिनेट ने मंगलवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग का विलय स्वास्थ्य विभाग में करने को मंजूरी दे दी। काफी समय से इस बारे में चर्चा चल रही थी, किंतु अब जाकर यह हो पाया है। पिछली सरकार में इसका प्रस्ताव तैयार किया गया था, किंतु किसी कारण से इसके मर्ज करने पर सहमति नहीं बन पाई थी। डॉ. मोहन यादव की सरकार ने इसे कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दिला दी। इसके साथ ही कई अन्य मुद्दों को भी मंजूरी दी गई है। नगरीय प्रशासन व संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट में हुए निर्णय के बारे में बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के विलय की स्वीकृति दी गई।

### मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम, 2011 के प्रावधानों में संशोधन

*कैबिनेट ने मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम, 2011 के प्रावधानों में संशोधन की स्वीकृति दी है। वर्तमान में आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय चिकित्सा, दंत चिकित्सा, नर्सिंग, आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, नेचुरोपैथी आदि में पाठ्यक्रम संचालित करता है। नर्सिंग और पैरामेडिकल संस्थाओं और छात्र-छात्राओं की संख्या में वृद्धि को देखते हुए आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय को नर्सिंग एवं पैरामेडिकल को छोड़कर अन्य विषयों के पाठ्यक्रम संचालित करने का दायित्व दिया जाएगा। नर्सिंग एवं पैरामेडिकल विषयों से संबंधित पाठ्यक्रम का संचालन उच्च शिक्षा विभाग के स्थापित अन्य विश्व विद्यालयों के माध्यम से किया जाएगा। कैबिनेट ने जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 में संशोधन के लिए संसद को भेजे जाने वाले प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। कानून में जल प्रदूषण से जुड़े छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से हटाने और जुर्माने का प्रावधान करने जैसे संशोधन प्रस्तावित हैं।*

गृह मंत्रालय का बड़ा फैसला

## अब सीआईएसएफ के हाथों में होगी सांसदों की हिफाजत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ सामान की जांच के लिए 140 कर्मियों की टीम

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 31 जनवरी से शुरू होने वाले संसद के आगामी सत्र के दौरान आगंतुकों और उनके सामान की जांच के लिए 140 कर्मियों की सीआईएसएफ टीम को मंजूरी दे दी है।

पुराने और नए दोनों संसद भवनों को सीआईएसएफ के व्यापक सुरक्षा कवरेज के तहत लाया जाएगा। इसके अलावा मौजूदा संसद सुरक्षा सेवा, दिल्ली पुलिस और सीआरपीएफ का संसदीय ड्यूटी समूह भी संसद क्षेत्र को सुरक्षा प्रदान करेगा। संसद के बजट सत्र के दौरान संसद के अंदर आने और जाने वाले गेट की सुरक्षा सीआईएसएफ करेगी।

## फिर खुशखबर : नए साल में कूनो पार्क से दूसरी बार मिली शावकों के जन्म की खबर

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कुनबे में वृद्धि होने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी

# कूनो में मादा चीता ज्वाला ने दिया तीन शावकों को जन्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर/भोपाल

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में तीन नन्हे मेहमानों के आने की खुशी छाई हुई है। सोमवार को कूनो नेशनल पार्क में तीन चीता शावकों का जन्म हुआ है। मादा चीता ज्वाला ने इन तीन शावकों को जन्म दिया है।

तीनों शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। इससे पूरो कूनो पार्क का अमला गदगद है। डॉक्टरों की टीम तीनों शावकों की विशेष निगरानी कर रही है। इसके पहले मादा चीता आशा ने भी तीन शावकों को जन्म दिया है। जिन्हें मिलाकर कूनो नेशनल पार्क में कुल 20 चीते हो गए हैं। जिनमें 7 शावक और 13 बड़े चीते हैं।



### नन्हे चीता शावकों का जन्म प्रदेश के लिए सौभाग्य: सीएम डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कूनो में शुरू किया गया अभिनव प्रकल्प चीता प्रोजेक्ट सफल हो रहा है। एशिया से गायब हुए चीता मध्यप्रदेश के पारिस्थितिक तंत्र में न सिर्फ फल फूल रहा है, बल्कि वंश वृद्धि में भी लगा है।*

## मरीन ड्राइव से ब्रीच कैंडी के बीच तैयार हो रही सुरंग




सिर्फ 3.20 मिनट में पूरा होगा सफर

*मुंबई। मुंबई में बन रही देश की सबसे चौड़ी सिलिंड्रिकल टनल के अंदर से होकर जाने में 3 मिनट और बीस सेकंड लगेंगे। मरीन ड्राइव से ब्रीच कैंडी तक 2.07 किमी लंबी सुरंग का उद्घाटन फरवरी के दूसरे हफ्ते में होने की संभावना है। इसका कुछ हिस्सा समुद्र और कुछ पहाड़ी के नीचे है। रोड पर लगभग 6 किमी की दूरी तय करने में कम से कम 30 मिनट लगते हैं और मोटर चालकों को सात यातायात सिग्नल पार करनी पड़ती है। ये टनल गिरगांव (मरीन ड्राइव के आगे) से शुरू होती हैं, उत्तर में अरब सागर, गिरगांव चौपाटी और मालाबार हिल के नीचे से होती हुई हैं ब्रीच कैंडी के प्रियदर्शनी पार्क पर खत्म होगी। इसके बनाने में 12,721 करोड़ रु. की लागत आई है। इसे बृहन्मुंबई नगर निगम बना रहा है।*

# स्ट्रीट डॉग्स के काटने से घायल पांच साल के मासूम ने दम तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में श्वानों के आतंक ने एक और मासूम की जान ले ली है। करीब 17 दिन पहले मिसरोद इलाके में बच्चे को आवारा कुत्ते ने काट लिया था।

इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया था। मिसरोद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित आशिमा मॉल के पास चार वर्षीय सुलेमान अपनी मां ओमा जोजा के साथ रहता था। बीती 6 जनवरी को अहमदपुर स्थित डीमार्ट पास आवारा कुत्ते ने सुलेमान को काट लिया था। उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर उसे रैबीज के इंजेक्शन भी लगाए गए थे। करीब 12 दिन चले इलाज के बाद 18 जनवरी को करीब पौने दो बजे सुलेमान की तबीयत बिगड़ी, तो परिजन उसे एम्स अस्पताल ले गए। जहां कुछ देर चले इलाज के बाद सुलेमान को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। फिलहाल कटारा हिल्स थाना पुलिस ने जीरो में मर्ग कायम कर प्रकरण मिसरोद थाना पुलिस को भेज दिया है।

### अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद बिगड़ी तबीयत

पुलिस ने बताया कि बच्चे की मां मजदूरी करती है। मां और मामा सुलेमान को हमीदिया अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने उसे वैक्सीन लगाई। सुलेमान यहां 4 दिन एडमिट रहा। तबीयत ठीक होने के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया। बच्चे के मामा एरियल जोजो ने बताया कि डिस्चार्ज के 7-8 दिन बाद सुलेमान की तबीयत बिगड़ने लगी। उसका शरीर ठंडा पड़ रहा था। वह पंखे से डर रहा था। अजीब सी बातें कर रहा था। रोते रहता था। उसे दोबारा अस्पताल ले गए। इलाज के बाद डॉक्टर ने कहा कि सुलेमान का ट्रीटमेंट पूरा हो चुका है।

आयुर्वेद से आयुष्यमान
रतन्स आयुर्वेदिक समाधान

**प्र. मैं अपने बेटे को हाईटॉप सिरप देना चाहता हूं, कृपया हाईटॉप सिरप के सेवन की विधि बताएं। -अनूप कुमार, नरसिंहपुर.**
उ. आप बेटे को रतन्स 'हाईटॉप' सिरप २-२ चम्मच रोजाना सुबह-शाम नियमित रूप से सेवन करवा सकते हैं। साथ ही उन्हें ताड़ासन एवं स्ट्रेचिंग वाले व्यायाम करवाएं।

**प्र. मेरी समस्या यह है कि मेरी शादी की उम्र हो गई है, मुझे शरीर में फूलापन महसूस होता है, क्या करूं? -रवीना, जबलपुर.**
उ. आप रतन के 'ओबेरिड' कैप्सूल २-२ सुबह-शाम पानी के साथ सेवन कर सकते हैं। योगा अथवा व्यायाम करें, स्वीट व फैट कम लें। कैप्सूल का ९० दिनों का नियमित सेवन बहुत अच्छे परिणाम देता है।

**प्र. हम अपने बेटे के बिस्तर गीला करने की समस्या से परेशान हैं। उपाय सुझाएं। -अरूणा, रायपुर.**
उ. बेडवेटिंग की समस्या के लिए आप उन्हें रतन का 'बेडवेट' सिरप २-२ चम्मच सुबह-शाम नियमित रूप से दे सकते हैं। साथ ही उनका आत्मविश्वास भी बढ़ाएं।

**प्र. मुझे शौच के समय मल के साथ खून जाता है। कमज़ोरी आती जा रही है। आयुर्वेदिक दवा या उपाय सुझाएं। -जुगल, विदिशा.**
उ. मिर्च-मसालों का अधिक सेवन भी समस्या के लिए उत्तरदायी हो सकता है। समस्या के लिए आप रतन्स 'पाईल्सील' कैप्सूल २-२, सुबह-शाम पानी के साथ नियमित १ माह तक सेवन कर सकते हैं।

**प्र. शरीर में उचित आकर्षण की कमी है, कृपया योग्य उपाय बताएं। -एक पाठिका, छिंदवाड़ा.**
उ. आप रतन के 'सुडोल' बॉडी टोनर जैल व 'सुडोल' बॉडी टोनर कैप्सूल्स का तीन माह का कोर्स नियमित रूप से कर सकते हैं।

नोट : उपरोक्त सलाह रोगियों के लक्षणों को ध्यान में रखकर दी गई है. दवाओं का प्रयोग चिकित्सीय मार्गदर्शन में करें.




ओवरटेक करने से गुस्साए थे एसडीएम

# युवकों की पिटाई कराने वाले एसडीएम सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बांधवगढ़ एसडीएम अमित सिंह को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है। सोमवार को एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें अमित सिंह दो युवकों के साथ मारपीट करते और उन्हें पिटवाते नजर आ रहे थे।

इसके साथ ही एसडीएम, तहसीलदार, एसडीएम का चालक व एक अन्य के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में सुशासन की सरकार है। प्रदेश में आमजन के साथ इस तरह का अमानवीय व्यवहार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने एसडीएम को सस्पेंड करने के निर्देश भी दिए। सीएम ने कहा कि बांधवगढ़ एसडीएम द्वारा दो युवकों से मारपीट की घटना दुर्भाग्यपूर्ण हैं। एसडीएम को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। मध्यप्रदेश में सुशासन की सरकार है। प्रदेश में आमजन से इस तरह का अमानवीय व्यवहार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दरअसल, उमरिया जिले के बांधवगढ़ के एसडीएम का यह वीडियो सामने आया था। कहा गया कि ओवरटेक करने से गुस्साए एसडीएम ने दो युवकों की गाड़ी का पीछा किया। उन्हें रुकवाया। फिर उन्हें अपने मातहतों से पिटवा दिया। दोनों युवकों का सिर फट गया। उनकी गाड़ी भी फोड़ दी गई। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है।

सीएम ने कहा-सुशासन की सरकार है अमानवीय व्यवहार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं



एसडीएम, तहसीलदार, एसडीएम का चालक व एक अन्य के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई

### युवक ने कहा- मैं बस गाड़ी तेज चला रहा था

*घायल युवक का कहना था कि मेरी गलती सिर्फ इतनी थी कि मैं अपने काम में जा रहा था। मुझे देर हो रही थी। इस वजह से मैं गाड़ी तेज चला रहा था। इसकी वजह से एसडीएम की गाड़ी को मैंने ओवरटेक किया। इसके बाद एसडीएम ने खुद मेरी पिटाई की और अपने ड्राइवर तथा अन्य लोगों से भी मुझे पिटवाया।*

खबर संक्षेप

## राजभवन लोगों के लिए तीन दिन के लिए खुलेगा

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देश पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन आमजन के लिए तीन दिन खोला जाएगा। राजभवन 25 जनवरी से 27 जनवरी तक निर्धारित अवधि के लिए खुला रहेगा। आम नागरिक 25 और 27 जनवरी को अपराह्न 2 बजे से 7 बजे तक राजभवन में भ्रमण कर सकेंगे। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को राजभवन सुबह 11 बजे से 2 बजे तक आमजन के अवलोकन के लिए खुला रहेगा। इस अवसर पर राजभवन में केन्द्रीय संचार ब्यूरो, भोपाल चित्र प्रदर्शनी का आयोजन करेगा।

## प्रशासन अकादमी में 28 को राष्ट्रीय सेमिनार

**भोपाल।** सोशल साइंस एंड मैनेजमेंट वेलफेयर एसोसिएशन एवं आर्यावृत विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश द्वारा राजधानी स्थित नरोन्हा प्रशासन अकादमी में 28 जनवरी को सुबह 10 बजे से राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। इसका विषय विकसित भारत 2047 है। सेमीनार के सचिव डॉ. मनोज शर्मा ने बताया सेमीनार में प्राध्यापक, शोध छात्र एवं समाजसेवी शामिल होंगे। जिसमें ग्रामीण विकास, कृषि, उद्योग, महिला सशक्तिकरण, युवा नीति, पर्यटन आदि विषय से जुड़े शोध पत्रों का वाचन करेंगे।

## वन विभागः मुद्दा समिति में आंशिक संशोधन

**भोपाल।** राज्य शासन ने वन विभाग से संबंधित मुद्दों के निराकरण के लिए अपर मुख्य सचिव, वन विभाग की अध्यक्षता में 27 दिसम्बर, 2023 को समिति का गठन किया गया था। उक्त समिति में आंशिक संशोधन किया गया है। इसमें प्रमुख सचिव, पर्यटन विभाग को भी सदस्य के रूप में नामांकित किया गया है।

## हर तीन महीने में होगा पंचायतों का ऑडिट

**भोपाल।** पंचायतों में निर्माण के काम और अन्य योजनाओं के तहत जारी राशि को लेकर प्रत्येक तीन माह में ऑडिट कराया जाए, जिससे पंचायत स्तर पर किसी भी तरह की आर्थिक गड़बड़ी को रोका जा सके। पंचायतों में आर्थिक गतिविधियों को लेकर जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह ने निर्देश दिए हैं। पंचायतों में आय की वसूली नहीं होना, निर्माण कार्य का सही मूल्यांकन, उनका उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं होना, व्यय सीमा से अधिक राशियों के भुगतान और अन्य अनियमितताओं की वजह से सरकार के पैसों का नुकसान होने के साथ आम लोगों को इसका सीधा फायदा नहीं मिल पा रहा है। जिसको लेकर सभी संस्थाओं का नियमित ऑडिट कर समिति की प्रति 3 माह में बैठक की जाएगी।

## आज बाल आयोग की राज्य स्तरीय कार्यशाला

**भोपाल।** मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा 24 जनवरी को बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2005, किशोर न्याय अधिनियम-2012 एवं पॉक्सो अधिनियम-2015 की जागरूकता के लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। समन्वय भवन में सुबह 11 बजे आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, मंत्री निर्मला भूरिया और मध्यप्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र मोरे उपस्थित रहेंगे।

## संविदा कर्मियों को शामिल करने समिति गठित

**भोपाल।** राज्य शासन ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारी, कार्यकर्ता, संविदा कर्मियों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत निरामयम में शामिल किए जाने के संबंध में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 9 सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति के सदस्य सचिव मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुष्मान भारत निरामयम मध्यप्रदेश होंगे। समिति में अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास, अपर मुख्य सचिव वित्त विभाग आदि होंगे।

# राम नाम के 11 हजार 101 दीपों से 'दमका' मुख्यमंत्री निवास

*मध्यप्रदेश में श्रीराम के जहां-जहां चरण पड़े हैं, वहां विकसित होंगे पर्यटन स्थल: सीएम*

*भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में दीपोत्सव का आयोजन*

**हितानंद, अग्रवाल, रामेश्वर, सबनानी, पचौरी समेत भाजपा पदाधिकारी हुए शामिल**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर श्यामला हिल्स स्थित मुख्यमंत्री निवास में दीपोत्सव पर्व मनाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान राम की पूजा-अर्चना के साथ प्रतीक स्वरूप दीप जलाए। मुख्यमंत्री निवास पर 11 हजार 101 दीप जलाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूरा मुख्यमंत्री निवास दीपों की रोशनी से जगमगा उठा।

जगह-जगह रंगोली और आकर्षक साज -सज्जा की गई थी। पूरा वातावरण राममय हो गया। राम भजनों की धुन मन मोहने वाली थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फुलझड़ी जलाई और जय श्री राम के नारे भी लगाए।





### पीएम मोदी के नेतृत्व में सुशासन की स्थापना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर में भगवान राम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन ऐतिहासिक घटना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन की स्थापना की गई है। वास्तव में रामराज्य की स्थापना हुई है। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी भगवान राम के जहां- जहां चरण पड़े हैं, लीलाएं हुई हैं, उन धार्मिक स्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 'श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम' के बाद संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, हितानंद शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह, आशीष अग्रवाल, पूर्व महापौर आलोक शर्मा, सुमित पचौरी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह: भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर में रामधुन का आयोजन

*सीएम ने कहा- 500 सालों बाद देश के लोगों के लिए शुभ घड़ी आई*

# इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए अमिट बना 22.01.2024



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर में रामधुन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस मौके पर हनुमान चालीसा, रामधुन व राम रक्षास्त्रोत का पाठ किया। इस दौरान सफाई मित्रों को श्रीफल और कंबल देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज 500 सालों से अधिक समय के बाद देश और प्रदेश के लोगों के लिए शुभ घड़ी आई और अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में हुआ। इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए 22.01.2024 अमिट बन गया। हमारे पूर्वजों ने इसके लिए बड़ा संघर्ष किया है। हम सौभाग्यशाली हैं कि हम यह सब देख पा रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने जब से देश की कमान संभाली, तब से हर दिशा में देश का विकास हो रहा और भारत का दुनिया में नाम हो रहा है।

**भाजपा मीडिया सेंटर में मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री ने स्वच्छता मित्रों को किया सम्मानित**

**हनुमान चालीसा रामधुन और राम रक्षास्रोत का पाठ हुआ**



**ये हुए कार्यक्रम में शामिल**

कार्यक्रम में मंत्री विश्वास सारंग, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा, सीमा सिंह जादौन, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने हनुमान चालीसा का पाठ किया व स्वच्छता मित्रों का सम्मान किया।

### आज गौरवान्वित होने का दिनः वीडी

*भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज पूरी दुनिया के लिए ऐतिहासिक दिन है। पिछले 500 सालों में करोड़ों लोगों के संघर्ष, लंबे इतजार और लाखों लोगों के बलिदान के बाद आज प्रधानमंत्री नरेंद्र नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूरे भारत की प्रतिष्ठा हो रही है। अयोध्या में नए भारत के उदय के साथ भारत के नव निर्माण की शुरूआत आज देश के अंदर हो रही है। भारत के लिए रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का शुभ दिन लाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का हार्दिक अभिनंदन। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का दिन भारत और पूरी दुनिया के लिए गौरवान्वित होने का दिन है। 500 साल पहले जो हुआ था उसकी पीड़ा क्या हुई होगी और आज जो प्राण-प्रतिष्ठा समारोह हो रहा है उसके आनंद के क्षण को बयानों में नहीं बयां किया जा सकता है। आज भारत ही नहीं पूरी दुनिया में रहने वाले भारत के लोग हर्ष और उल्लास में हैं।*



## राज्यपाल पटेल ने देखा अयोध्या राम मंदिर का सीधा प्रसारण

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सीधे प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन राजभवन परिसर स्थित मंदिर प्रांगण में किया गया था।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डीपी आहूजा, राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी और राजभवन परिसर के निवासी उपस्थित थे। समारोह के प्रसारण के पूर्व राज्यपाल पटेल राजभवन मंदिर पहुंचे। विधि विधान के साथ पूजन-अर्चन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कन्या पूजन किया।

**बच्चों को प्रसाद बांटा**

पटेल ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण का अवलोकन किया। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम उपरांत बच्चों को प्रसाद का वितरण किया।

## आप के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सहित कई नेताओं ने थामा भाजपा का दामन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही प्रदेश में सियासी सरगर्मी तेज हो चुकी है। चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। आप के बड़े पदाधिकारियों ने भाजपा का दामन थाम लिया है। इसमें आप के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश मिरी, यूथ विंग के प्रदेशाध्यक्ष रहे रविंद सिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रहे कमलकांत साहू, प्रदेश सचिव रहे विशाल केलकर शामिल है।

# छह लोगों ने मिलकर कर दी नाबालिग की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

गाड़ी बैक करने की बात को लेकर रविवार की रात को शारदा पारा कैंप-दो में विवाद हुआ, जिसके बाद कुछ बदमाशों ने एक नाबालिग की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। शुरुआत में हुए विवाद का पटाक्षेप हो चुका था, लेकिन आरोपी रात में फिर से वहां पहुंचा और नाबालिग को अकेला पाकर उसकी हत्या कर दी। घटना की जानकारी लगने के बाद छावनी पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिसमें एक नाबालिग भी शामिल है। सभी आरोपियों के खिलाफ बलवा और हत्या की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि साहू लकड़ी टाल के पास संजय टेंट हाउस नाम की दुकान है। टेंट हाउस का संचालक संतोष साव अपने परिवार के सदस्य करन साव, शिवम साव और नौकर गज्जू निर्मलकर के साथ टाटा एस मालवाहक से टेंट का सामान उतार रहे थे। बैक करते समय गाड़ी आरोपियों की बाइक से टकरा गई। विवाद हुआ। आरोपी वहां से चले गए। आरोपी रात में दुकान पहुंचे और संतोष साव को चाकू मारने की कोशिश की तो नौकर गज्जू ने बीच-बचाव किया। आरोपी भाग गए। कुछ देर बाद वे फिर पहुंचे और शिवम साव (17) की चाकू मार कर हत्या कर दी।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आया युवक, मौत

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में लाखे नगर इलाके में करंट की चपेट में आने से कारोबारी लक्ष्मण सोनकर (40) की मौत हो गई। कारोबारी अपनी पत्नी के साथ दोपहर को छत पर झंडा लगा रहे थे। इसी दौरान झंडे का पाइप हाईटेंशन से टकरा गया। कारोबारी की पत्नी गंभीर रूप से घायल है।

**राज्य शासन ने एक दर्जन सीनियर आईएएस अफसरों के तबादले किए**

# राजौरा को जलसंसाधन, परिवहन समेत नर्मदा घाटी विकास, दीपाली को सहकारिता का जिम्मा, रोशन कुमार सिंह जनसंपर्क संचालक बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने सोमवार देर रात एक दर्जन सीनियर आईएएस अफसर के तबादले के आदेश जारी किए हैं। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश कुमार राजौरा को अपर मुख्य सचिव जल संसाधन विभाग तथा परिवहन विभाग अतिरिक्त प्रभार के साथ ही उपाध्यक्ष नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण एवं प्रमुख सचिव नर्मदा घाटी विकास विभाग तथा संचालक नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट कंपनी लिमिटेड का प्रभार सौंपा गया है।

अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा को कृषि उत्पादन आयुक्त भोपाल तथा अपर मुख्य सचिव जनजातीय कार्य विभाग व अपर मुख्य सचिव अनुसूचित जाति कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अपर मुख्य सचिव वित्त विभाग अजीत कुमार केसरी को वित्त से हटाकर संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं विकास संस्थान भोपाल तथा अपर मुख्य सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य विभाग तथा अपर मुख्य सचिव पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग समेत विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जनजाति विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।







### संजय दुबे को प्रमुख सचिव गृह विभाग बनाया

*राज्य शासन ने ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव संजय दुबे को प्रमुख सचिव गृह विभाग तथा प्रमुख सचिव ऊर्जा विभाग तथा नवीन नवकरणीय ऊर्जा विभाग के साथ ही विकअ सह आयुक्त नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा अतिरिक्त प्रभार प्रदान किया है। इसी तरह दीपाली रास्तों की को वाणिज्यिक कर विभाग से हटकर प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग तथा प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जबकि अमित राठौर को वाणिज्यक कर विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। राठौर अभी तक ग्वालियर में राजस्व मंडल के प्रशासकीय सदस्य के पद पर पदस्थ थे। इधर, राज्य शासन ने जनसंपर्क संचालक आईपीएस अफसर आशुतोष प्रताप सिंह की सेवाएं पुलिस विभाग को वापस कर दी है। उन्हें पुलिस मुख्यालय में डीआईजी बनाया गया है। कुछ समय पहले ही उन्हें डीआईजी के पद पर पदोन्नति किया गया था।*

### फ्रैंक नोबल ए को स्मार्ट सिटी के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार

*राज्य शासन ने स्मार्ट सिटी भोपाल के सीईओ रोशन कुमार सिंह को जनसंपर्क विभाग में संचालक बनाया है। गुंजा सनोवर को अपर आयुक्त भू अभिलेख एवं बंदोबस्त ग्वालियर, शीला दाहिमा को उप सचिव सहकारिता विभाग, प्रताप नारायण यादव को प्रबंध संचालक राज्य नागरिक आपूर्ति निगम भोपाल बनाया गया है। अजीत केसरी के पदभार ग्रहण करने पर अपर मुख्य सचिव पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा अपर मुख्य सचिव विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जनजाति विभाग एसीएस अशोक वर्णवाल अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे। आयुक्त नगर निगम भोपाल फ्रैंक नोबल ए को स्मार्ट सिटी भोपाल के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।*

### मनीष सिंह को वित्त विभाग का प्रमुख सचिव बनाया

*राज्य शासन ने जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह को वित्त विभाग का प्रमुख सचिव बनाया है। इसके साथ ही साथ तरुण कुमार पिथोड़े को संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा एमडी राज्य भंडार गृह निगम भोपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।*

## दुष्कर्म के बाद प्रेमिका की हत्या, पानी में जहर मिलाकर पिलाया

**रायपुर।** छग राजधानी रायपुर से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक प्रेमी ने दुष्कर्म के बाद अपनी प्रेमिका को जहर पिलाकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी राहुल संघोडे को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला राखी थाना क्षेत्र का है। राखी थाना प्रभारी सत्येंद्र श्याम ने बताया कि रायपुर के सारथी चौक लाखे नगर का रहने वाला राहुल संगोडे से पीड़िता का प्रेम संबंध था। शादी का प्रलोभन देकर वह मुक्तांगन नया रायपुर घुमाने कई बार ले गया और दुष्कर्म किया। तीन जनवरी को आरोपी ने शादी की बात करने बहाने युवती को साइंस कॉलेज मैदान में बुलाया। यहां पर दोनों के बीच वाद-विवाद हो गया। इस दौरान आरोपी ने उसे पानी में कुछ मिलाकर पीने को दिया। पीड़िता अपने घर आई तो उसकी तबीयत खराब होने पर जगन्नाथ अस्पताल महादेव रायपुर में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट में युवती की मौत जहर के सेवन करने से होने की पुष्टि हुई। घटना के बाद से ही आरोपी फरार था। इसी बीच पुलिस को पता चला कि आरोपी राहुल संगोडे सीजेएम न्यायालय रायपुर में समर्पण करने वाला है। पुलिस ने आरोपी को पकड़। आरोपी ने घटना करना स्वीकार किया। उसे जेल भेज दिया गया।

## सेंट्रल जेल में मनाया गया पराक्रम दिवस

## कलेक्टर-एसपी ने किया नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण

# तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा के उद्घोषक को किया नमन






जबलपुर। तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा, के उद्घोषक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर सेंट्रल जेल जबलपुर में पराक्रम दिवस के तहत साहित्यक-सांस्कृतिक एवं खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिता का समापन 23 जनवरी मंगलवार को हुआ। जेल प्रबंधन ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की स्मृतियों को सहेजकर संग्रहालय बनाया है, जिसकी जीवंत झांकी सहित चित्र आधारित प्रदर्शनी को भी आमजनों के लिए निःशुल्क खोला गया।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जंयती पर कलेक्टर दीपक सक्सेना, एसपी आदित्य प्रताप सिंह ने नेताजी की शयन पट्टिका पर पुष्पांजली करते हुए, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस वार्ड का अवलोकन कर नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर, जेलर मदन कमलेश सहित जेल के अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर ने ईएमएस को बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जबलपुर से गहरा नाता रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेज सरकार ने उन्हें इसी जेल में कैद कर रखा था। वर्ष 1818 में बने इस जेल को आजादी के बाद इसका नाम नेताजी के ही नाम पर कर दिया गया था। जेल की बैरक में नेताजी से जुड़ी सामग्री आज भी सुरक्षित रखी गई हैं। नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 में हुआ था। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान नेताजी को 2 बार इस जेल में कैद किया गया था, वे इस कारागार में अध्ययन करते थे।

### लोकनृत्य राई एवं गेंडी नृत्य की प्रस्तुति

पुरूष एवं महिला बंदियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अतिसुन्दर प्रस्तुति, योगा, लोकनृत्य राई एवं गेंडी नृत्य की भी प्रस्तुतियां बंदियों द्वारा दी गईं। कार्यक्रम के अंत में क्रीडा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बंदियों को पुरस्कार, प्रशंसा पत्र वितरित किए गए। इस असवर पर जेल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी को भी प्रशंसा पत्र भी वितरित किए गए।

### बंदियों को मिला लजीज भोजन

नेताजी की जन्म जयंती पर जेल में बंद सभी 2500 से अधिक कैदी, बंदियों को लजीज भोजन जेल प्रबंधन द्वारा कराया गया है। खाने में पूरी, सब्जी, पुलाव, खीर, मिठाई के साथ सुबह नाश्ते में पोहा जलेबी, समोसा दिया गया।

### कांग्रेस ने भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर किया माल्यार्पण

**जबलपुर।** तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा के उद्घोषक आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती पर शहर में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये।नगर कांग्रेस कमेटी की संगोष्ठी-शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वी जयंती के मुख्य आयोजन उनकी प्रतिमा स्थल श्रीनाथ की तलैया प्रांगण में कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष जगत बहादुर अन्नू की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम माल्यार्पण किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर प्रकाश डालते हुए कहा जबलपुर की इस केंद्रीय जेल में सुभाष बाबू 1931 और 1933 में बंदी बनाए गए थे उस कालकोठरी को हर नागरिक देख देख सकेगा नेताजी को पहनाई गई हथकड़ियां गिरफ्तारी के वक्त में पहनी गई उनकी वर्दी अन्य वस्तुएं नई पीढ़ी को देशभक्ति के लिए प्रेरित करेगी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की स्मृति को सजाए रखना प्रत्येक भारत के कांग्रेस जनों को संकल्प लेना होगा. इस दौरान राकेश विश्वकर्मा (रम्बल) अयोध्या तिवारी, मनोज सेठ, चमन पासी, विजय तिवारी, टीकाराम कोष्टा, आशा रानी श्रीवास, कमलेश यादव, पूनम कोरी, रविंद्र गौतम, पंकज शुक्ला, आदि मौजूद थे।

#### युवा क्रांति के प्रतीक थे : जायसवाल

जदयू प्रदेश कार्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जदयू प्रदेश अध्यक्ष सूरज जायसवाल ने कहा कि देश की आजादी के लिए नरम खून और गर्म खून दोनों ने अहम भूमिका निभाई थी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज से खौफ खाकर अंग्रेजों ने तय कर लिया था कि अब उनका हिंदुस्तान में हुकूमत खत्म करने का वक्त आ गया है वे इस बात से भयभीत थे कि अगर सुभाष चंद्र बोस के नारे तो मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा प्रभावित होकर देश में नौजवानों में जो उग्र आंदोलन का स्वरूप बन रहा है उससे अंग्रेजों का भारत में रहना संभव नहीं होगा द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान आजाद हिंद फौज ने अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध किया उससे अंग्रेज बुरी तरह भयभीत थे आज जिस प्रकार से देश में संविधान के साथ खिलवाड़ करते हुए शासन किया जा रहा है ऐसा प्रतीत होता है की फिर देश में एक युवा क्रांति की आवश्यकता है। इस अवसर पर जदयू के भोपाल जिला अध्यक्ष सैयद नम उर रहमान आलोक कुमार मिश्बा उल हसन अनीश भाई निलेश सिंह मोहन पूजा पेंद्रो आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े की याचिकाओं पर सुनवाई के लिए नई बेंच गठित की जाएगी

**जबलपुर।**

नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के लिए नई बेंच गठित की जाएगी। दरअसल, मंगलवार को मामले पर चीफ जस्टिस रवि मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई हुई। राज्य शासन व नर्सिंग काउंसिल की ओर से आवेदन पेश कर जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी की परीक्षाओं के रिजल्ट जारी करने की अनुमति कोर्ट से मांगी। वहीं दूसरी ओर याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि सीबीआई के द्वारा जो रिपोर्ट पेश की गई है वह मध्य प्रदेश के सिर्फ 308 कॉलेज के संबंध में है, जबकि अभी भी 396 नर्सिंग कॉलेज ऐसे हैं जिनकी जांच नहीं की गई है। गौरतलब है कि लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की जनहित याचिका के साथ लगभग 50 मामलों की एक साथ सुनवाई हो रही है। सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच के सदस्य जस्टिस विशाल मिश्रा ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया। इसके बाद शाम को जस्टिस शील लागू एवं जस्टिस विनय सराफ खंडपीठ के समक्ष सुनाई हुई। कुछ देर सुनवाई के बाद जस्टिस शील नागू ने स्वयं को सुनवाई से अलग कर लिया। कोर्ट ने पक्षकारों को आश्वासन दिया की जल्द ही नई बेंच गठित की जाएगी।

# हाईकोर्ट ने जेएनकेविवि में अतिथि विद्वानों की भर्ती पर मांगा जवाब



**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में अतिथि विद्वानों की भर्ती पर जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में रजिस्ट्रार व डीन सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं। मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी आरती त्रिपाठी, उमेश प्रसाद वर्मा, संदीप अवस्थी, सुभाष गौतम, नंद प्रकाश गुप्ता, मोहम्मद वासिक हुसैन की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि इससे पूर्व धवल गुप्ता स्वेजल खेमरिया की याचिका पर सुनवाई के बाद हाई कोर्ट अंतरिम आदेश के जरिये जेएनकेवि में अतिथि विद्वानों की भर्ती को विचाराधीन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर चुका है। दरअसल, जेएनकेवि में अतिथि विद्वानों की भर्ती के लिए चार जनवरी, 2024 को नया विज्ञापन जारी किया गया है। याचिकाकर्ता पूर्व से संविदा आधार पर अतिथि विद्वान बतौर सेवाएं देते चले आ रहे हैं। उनकी नियुक्ति विधि की प्रक्रिया के अनुसार संविदा कर्मचारियों के रूप में हुई थी, जो निरंतर है। इसके बावजूद जेएनकेवि द्वारा स्थायी अतिथि विद्वानों की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाल दिया। बहस के दौरान जोर देकर कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित न्यायिक सिद्धांत के अनुसार स्थायी नियुक्तियों को अस्थायी नियुक्तियों से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता। इस दृष्टि से याचिकाकर्ताओं की संविदा नियुक्ति नियमित किए जाो तक निरंतर की जानी चाहिए। नया विज्ञावन अवैध है। ऐसा इसलिए क्योंकि तदर्भ नियुक्ति को तदर्थ नियुक्ति द्वारा पृथक नहीं किया जा रहा है।

## हाई कोर्ट ने पीएचडी प्रकरण लटकाने पर जेएनके-विवि से मांगा जवाब

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा पीएचडी का प्रकरण लटकाए जाने के रवैये को चुनौती संबंधी मामले में जवाब-तलब कर लिया है। राज्य शासन, कृषि विभाग, निदेशक कृषि कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार एवं डायरेक्टर इंस्ट्रक्शंस जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय को नोटिस जारी किए गए हैं। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी इशिता राजपूत की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा, अंजना श्रीवास्तव व अभिमन्यु सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता स्नातकोत्तर उपाधि के बाद रूरल एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आफिसर के पद पर चयनित की गई। चयन से पूर्व वह फुड साइंस विषय में पीएचडी कर रही थी। तीन सेमेस्टर हो चुके थे। केवल रिसर्च वर्क बाकी था। जब वह फोर्थ सेमेस्टर का अध्ययन कर रही थी, तब पनागर में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के आदेश से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के पद पर ज्वाइनिंग दी। उसके बाद अध्ययन जारी रखने के लिए साधारण अवकाश का आवेदन दिया। इसके बावजूद मनमाने तरीके से उसकी पीएचडी लटकाने की मंशा से आवेदन को अटका कर रखा गया है।

# रजिया-बी अब बन गई नंदनी

## मुस्लिम युवती ने अपनाया सनातन धर्म, बोली जब रामलला लौट आए तो मैं भी अपने घर लौटी

**जबलपुर।**



गोहलपुर क्षेत्र में रहने वाली युवती रजिया बी ने मंगलवार को विधि विधान से सनातन धर्म अपना लिया है। अब उन्हे नंदनी नाम से जाना जाएगा। आज सदर स्थित प्रसिद्ध प्राचीन हनुमान मंदिर देवालय पूजन-अर्चन की है। इस मौके पर धर्मसेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गोहलपुर क्षेत्र में रहने वाली मुस्लिम युवती रजिया बी उर्फ नंदिनी ने चर्चा करते हुए कहा कि सनातन धर्म में में मेरा बचपन से ही रुझान था। अयोध्या में स्थापित रामलला से प्रेरित होकर ही उसने सनातन धर्म को अपनाया है। जब भगवान राम अपने घर लौट आए तो वह भी अपने घर में लौट रही है. रजिया बी का कहना है कि सनातन धर्म में महिलाओं की इज्जत है, उन्हे पूरा सम्मान मिलता है। उन्होने यह भी कहा कि पति शेरा शहनवाज को सनातन धर्म अपनाने से कोई आपत्ति नहीं है। यहां तक कि उनके परिवार ने भी रजिया बी के सनातन धर्म अपनाए जाने पर कोई आपत्ति नहीं की है। आज रजिया बी ने सदर स्थित प्रसिद्ध प्राचीन हनुमान मंदिर देवालय में धर्म सेना के माध्यम से सनातन धर्म को अपनाया है. मंदिर के पुजारी पंडित अमित शर्मा द्वारा धर्म सेनिको की उपस्थिति में राजिया का विधि विधान से पूजा पाठ व शुद्धिकरण कर नंदिनी नामकरण किया गया इस अवसर पर धर्मसेना के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, लता सिंह ठाकुर, नीरज राजपूत, राजेंद्र श्रीवास,जगदीश दुबे, अनिल दुबे, दिलीप सिंह, रविता विश्वकर्मा, नेहा उपस्थित रहे।

### दिनों में 19 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**जबलपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं 24 जनवरी को 12 एवं 25 जनवरी को जिले की 7 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगी। इस दौरान यह यात्रा केंद्र शासन की विभिन्न योजनाओं से ग्रामवासियों को लाभान्वित करेगी तथा अन्य नवाचारी पहलों से देश में हो रहे विकास कार्यों का प्रत्येक गांव में प्रचार करेगी।जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत जबलपुर में 24 जनवरी को ग्राम पंचायत बम्हनी बरेला और रिछाई एवं 25 जनवरी को महगवां परतला और सिहोरा, जनपद पंचायत मझौली में 24 जनवरी को ग्राम पंचायत धनगवां और महगवां एवं 25 जनवरी को डुंडी और खलरी, जनपद पंचायत पाटन में 24 जनवरी को ग्राम पंचायत मेंढी, झामर और 1, बड़खेरा (गंगई) और गंगई का भ्रमण करेगी।

# सुपर मार्केट के सामने डिवाईडर से टकराकर कार पलटी, 4 घायल



**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत सुपरमार्केट के पास सोमवार की देर रात एक कार रोड डिवाईडर से टकराकर पलट गई। इस घटना से वहां अफरा तफरी मच गई। सोमवार की रात को जश्न का माहौल था और यहां पर भी काफी भीड़भाड़ थी। यह तो सौभाग्य था कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई और बड़ा हादसा टल गया। इस हादसे में कार में सवार चार लोग घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रात एक कार क्रमांक एमपी 20 सीके 9502 रोड डिवाईडर से टकराई फिर सड़क पर पलट गई। देर रात करीब 1 बजे के आसपास यह हादसा हुआ। भीड़भाड़ थी जिससे अफरा तफरी मच गई और जाम लग गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तब तक राहगीरों द्वारा घायलों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मौके पर क्रेन को बुलवाकर सड़क से गाड़ी को हटवाया। लॉर्डगंज पुलिस नें प्रकरण दर्ज कर मामले की जाँच कर रही हैं।

# फर्जी दस्तावेज न्यायाधीश को डाक से भेजने के मामले में दो आरोपियों को सशर्त जमानत

**जबलपुर।**

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने फर्जी दस्तावेज बनाकर न्यायाधीश को डाक के माध्यम से भेजने के मामले में दो आरोपियों को सशर्त जमानत दे दी। हालांकि कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि निस्संदेह, आवेदकों द्वारा किया गया कृत्य वास्तव में गंभीर और अक्षम्य है। जस्टिस डीके पालीवाल की एकलपीठ ने कहा कि मुख्य आरोपी की मृत्यु हो चुकी है। वर्तमान आवेदकों का यह पहला अपराध है और वे पिछले 15 माह से जेल में बंद है, इसलिए कुछ शर्तों के साथ जमानत दी जा रही है।

कोर्ट ने कहा कि आरोपी जमानत पर रहते हुए समान अपराध नहीं करेंगे। यदि आरोपी जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर या प्रदेश की किसी भी अदालत परिसर में कोई अपराध करते हैं, तो जमानत स्वतः ही समाप्त हो जाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि अदालत परिसर में कोई वादी, गवाह, न्यायाधीश या रजिस्ट्री का कोई अधिकारी आरोपियों के खिलाफ आपराधिक गतिविधियों के संबंध में कोई शिकायत करते हैं, तो भी जमानत स्वतः निरस्त हो जाएगी। अभियोजन की ओर से बताया गया कि आरोपी राजा उर्फ राजवन चौधरी और अधिवक्ता ओंकार पटेल ने मुख्य आरोपी स्व अनुराग साहू व अन्य के साथ मिलकर न्यायाधीश को बदनाम करने और न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के इरादे से जाली दस्तावेज तैयार कर जज के नाम पोस्ट किया। आरोपियों ने मनगढ़ंत दस्तावेज तैयार कर शिकायतकर्ता के नाम पर हस्ताक्षर किए औरजज के नाम पोस्ट कर दिया। सीसीटीवी फुटेज भी यह आरोप साबित हो गए हैं। वहीं आरोपियों की ओर से अधिवक्ता रवीन्द्र कुमार गुप्ता ने दलील दी कि मुख्य आरोपी की मृत्यु हो चुकी है। मामले के एक अन्य आरोपी को पूर्व में हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है, ट्रायल में अभी समय लगेगा, इसलिए जमानत दी जाए। सुनवाई के बाद कोर्ट ने जमानत मंजूर करते हुए दोनों आरोपियों को ट्रायल कोर्ट में प्रत्येक निर्धारित तारीख पर उपस्थिति के निर्देश दिए। शासन की ओर शासकीय अधिवक्ता गीतेश सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा।

## गृह जिले में एसआई की पदस्थापना से पुलिस महकमा में असंतोष

# आखिर किसकी शह पर हो गई वापसी!

**जबलपुर।**

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान गृह जिले में पदस्थ 29 पुलिस अधिकारी जबलपुर से स्थानांतरित किए गए थे, उनमें से कुछ ऐसे भी शामिल हैं जो सेवानिवृत्ति के करीब हैं। चुनाव हो जाने के बाद वापस पदस्थापना के लिए आवेदन भी लगाई, लेकिन लोकसभा चुनाव का हवाला देकर उनके आवेदन ठंडे बस्ते में डाल दिए। इस बीच एसपी ऑफिस में वर्ष 1995 से लगातार स्टेनो शाखा में पदस्थ रही उप निरीक्षक सीमा इंगोले की मंगलवार को वापस जबलपुर में पदस्थापना के आदेश जारी कर दिए गए। उन्हें जिला स्पेशल ब्रांच में पदस्थ कर दिया गया, जबकि उनका गृह जिला जबलपुर है।

### इन पर क्यों नहीं दिखाई मानवीय संवेदना-

इस तबादला को लेकर पुलिस महकमे में असंतोष व्याप्त हैं। कहा जा रहा हैं कि कुछ ऐसे अधिकारी है जिनके रिटायरमेंट को 6 महीनें या साल भर बचे है उनके परिवार में बुजुर्गों के परवरिश की समस्या भी खड़ी है और ऐसे लोगों के आवेदन पर मानवीय संवेदना नहीं दिखाई गई।



### वरिष्ठ अधिकारी का वरदहस्त प्राप्त

सूत्रों के मुताबिक बताया जाता हैं कि उप निरीक्षक सीमा इंगोले को जिले में पदस्थ एक वरिष्ठ अधिकारी का वरदहस्त प्राप्त है जिनकी राजनीतिक रसूख की वजह से यह तबादला आदेश जारी हो गया। गौरतलब हैं कि अंगद की तर्ज पर सीमा 29 वर्षो से स्टेनों शाखा में पदस्थ थी और अभी भी वापस एसपी ऑफिस के स्टेनो शाखा की जुगत में जुटी है।

### न्यायालय जाने की चर्चा सरगर्म

तबादला आदेश जारी होने के बाद विभागीय अधिकारियों के प्रति निचले कर्मचारियों में आक्रोश पनपने लगा है। चर्चा तो यह भी है कि उक्त आदेश के खिलाफ न्यायालय की शरण ली जा सकती है। अब देखना यह हैं कि विभागीय अधिकारी इस असंतोष को कैसे मैनेज करते है।

## घर-प्रतिष्ठानों में जले घी के दीपक

**श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा**

# भव्य आतिशबाजी से गूंजा आकाश दर्जनों स्थानों पर चले भंडारे







**सिहोरा।** लम्बे इंतजार के बाद आज जब अयोध्या में सभी के आराध्य भगवान श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो रामभक्तों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा सभी महिला पुरुषों बच्चों के चेहरे पर भगवान की स्थापना की खुशी स्पष्ट देखी जा रही थी। हनुमान जयंती की तरह सोमवार को भी सभी मंदिरों के साथ चौक चौराहों में दिनभर भंडारे चलते रहे एंव शाम को भव्य एंव आकर्षक आतिशबाजी से आकाश गुंजायमान हो गया। सोमवार को शाम को करीब करीब सभी घरों प्रतिष्ठानों में लोगों ने घी के दीपक जलाकर भगवान की आरती की।

### जगह जगह भंडारे का आयोजन

अयोध्या में भगवान श्रीराम के पुनः अपने घर आने की खुशी में नगर पालिका रोड पर, पुराना बस स्टेंड,गौरी तिराहा, नया बस स्टेंड, आजाद चौक, झंड़ा बाजार, कालभैरव चौक,मैना कुंआ, नृसिंह मंदिर खितौला सहित अनेक स्थानों पर विशाल भंडारे आयोजित किए गये जो दिनभर चलते रहे।इसी तरह नगर के सभी हनुमान मंदिरो में आकर्षक रोशनी के साथ फूलों से सजावट की गई थी।

### घी के दीपक जलाकर मनाई दीपावली

दीपावली की तरह सोमवार को फिर एक बार राम मंदिर के उदघाटन के अवसर पर सभी घरों में घी के दीपक जलाकर बच्चों ने भव्य आतिशबाजी की तथा अपने घरों में भगवा झंडा लगाकर खुशी प्रगट की। इसी तरह सीएम राइस पंडित विष्णु दत्त स्कूल के बच्चों द्वारा प्राचार्य अशोक उपाध्याय तथा स्टाफ के मार्गदर्शन में तीन हजार दीपक जलाने के साथ रंगोली भी सजाई।

### भगवान राम की भव्य शोभायात्रा निकली

शिव मंदिर बाबाताल से श्रीराम युवा सेना द्वारा वाहन में श्रीराम सीता लक्ष्मण हनुमान जी की प्रतिमा रखकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो पुराना बस स्टेंड, स्टेड बैंक तिराहा, झंडा बाजार, कालभैरव चौक, हरदौल मंदिर से होकर निकली। शोभायात्रा में हजारों भक्तों ने हिस्सा लिया पूरे मार्ग में जय जय श्रीराम के नारे लगते रहे और उत्साही युवक डीजे की धुन पर नाचते रहे। यात्रा में भगवा ध्वज ही नजर आ रहे।

### सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन

स्व सेवा संयोजन समिति एवं बाबाताल महिला रामायण मंडल द्वारा भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शिव मंदिर बाबाताल में श्रृंखला बद्ध सुंदरकांड एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें पूजा चौबे ने श्रीराम की झांकी स्वाति परौहा, अंशी मिश्रा के द्वारा सुंदर फूलों की रंगोली एवं दीपोत्सव की साज सज्जा की गई। इस अवसर पर सुषमा सिंह कर्चुली, अंजली पांडे, सारिका साहू, पार्षद बेबी विनय पाल, पार्षद कल्पना पांडे, सीमा मिश्रा, सुनीता पांडे, दीपा उरमलिया, मनोरमा पांडे, पुष्पा तिवारी, निशा पटेल, अनीता खरे आदि उपस्थित थी।

### खितौला में 5101 दीपों का हुआ प्रज्जवलन

राधा कृष्ण मंदिर खितौला में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मंदिर समिति एवं खितौला वासियों ने मिलकर 5101 दीपों का एक साथ प्रज्जवलन कर भगवान श्री राम के स्वागत में पलक पांवड़े बिछाए। शाम 6:00 बजते ही जैसे ही हजारों दीपक एक साथ जगमग हुए वैसे ही नगर वासी श्रद्धा भाव से भारी संख्या में जुड़ते गए और सभी ने ढोल मंजीरा के साथ भगवान राम के स्वागत में नृत्य किया, दीप जलाए और खुशियां एक साथ बांटी एंव सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार नायक, नवदीप शुक्ला, नवीन शुक्ला, मदन उरमलिया, नरेंद्र त्रिपाठी, वैभव पांडे, अशोक अवस्थी आदि का सहयोग रहा।

## इतवारी एक्सप्रेस के स्टापेज के लिये लोक निर्माण मंत्री को नपा अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के नगर आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे ने रेल सुविधाओं में विस्तार की मांग का ज्ञापन सौंपकर रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन का सिहोरा में स्टॉपेज दिए जाने की मांग की। विदित हो सिहोरा नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों द्वारा रेल मंत्रालय द्वारा संचालित रीवा-इतवारी ट्रेन का स्टापेज सिहोरा में किये जाने की मॉग काफी समय से की जा रही है। नागपुर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यापार के लिये उपयुक्त स्थान है। इस रूट से संचालित ट्रेन में समय भी कम लगता है जिसके कारण से इलाज कराने वाले लोगों एवं व्यापारियों द्वारा इसका स्टापेज सिहोरा में किये जाने की माँग लंबे समय से की जा रही है। लेकिन रेलवे प्रशासन द्वारा सिहोरा रेलवे स्टेशन की उपेक्षा करते हुए सिहोरा से छोटे स्टेशनों में ट्रेन का ठहराव दिया गया। मंत्री जी उपस्थितों को आस्वस्त करते हुए कहा कि मैंने संसदीय कार्यकाल के दौरान रेलवे प्रशासन को सिहोरा रोड स्टेशन में इतवारी एक्सप्रेस के स्टॉपेज हेतु अवगत कराया था। मैं पुनः चर्चा करूंगा। इस दौरान पूर्व विधायक दिलीप दुबे, जिला अध्यक्ष ग्रामीण रानू तिवारी, अंजना सराफ, अनुपम सराफ, राजेश दाहिया, अंकित तिवारी, राजा ठाकुर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं अप डाउनर्सन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता समुदाय तरुणाई के पर्याय विवेकानंद के दर्शन से ग्रहण करें ऊर्जा

- हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार के सभागार में न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी ने किया प्रेरित
- अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद का अयोजन, सुनने उमड़े अधिवक्ता

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी ने कहा कि अधिवक्ता समुदाय तरुणाई के प्रतीक स्वामी विवेकानंद के दर्शन से ऊर्जा ग्रहण कर न केवल व्यावसायिक सफलता के प्रतिमान दर्ज कर सकता है बल्कि व्यक्तित्व विकास भी कर सकता है। वे हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के सभागार में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के तत्वावधान में 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युवा अधिवक्ताओं की भूमिका व अपेक्षाएं' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने अधिवक्ता समुदायर को वकालत के क्षेत्र में अनिवार्य नीतिशास्त्र से अवगत कराया। यह नीतिशास्त्र स्वामी विवेकानंद के साहित्य में किस कदर समाया हुआ है, इसकी महत्वपूर्ण जानकारी दी। एक वकील कैसे न केवल अपने पक्षकार के भरोसे की कसौटी पर खरा उतर सकता है और अपना नाम बड़ा कर सकता है, इस सिलसिले में मोटिवेशनल लेक्चर प्रभावी रहा। सभी ने स्वामी विवेकानंद को इसी तरह स्मरण करते रहने का संकल्प लिया।

अधिवक्ता परिषद की हाई कोर्ट इकाई के इस आयोजन में वरिष्ठ अधिवक्ता अतुलानंद अवस्थी, अनिल खरे, उप महान्यायवादी, भारत सरकार पुष्पेंद्र यादव, अतिरिक्त महाधिवक्ता जान्हवी पंडित विशिष्ट आतिथ्य रहे। व्याख्यान संपन्न हुआ। अधिवक्ता परिषद के हरीश अग्निहोत्री द्वारा अधिवक्ता परिषद के इतिहास व कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता सौम्या दीक्षित, अभिमन्यु सिंह ने किया। जबकि आभार प्रदर्शन अधिवक्ता आरती द्विवेदी ने किया।

### शराब तस्करी में फंसाने की धमकी दे रही पुलिस

**जबलपुर।** बेलखेड़ा निवासी नेकसिंह ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते समय आरोप लगाया है कि बेलखेड़ा पुलिस उसे बिना किसी कारण के परेशान कर रही है। थाने के चार पुलिस कर्मियों पर आये दिन पैसों की मांग किए जाने और नहीं देने पर शराब तस्करी के मामलें में फंसाने की धमकी दी जा रही है। इस पर पुलिस अधीक्षक को एक लिखित शिकायत दी गई है।

## विशाल शोभायात्रा का आयोजन

*जबलपुर। सार्वजनिक दुर्गोउत्सव रामलीला समिति सगड़ा के तत्वावधान में रामलला सरकार की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा का श्रीगणेश ग्राम सगड़ा झपनी से हुआ एवं ग्राम रोसरा, घाना, कैलवास, देवरी, छत्तरपुर, सिलुआ टेक, रमपुरी, सिलुआ, सिलुआ तिराहा, पडरिया, अंकिता विहार कालोनी, टी एफ आर आई कालोनी, गौर तिराहा व सालीवाडा ग्राम का भ्रमण कर ग्राम सगड़ा झपनी में समापन हुआ।*

## माँ खेरापति हनुमान मंदिर में भंडारा

*जबलपुर। श्री राम जन्म भूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर माँ खेरापति हनुमान मंदिर कछियाना में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था जिसका शुभारंभ बृम्हचारी चैतन्यानंद जी ने हनुमान जी को भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में आशीष चौकसे, अरूण उसरेठे, बल्लू गुप्ता, मनीष दीक्षित संजय पटेल, शेखर, तिलक, मनीष, पप्पू मणि, गुड्डू साहू, सचिनछोटू, अमित, प्रशांत, जयंत, भूषण एवं क्षेत्रीय नागरिकों का विशेष सहयोग रहा।*



## बैंक में कर्मचारी नहीं होने से परेशान ग्रामीण

**चौरई कला।** भारतीय स्टेट बैंक चौरई कला में शाखा प्रबंधक कई सालों से नहीं है। ग्रामवासियों ने बताया कि विगत 3 सालों से अभी तक लोगों के बैंक संबंधी काम अटके पड़े हैं। बैंक में कर्मचारियों की कमी के कारण शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्राम के नागरिकों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम के लोगों के विभिन्न प्रकार के लोन संबंधित काम अटके पड़े हैं।

### 6 किलो गांजा, 3 मोबाइल जब्त

# गांजा डिलेवर करने के पहले पकड़े गए तस्कर

**जबलपुर।** हनुमानताल पुलिस ने प्रेमसागर में काली माता मंदिर के पास रोड में मादक पदार्थ गांजे की तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6 किलो गांजा, 3 मोबाइल और 900 रुपए जब्त किए है। हनुमानताल थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि प्रेमसागर झंडा चौक हनुमानताल निवासी 32 वर्षीय विकास उर्फ विक्की वंशकार और पुलिस चौकी के पीछे दूधनाथ की डेरी के पास हनुमानताल निवासी 22 वर्षीय रितिक ठाकुर गत दिवस प्रेऽमसागर में गिरधारी गुप्ता के प्लाट ऊपर काली माता मंदिर के पास रोड में गांजे की बड़ी खेप डिलेवरी करने के लिये खड़े होकर ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने विकास उर्फ विक्की वंशकार एवं रितिक ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। तलाशी लेने पर विकास उर्फ विक्की से गांजा के चार पैकेट, एक रियलमी कम्पनी का टच स्क्रीन मोबाइल, सेमसंग कंपनी का कीपेड मोबाइल तथा 500 रूपये रखे मिले। इसी प्रकार रितिक ठाकुर की तलाशी लेने पर गांजे के 2 बंडल, एक टच स्क्रीन मोबाइल रेडमी कम्पनी और 400 रूपये रखे मिले। जब्त गांजे की कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार रूपये बताई गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से 6 किलो गांजा, 3 मोबाइल एवं नगद 900 रूपये जब्त कर दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## कार की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक घायल

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत सूखा नहर के पास पाटन रोड पर एक कार ने एक एक्टिवा को सामने से टक्कर मार दी, जिसमें सवार एक युवक बाल-बाल बच गया वहीं दूसरे युवक के हाथ, पैर व होंठ पर चोटें आ गई, और कार चालक वहां से अपनी कार लेकर भाग गया। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोहरोड बड़ा पीपल गोहलपुर निवासी 45 वर्षीय प्रभात कुमार गुप्ता अपनी एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 यूए 4377 में अपने दोस्त राजकुमार को बैठाकर तेंदुखेड़ा से जबलपुर आ रहा था, जैसे ही शाम लगभग 7 बजे सूखा नहर के पास पाटन रोड पहुंचा, तभी सामने से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीके 3143 के चालक ने उसकी एक्टिवा में टक्कर मार दी, जिससे दोनों एक्टिवा सहित गिर गए। गिरने से राजकुमार बाल बाल बच गया वहीं एक्टिवा चालक प्रभात कुमार गुप्ता के हाथ, पैर व होंठ में चोटें आ गई। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## गालीगलौज के विवाद को लेकर मारपीट



जबलपुर। कटंगी थाना अतंर्गत ग्राम बक्सवाही में एक युवक के घर के सामने गालीगलौज कर रहे बदमाश को गालियां देने से मना किया तो, बदमाश ने उसके सिर पर किसी चीज से हमला कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बक्सवाही निवासी 24 वर्षीय प्रवेश लोधी गत रात लगभग 8 बजे अपने घर पर था, तभी घर के बाहर आरएस लोधी उसे गालियां दे रहा था। घर के बाहर आकर उसने गालियां देने से मना किया तो, आरएस लोधी ने उसके सिर पर किसी चीज से हमला कर चोटें पहुंचा दी। चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया तो आरएस लोधी ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## सूपाताल में उतराता मिला युवक का शव

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत सूपाताल में मंगलवार की सुबह एक युवक का शव उतराता हुए मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने पुलिस ने बताया कि सुबह-सुबह यह जानकारी मिली थी कि सूपाताल तालाब में किसी का शव उतरा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकलवाया गया। हालांकि अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर उसकी पतासाजी कर रही है। बताया जा रहा है कि मतक के शरीर में किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवक नशे की हालत में तालाब में गिरा और डूबने से उसकी मौत हो गई।

## फर्श पर गिरने से आई चोट से वृद्धा की मौत

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत इंद्रानगर सुहागी में घर की फर्श पर गिरने से आई चोटों के कारण एक महिला मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रानगर सुहागी निवासी 56 वर्षीय श्रीमति बिट्टी बाई बर्मन घर की फर्श पर गिरने से आई चोटों के कारण गत 22 जनवरी की शाम लगभग 5 बजे मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान गत रात लगभग 8 बजे श्रीमति बिट्टी बाई की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।



**श्री रामदास पिल्ले-** गोकलपुर निवासी विनोद पिल्ले, शिवनारायण पिल्ले के पिताजी व उदित पिल्ले के नानाजी श्री रामदास पिल्ले पिता परसराम पिल्ले उम्र 77 वर्ष का देहांत हो गया है, जिनकी अंतिम यात्रा आज 24 जनवरी को दोपहर 12 बजे निज निवास से गौरीघाट मुक्तिधाम के लिये प्रस्थान करेगी।

**श्री शरद लालन-** नेपियर टाउन प्रेम मंदिर रोड निवासी श्री शरद लालन (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती हेमा पाठक-** चंपानगर रांझी निवासी श्री सुंदर पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती हेमा पाठक (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामपति पटेल-** सिद्धबाबा पटेल मोहल्ला निवासी श्री रामपति पटेल (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सतीश बर्मन-** गोरखपुर आर्य समाज मंदिर के पास निवासी श्री मोहन लाल बर्मन के पुत्र श्री सतीश बर्मन (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कामता प्रसाद कोष्टा-** फूटाताल उर्दू स्कूल के पास निवासी श्री कामता प्रसाद कोष्टा (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अनिल लाहोरे-** रक्षा नगर कॉलोनी रांझी निवासी श्री अनिल उर्फ राजा लाहोरे (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नारायण प्रसाद सोनकर-** भरतीपुर सामुदायिक भवन के पास निवासी श्री नारायण प्रसाद सोनकर (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**शतायु श्रीमती बुट्टन बाई ठाकुर-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री शंकर ठाकुर की धर्मपत्नी शतायु श्रीमती बुट्टन बाई ठाकुर (109) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुशील-** हाउबाग गोरखपुर निवासी श्री सुशील (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अशोक वर्मा-** ब्यौहारबाग निवासी श्री अशोक वर्मा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अभिषेक समन-** लार्डगंज कछियाना रोड निवासी श्री सुनील कुमार समन के पुत्र श्री अभिषेक




समन (22) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सोमनाथ शर्मा-** आजाद नगर रांझी निवासी श्री सोमनाथ शर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर सोनकर-** भरतीपुर सामुदायिक भवन के पास निवासी श्री शंकर सोनकर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विपिन कुमार शर्मा-** विजयनगर निवासी श्री विपिन कुमार शर्मा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला रजक-** हनुमानताल थाने के पास निवासी श्री ओमकार रजक की धर्मपत्नी श्रीमती कमला रजक (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती छंदना घोष-** समदडिय़ा कॉलोनी कांचघर निवासी श्री ज्ञानचंद घोष की धर्मपत्नी श्रीमती छंदना घोष (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोहन चौधरी-** रामहरख का बगीचा निवासी श्री किशन लाल चौधरी के पुत्र श्री रोहन चौधरी (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप



### भारत इनोवेटिव ग्लास करेगी तमिलनाडु में 1003 करोड़ निवेश

**चेन्नई।** अमेरिका स्थित भारत इनोवेटिव ग्लास टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने तमिलनाडु में 1,003 करोड़ रुपये की लागत से एक नई सुविधा स्थापित करने की योजना बनाई है। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन की मौजूदगी में कंपनी ने मंगलवार को इस संबंध में तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। भारत इनोवेटिव ग्लास टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (बीआईजी टेक) ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम लिमिटेड और कॉर्निंग इंटरनेशनल कॉरपोरेशन के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

### मलेशिया एयरलाइंस की भारत में विस्तार की योजना



**नई दिल्ली।** मलेशिया एयरलाइंस जल्द ही एक भारतीय वाहक के एक 'कोडशेयर' साझेदारी करेगी और साथ ही देश में पूर्वोत्तर तथा दक्षिणी गंतव्यों तक अपने परिचालन का विस्तार करेगी। मलेशिया एविएशन ग्रुप के समूह प्रबंध निदेशक कैप्टन इज़हाम इस्माइल ने बातचीत में कहा, ''भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और हम एक देश के रूप में भारत की सफलता की गाथा का हिस्सा बनना चाहते हैं।''

### जेनसोल इंजीनियरिंग का लाभ 12.31 करोड़ रुपए





**नई दिल्ली।** जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड (जीईएल) का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (अक्टूबर- दिसंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 12.31 करोड़ रुपये रहा। इसके साथ ही कंपनी मुनाफे में लौट आई है। कंपनी को वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में 1.90 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। जीईएल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि तीसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 227.12 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 52.22 करोड़ रुपये थी।

### आरईसी के शुद्ध लाभ में 13.5 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग 13.5 प्रतिशत बढ़कर 3,308.42 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 2,915.33 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय सालाना आधार पर 9,795.47 करोड़ रुपये से बढ़कर 12,071.54 करोड़ रुपये हो गई।

### सोना 100 रुपए चढ़ा चांदी 200 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 100 रुपये की बढ़त के साथ 63,250 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 200 रुपये की मजबूती के साथ 75,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इससे पूर्व यह 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# सरकार ने सोने-चांदी के आयात पर ड्यूटी बढ़ाकर 15 फीसदी की, कीमतों पर होगा असर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने बजट से पहले ही सोने और चांदी के ऊपर बड़ा फैसला ले लिया है। वित्त मंत्रालय ने सोने और चांदी के ऊपर लगने वाली आयात ड्यूटी बढ़ा दी है और इसको 12.50 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया है। इसके अलावा कीमती मेटल्स के सिक्कों के ऊपर भी कस्टम ड्यूटी में इजाफा कर दिया है। सोने और चांदी से जुड़े छोटे कंपोनेंट्स और प्रीशियस मेटल कैटालिस्ट या कीमती मेटल्स के सिक्कों के ऊपर आयात ड्यूटी में ये बदलाव देखा गया है। सोने-चांदी के आयात ड्यूटी अब बदलकर 15 फीसदी कर दी गई है जिसमें 10 फीसदी बेसिक कस्टम ड्यूटी होगी और 5 फीसदी एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट सेस (एआईडीसी) शामिल हैं। हालांकि इस पर लगने वाले सोशल वैलफेयर सेस (एसडब्ल्यूएस) में कोई इजाफा नहीं किया गया है।

- वित्त मंत्रालय ने कीमती मेटल्स के सिक्कों के ऊपर भी कस्टम ड्यूटी में किया इजाफा

## पहले सोने और चांदी के ऊपर लगने वाली आयात ड्यूटी 12.50 फीसदी थी

### छोटे कंपोनेंट्स पर ड्यूटी में बदलाव

*गोल्ड, सिल्वर से जुड़े छोटे कंपोनेंट जैसे कि हुक, क्लैस्प, क्लैम्प,पिन, कैच और स्क्रू के ऊपर ये आयात ड्यूटी बढ़ी है। ये छोटे कंपोनेंट खास तौर पर गहनों को पूरे या किसी खास हिस्से को होल्ड करने के लिए इस्तेमाल करते हैं।*

### कब से लागू हैं नई इंपोर्ट ड्यूटी

*आयात ड्यूटी की नई दरें 22 जनवरी से लागू हो चुकी हैं। देश का बजट आने में अब 8 दिन बाकी हैं और ये 1 फरवरी 2024 को पेश होगा। वित्त मंत्रालय ने बजट में इसकी घोषणा करने की बजाए इसे 22 जनवरी से ही लागू कर दिया है।*



### प्रीशियस मेटल्स कैटालिस्ट के ऊपर भी बढ़ी ड्यूटी

*प्रीशियस मेटल्स कैटालिस्ट के ऊपर लगने वाली आयात ड्यूटी को भी बढ़ाया गया है और इसे बढ़ाकर 14.35 फीसदी कर दिया गया है। इसमें 10 फीसदी की बेसिक कस्टम ड्यूटी और 4.35 फीसदी की एआईडीसी लगेगी। इस पर सोशल वैलफेयर सेस लगेगा।*

### सरकार ने क्यों लिया फैसला

केंद्र सरकार ने ये फैसला इसलिए लिया है क्योंकि सोने-चांदी के रॉ आयात और गोल्ड-सिल्वर के कंपोनेंट्स पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी में संतुलन नहीं था और इसका इस्तेमाल सही से नहीं हो पा रहा था। अब इस आयात ड्यूटी में संतुलन बनाने के लिए ये निर्णय वित्त मंत्रालय की ओर से लिया गया है।

## 10 अरब अमेरिकी डॉलर का विलय समझौता खत्म

# सोनी समूह व जी एंटरटेनमेंट का विलय टूटने से जी का शेयर 33 फीसदी टूटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड का शेयर मंगलवार को करीब 33 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। सोनी ग्रुप कॉरपोरेशन के जी एंटरटेनमेंट के साथ 10 अरब अमेरिकी डॉलर के विलय समझौते को समाप्त करने की घोषणा के एक दिन बाद कंपनी के शेयर में गिरावट आई। कंपनी का बाजार पूंजीकरण बीएसई पर 7,285.53 करोड़ रुपये से घटकर 14,974.50 करोड़ रुपये रह गया।

बीएसई पर जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड का शेयर 32.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 155.90 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर कंपनी का शेयर 30.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 160.90 रुपये के भाव पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान कंपनी का शेयर बीएसई और एनएसई दोनों एक्सचेंजों पर अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर 152.50 रुपये पर पहुंच गया था।

**खास बातें**

- कंपनी का बाजार पूंजीकरण बीएसई पर घटकर 14,974 .50 करोड़ रुपए
- बीएसई पर जी एंटरटेनमेंट का शेयर गिरकर 155 .90 पर हुआ बंद




### एनएसई पर 22.84 करोड़ शेयरों का हुआ कारोबार

कंपनी के शेयर ने बीएसई और एनएसई दोनों पर अपने निचले मूल्य स्तर को छुआ। शेयर बाजार ने मंगलवार को कंपनी की निचली सर्किट सीमा को संशोधित भी किया था। दिन में बीएसई पर करीब 1.46 करोड़ शेयरों का कारोबार हुआ, जबकि एनएसई पर 22.84 करोड़ शेयर का कारोबार हुआ।

### विलय की गई इकाई के नेतृत्व को लेकर बना गतिरोध

कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट ने जी एंटरटेनमेंट के साथ 10 अरब अमेरिकी डॉलर के विलय समझौते को सोमवार समाप्त कर दिया है। विलय की गई इकाई का नेतृत्व कौन करेगा, इस बात पर गतिरोध के कारण यह फैसला किया गया। कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट को पहले सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के नाम से जाना जाता था।

### भारतीय शेयर बाजार बना दुनिया का चौथा सबसे बड़ा स्टॉक मार्केट

*मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से भारतीय शेयर बाजार ने एक नया ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। सोमवार को शेयर बाजार बंद होने के बाद घरेलू बाजार में लिस्टेड एक्सचेंजों का कंबाइंड मार्केट कैप 4.33 ट्रिलियन डॉलर को छू गया। इसके मुकाबले हॉन्गकॉन्ग के शेयर बाजार का मार्केट कैप 4.29 ट्रिलियन डॉलर के लेवल पर बना हुआ था। आज सुबह बीएसई का मार्केट कैपिटलाइजेशन ही 3.72 लाख करोड़ रुपये के पार निकल चुका था। सुबह सेंसेक्स की शुरुआत करीब 450 अंकों की तेजी के साथ हुई थी और निफ्टी की शुरुआत 21700 के लेवल के पार जाकर देखी गई थी।*

**भारत की ग्रोथ स्टोरी पर निवेशकों का भरोसा**

*ब्लूमबर्ग के डेटा के मुताबिक ये खबर आई है, देश के शेयर बाजार और इसके निवेशकों के लिए ये बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है और भारत की ग्रोथ स्टोरी पर घरेलू निवेशकों के साथ-साथ विदेशी निवेशकों के भरोसे को दिखाने वाली खबर है। भारतीय शेयर बाजार ने 5 दिसंबर 2023 में पहली बार 4 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के ऐतिहासिक शिखर को छू लिया था। इक्विटी मार्केट में रिटेल इंवेस्टर्स की लगातार बढ़ती भागीदारी के असर से शेयर बाजार का निवेश दायरा ज्यादा मजबूत हुआ है और स्टॉक मार्केट में एक के बाद एक शानदार रैली देखी जा रही है।*

# रोल्स-रॉयस कार के खरीदारों में अब 45 साल के धनाढ्य भारतीय

## वाहन की चेन्नई में शोरूम कीमत 10 करोड़



एजेंसी ⏭ चेन्नई

भारत में ब्रिटिश लक्जरी वाहन विनिर्माता रॉल्स-रॉयस की कारें खरीदने वाले अधिकतर ग्राहक करीब 45 वर्ष की आयु के बेहद अमीर लोग हैं। कंपनी के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रॉल्स-रॉयस मोटर कार्स ने मंगलवार को अपना नया पूर्ण इलेक्ट्रिक वाहन 'स्पेक्टर' दक्षिण भारतीय बाजार में पेश किया। इसकी चेन्नई में शोरूम कीमत 10 करोड़ रुपये है। इस मौके पर स्पेक्टर मॉडल का 'चार्टरेस' (हरा-पीला) रंग का खास संस्करण भी पेश किया गया। कंपनी के उत्पाद एवं क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक इवान कांग ने कहा कि रॉल्स-रॉयस कार खरीदने का विकल्प चुनने वाले ग्राहकों की औसत आयु स्पेक्टर श्रेणी वाली कार खरीदने वाले बेहद अमीर लोगों की औसत आयु के साथ घटकर 45 साल के करीब आ गई है।

- कंपनी ने नया ईवी वाहन स्पेक्टर दक्षिण भारतीय बाजार में किया पेश

### 2030 तक कंपनी पूरी रेंज पेश करेगी

रॉल्स-रॉयस मोटर कार्स ने 'स्पेक्टर' को भारतीय बाजार में पेश करने के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है। उसने वर्ष 2030 के अंत तक समूचे पोर्टफोलियो में कारों की इलेक्ट्रिक रेंज को शामिल करने की बात कही है।

# दूरसंचार टावर पर इनपुट टैक्स क्रेडिट देने की मांग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दूरसंचार क्षेत्र के बुनियादी ढांचा प्रदाताओं ने अंतरिम बजट में दूरसंचार टावर पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) दिए जाने की मांग करते हुए कर मूल्यह्रास दर में वृद्धि और टीडीएस प्रावधान को तर्कसंगत बनाने की गुहार लगाई है। डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन (डीआईपीए) के बैनर तले दूरसंचार क्षेत्र की ढांचागत कंपनियों ने बयान में कहा कि कारोबारी सुगमता के उपायों से निवेश बढ़ेगा और इससे उद्योग की दीर्घकालिक वृद्धि को योगदान मिलेगा। डीआईपीए ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर केंद्रीय बजट 2024 में दूरसंचार बुनियादी ढांचा उद्योग को समर्थन देने की मांग रखी है। इस संगठन के सदस्यों में समिट डिजिटेल, अमेरिकन टावर्स, इंडस टावर्स, एसेंड टेलीकॉम, क्लाउड एक्सेल, प्रताप टेक्नोक्रेट्स, क्रेस्ट डिजिटेल, साइनोटॉक्स टावर्स, एप्लाइड सोलर टेक्नोलॉजीज, आईबीयूएस नेटवर्क और सुयोग टेलीमैटिक्स शामिल हैं। डीआईपीए के मुताबिक, दूरसंचार बुनियादी ढांचा उद्योग दूरसंचार टावर पर इनपुट टैक्स क्रेडिट की सुविधा और औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपयोग के लिए बैटरी पर कर मूल्यह्रास दर को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के लिए सरकार से समर्थन मांग रहा है। इससे बैटरियों के तीन वर्षों के आर्थिक जीवन में लागत वसूली की जा सकेगी।

- अंतरिम बजट में आईटीसी दिए जाने की मांग
- टीडीएस प्रावधान को तर्कसंगत बनाने की गुहार



### देशभर में 7.7 लाख से अधिक दूरसंचार टावर लगे

*उद्योग संघ ने आगामी बजट में बिजली की खरीद और डीजल की खरीद पर टीडीएस प्रावधानों को तर्कसंगत बनाने की भी मांग रखी है। देशभर में 7.7 लाख से अधिक दूरसंचार टावर लगे हुए हैं जो लगभग 1.2 अरब ग्राहकों को दूरसंचार सेवाएं मुहैया कराने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।*

# विप्रो जीई हेल्थकेयर व भारतीय विज्ञान संस्थान में समझौता

**नई दिल्ली।** वैश्विक चिकित्सा प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो जीई हेल्थकेयर ने स्वास्थ्य क्षेत्र में शोध बढ़ाने और प्रौद्योगिकी के विकास को लेकर देश के प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएस) के साथ शुरुआती समझौता किया है। विप्रो जीई हेल्थकेयर ने मंगलवार को बयान में कहा कि इस समझौता ज्ञापन का मकसद नवोन्मेष परिवेश में सुधार और स्थानीय विनिर्माण में तेजी लाने के लिए रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा, कृत्रिम मेधा और 5जी जैसे उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में उद्योग और अकादमिक संस्थान के बीच ज्ञान साझा करना है। सहयोग में मूल और व्यावहारिक विज्ञान, सिस्टम इंजीनियरिंग, उत्पाद और सॉफ्टवेयर विकास, परामर्श और प्रकाशन, अकादमिक अध्ययन, इंटर्नशिप, फेलोशिप और प्रशिक्षण के क्षेत्रों में सह-विकास पहल शामिल है। बयान के अनुसार, आईआईएससी और विप्रो जीई हेल्थकेयर उत्पाद और समाधान विकास को लेकर अनुसंधान के लिए एक संयुक्त कार्यसमिति का गठन करेंगे। इसमें दोनों पक्षों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### गैर संचारी रोगों पर अनुसंधान की जरूरत

भारतीय विज्ञान संस्थान के निदेशक गोविंदन रंगराजन ने कहा, 'गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के मामलों में नये अनुसंधान एवं विकास की काफी जरूरत है। यह सहयोग विज्ञान और इंजीनियरिंग के मेल के साथ अनुसंधान को गति देगा, जिसका फायदा संबंधित लोगों को होगा।'

# इस्मा ने एथनॉल बनाने अतिरिक्त चीनी इस्तेमाल की अनुमति मांगी

## एथनॉल के लिए 10-12 लाख टन चीनी के स्थानातंरण की अनुमति चाही

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने सरकार से चालू सत्र में एथनॉल उत्पादन के लिए अतिरिक्त 10-12 लाख टन चीनी के स्थानांतरण (डायवर्जन) की अनुमति देने का अनुरोध किया है। चीनी के अधिक उत्पादन के अनुमान के बीच इस्मा ने यह मांग रखी है। महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में सूखे के कारण चीनी उत्पादन में संभावित गिरावट को देखते हुए सरकार ने चालू 2023-24 सत्र (अक्टूबर-सितंबर) में एथनॉल बनाने के लिए चीनी 'डायवर्जन' की सीमा 17 लाख टन तय कर दी है। इस्मा ने कहा कि चालू सत्र में 15 जनवरी तक चीनी मिलों ने 149.52 लाख टन चीनी का उत्पादन किया है, जो एक साल पहले की समान अवधि के 157.87 लाख टन से 5.28 प्रतिशत कम है। इस्मा ने बयान में कहा, हालांकि, खबरों के अनुसार, हालिया मौसम गन्ने की खड़ी फसल के लिए अनुकूल रहा है और उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे प्रमुख राज्यों के गन्ना आयुक्तों ने चीनी सत्र 2023-24 के लिए अपने चीनी उत्पादन अनुमानों में संशोधन करते हुए इसमें 5-10 प्रतिशत तक वृद्धि की है। इस्मा ने बयान में कहा, ''हमारा यह भी मानना है कि चालू वर्ष में चीनी उत्पादन पहले की उम्मीद की अपेक्षा कहीं अधिक हो सकता है।'' ऐसे में इस्मा ने सरकार से एथनॉल उत्पादन के लिए अतिरिक्त 10-12 लाख टन चीनी के उपयोग की अनुमति देने का अनुरोध किया है।

- चीनी के अधिक उत्पादन के अनुमान पर इस्मा ने यह मांग रखी



### मक्का से बने एथनॉल के लिए प्रोत्साहन घोषित

सरकार ने हाल ही में मक्का से बने एथनॉल के लिए प्रोत्साहन की घोषणा की थी। लेकिन चूंकि गन्ने की फसल मक्के की तुलना में पानी, पोषक तत्व, भूमि उपयोग या कार्बन पृथक्करण के मामले में अधिक कुशल है, इसलिए गन्ना भी सरकार द्वारा अधिक समर्थन का हकदार है।

### एथनॉल की खरीद लागत बढ़ाने की मांग

इसमें कहा गया है, 'एथनॉल के उत्पादन के लिए अतिरिक्त चीनी उपयोग करने की अनुमति देने के बाद भी चीनी शेष अगले सत्र में कुछ महीनों के लिए पर्याप्त होगा।' इस्मा ने सरकार से एथनॉल आपूर्ति वर्ष 2023-24 (नवंबर-अक्टूबर) के लिए गन्ना रस, सिरप, बी-भारी शीरे से उत्पादित एथनॉल की खरीद लागत में तुरंत बढ़ोतरी की घोषणा करने की भी मांग की।

## कंपनी की 125 सीसी सेगमेंट में सबसे प्रीमियम व स्टाइलिश बाइक

# हीरो एक्सट्रीम 125 भारत में 95 हजार रुपए में लांच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हीरो मोटोकॉर्प ने 125 सीसी सेगमेंट में अपनी नई मोटरसाइकल हीरो एक्सट्रीम 125 लांच कर दी है। जयपुर स्थित हीरो मोटोकॉर्प के ग्लोबल सेंटर ऑफ इनोवेशन टेक्नॉलजी में आयोजित हीरो वर्ल्ड 2024 कार्यक्रम के पहले दिन हीरो ने 125 सीसी सेगमेंट की सबसे प्रीमियम और स्टाइलिश मानी जा रही एक्सट्रीम 124आर लॉन्च की। जिसके इंटीग्रेटेड ब्रेकिंग सिस्टम (आईबीएस) वेरिएंट की एक्स शोरूम प्राइस 95000 रुपए और एबीएस वेरिएंट की एक्स शोरूम प्राइस 99,500 रुपए है। 20 फरवरी से आप इसे हीरो शोरूम से खरीद सकेंगे।

- हीरो मोटोकॉर्प का दावा बाइक की माइलेज 66 किलोमीटर प्रतिघंटा



### एयर कूल्ड इंजन

हीरो एक्सट्रीम 125आर के इंजन-पावर और माइलेज की बात करें तो इसमें 125 सीसी का सेगमेंट फर्स्ट एयर कूल्ड इंजन दिया गया है, जो कि 8250 आरपीएम पर 11.39 एचपी की मैक्सिमम पावर जेनरेट करता है। कंपनी का दावा है कि इसकी माइलेज 66 किमी प्रति लीटर तक की है।

### इंटीग्रेटेड ब्रेकिंग सिस्टम

बाद बाकी इसमें सिंगल और डुअल चैनल एबीएस के साथ ही इंटीग्रेटेड ब्रेकिंग सिस्टम जैसे विकल्प मिलते हैं। सस्पेंशन सेटअप की बात करें तो इसमें फ्रंट में टेलिस्कोपिक और रियर में मोनोशॉक सस्पेंशन मिलता है।

### स्पोर्टी लुक

हीरो एक्सट्रीम 125आर के लुक और डिजाइन की बात करें तो यह अपने सेगमेंट की बाकी सारी पॉपुलर मोटरसाइकल, जैसे टीवीएस रेडर, हीरो ग्लैमर और बजाज पल्सर 125 समेत अन्य प्रोडक्ट्स से बेहतर दिखती है। इसका फ्रंट लुक काफी आकर्षक है, जिसमें एलईडी हेडलाइट्स काफी अच्छे हैं।

### तीन रंगों में पेश

तीन कलर ऑप्शन में आई इस बाइक में टेललाइट्स और ब्लिंकर्स भी एलईडी हैं। बाद बाकी इसमें शार्प फ्यूल टैंक, स्प्लिट सीट सेटअप और स्प्लिट ग्रैब रेल्स के साथ ही टायर हगर भी दिए गए हैं, जिससे इसका स्पोर्टी लुक और ज्यादा निखरता है।

### हीरो मेवरिक अनवील

*हीरो मोटोकॉर्प ने मंगलवार को अपनी सबसे पावरफुल बाइक हीरो मेवरिक 440 को अनवील किया। वहीं, मेवरिक की कीमत का खुलासा नहीं किया गया है। फरवरी में मेवरिक की बुकिंग शुरू होगी, जबकि डिलीवरी अप्रैल से की जाएगी। इसकी एक्स शोरूम कीमत 2 लाख रुपए के आसपास हो सकती है। मेवरिक को हार्ले डेविडसन एक्स 440 के प्लेटफॉर्म पर डेवलप किया गया है, लेकिन इसके लुक और डिजाइन अलग हैं। रोडस्टर स्टाइल वाली बाइक रेट्रो थीम के साथ मॉडर्न टच से लैस है।*

# एलएंडटी को भारत और विदेशों में मिले बड़े ठेके

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) की इकाई हेवी इंजीनियरिंग को घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कई बड़े ठेके मिले हैं। एलएंडटी ने हालांकि ठेके की राशि की जानकारी नहीं थी लेकिन वह किसी ठेके का मूल्य 1000 से 2500 करोड़ रुपये के बीच होने पर ही उसे 'बड़ा' बताती है। कंपनी ने बीएसई को दी जानकारी में बताया, ' एलएंडटी हेवी इंजीनियरिंग (एचई) के मॉडिफिकेशन, रिवैम्प और अपग्रेड (एमआरयू) व्यवसाय खंड को एक प्रमुख तेल तथा गैस ग्राहक से उनके महत्वपूर्ण डीबॉटलनेकिंग प्रोजेक्ट के लिए एक बड़ा ठेका मिला है। पिछले कुछ वर्षों से एमआरयू व्यवसाय ने पश्चिम एशिया के अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया है और यह ठेका पश्चिम एशिया में एमआरयू व्यवसाय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।' घरेलू मोर्चे पर कंपनी को रिफाइनरी परियोजना के लिए उच्च दबाव वाले हीट एक्सचेंजर्स के निर्माण का ठेका मिला है। लार्सन एंड टुब्रो 23 अरब अमेरिकी डॉलर की भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है।

## चिंतन

# सोलर ऊर्जा क्षेत्र में होगा नया 'सूर्योदय'

प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना बिजली बचत क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित हो सकती है। घरेलू और सरकारी व निजी दफ्तर में अगर रोशनी के लिए सोलर ऊर्जा का प्रयोग व्यापक स्तर पर होने लगे तो लाखों मेगावाट बिजली की बचत हो सकती है। भारत सरकार ने 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' की सोमवार को शुरूआत की है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार देशभर में एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाएगी। भारत में लगभग 31 करोड़ परिवार हैं, शुरू में सरकार ने एक करोड़ आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के घर में सोलर सिस्टम लगाने का फैसला किया है। इस योजना को बहुत पहले शुरू किया जाना था। अभी केंद्र सरकार सोलर एनर्जी से जुड़ी योजना 'नेशनल रूफटॉप स्कीम' चला रही है। इस योजना के तहत अगर आप अपनी छत पर सोलर पैनल लगाना चाहते हैं तो 3 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल लगाने पर सरकार की ओर से 40 फीसदी सब्सिडी (प्रति किलोवाट 14,588 रुपये) दी जाती है। रूफटॉप सोलर योजना फेज-2 के तहत 30 नवंबर 2023 तक देश में रूफटॉप सोलर से 2,651 मेगावाट क्षमता को स्थापित किया जा चुका है। रूफटॉप योजना के सेकेंड फेज को 31 मार्च 2026 तक बढ़ाया गया है। केंद्रीय नवीनीकृत ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने हाल ही में बताया था कि रूफटॉप सोलर कार्यक्रम के दोनों फेज से अभी 10,407 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। अभी गुजरात, केरल व महाराष्ट्र रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने में आगे हैं। सोलर सिस्टम से प्रदूषण नहीं होता, ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आती है व पर्यावरण का संरक्षण होता है। सरकार ने बिजली बल्ब बदल कर एलईडी बल्ब के प्रयोग को बढ़ावा देकर बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाया था। कोल व परमाणु से बिजली उत्पादन व वितरण खर्चीला है। बिजली की दर अभी शहरों में पांच से सात रुपये यूनिट है, जो मध्यवर्ग पर बड़ा बोझ है। अगर देश में घरेलू खपत के लिए सोलर ऊर्जा का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा होने लगे तो बड़े पैमाने पर बिजली की बचत होगी। भारत ऐसा देश है, जहां सूर्य की सीधी रोशनी लगभग साल भर उपलब्ध रहती है, ऐसे में सोलर एनर्जी के लिए भारत का एकदम अनुकूल है। देश में सभी घरों पर जो करीब 31 करोड़ हैं, सभी सरकारी व निजी दफ्तरों, जो करोड़ों में हैं, पर अगर सोलर सिस्टम लग जाए तो बिजली बचत के मामले में क्रांति आ जाएगी। भारत जिस तेजी से वैकल्पिक ऊर्जा की तरफ आगे बढ़ रहा है, उसमें सोलर एनर्जी की भूमिका अहम है। बेशक कांग्रेस ने भारत सरकार की सूर्योदय योजना को एक और जुमला कहा है, लेकिन सोलर एनर्जी योजना की पहली शुरूआत करने में कांग्रेस सरकार की अतीत में भूमिका रही है। वर्तमान की मोदी सरकार तेजी से सोलर एनर्जी पर काम कर रही है। भारत इंटरनेशनल सोलर एलांयस का भी संस्थापक सदस्य है। सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रिक एनर्जी व हरित हाइड्रोजन भविष्य के ऊर्जा स्रोत हैं। ये समूचे विश्व के एनर्जी स्पेक्ट्रम को बदलने वाले हैं। खास बात है कि भारत इन सभी अल्टरनेटिव एनर्जी स्रोत के क्षेत्र में तेजी से काम कर रहा है। भारतवासियों के घर की छत पर उनका अपना सोलर रूफटॉप सिस्टम होना ही चाहिए। छोटे छोटे कदम से बड़े बदलाव होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी अपने ऐसे ही विजनरी कदमों से देश में बड़े-बड़े बदलाव की पटकथा लिख रहे हैं। डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, जनधन, डीबीटी, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान निधि, स्वच्छ भारत, हाई-वे, आई-वे, नए एयरपोर्ट, पोर्ट, एलईडी बल्ब, वंदे भारत जैसी हाईस्पीड ट्रेन, रेल ट्रैक आधुनिकीकरण आदि सैकड़ों ऐसी योजनाएं हैं, जिनसे देश परिवर्तन की राह पर है। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना से सोलर एनर्जी के घरेलू उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। इसमें बचतशास्त्र भी है और अर्थशास्त्र भी। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली बिल तो कम होगा ही, भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा।



जयंती विशेष
नरेन्द्र मोदी

# सच्चे जननायक थे कर्पूरी ठाकुर

**जननायक कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल ना हो। मेरे जैसे अनेक लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। आज भले ही कर्पूरी ठाकुर हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।**

हमारे जीवन पर कई लोगों के व्यक्तित्व का प्रभाव रहता है। जिन लोगों से हम मिलते हैं, हम जिनके संपर्क में रहते हैं, उनकी बातों का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है, लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जिनके बारे में सुनकर ही आप उनसे प्रभावित हो जाते हैं। मेरे लिए ऐसे ही रहे हैं जननायक कर्पूरी ठाकुर। आज कर्पूरी बाबू की 100वीं जन्म-जयंती है। मुझे कर्पूरी जी से कभी मिलने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन उनके साथ बेहद करीब से काम करने वाले कैलाशपति मिश्र से मैंने उनके बारे में बहुत कुछ सुना है। सामाजिक न्याय के लिए कर्पूरी बाबू ने जो प्रयास किए, उससे करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया। उनका संबंध नाई समाज, यानी समाज के अति पिछड़े वर्ग से था। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए उन्होंने कई उपलब्धियों को हासिल किया और जीवनभर समाज के उत्थान के लिए काम करते रहे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल ना हो। ऐसा ही एक वाकया बिहार में उनके सीएम रहने के दौरान हुआ। तब राज्य के नेताओं के लिए एक कॉलोनी बनाने का निर्णय हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने लिए कोई जमीन नहीं ली। जब भी उनसे पूछा जाता कि आप जमीन क्यों नहीं ले रहे हैं, तो वे बस विनम्रता से हाथ जोड़ लेते। 1988 में जब उनका निधन हुआ तो कई नेता श्रद्धांजलि देने उनके गांव गए। कर्पूरी जी के घर की हालत देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए कि इतने ऊंचे पद पर रहे व्यक्ति का घर इतना साधारण कैसे हो सकता है! कर्पूरी बाबू की सादगी का एक और लोकप्रिय किस्सा 1977 का है, जब वे बिहार के सीएम बने थे। तब केंद्र और बिहार में जनता सरकार सत्ता में थी। उस समय जनता पार्टी के नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण यानी जेपी के जन्मदिन के लिए कई नेता पटना में इकट्ठे हुए। उसमें शामिल मुख्यमंत्री कर्पूरी बाबू का कुर्ता फटा हुआ था। ऐसे में चंद्रशेखर ने अपने अनूठे अंदाज में लोगों से कुछ पैसे दान करने की अपील की, ताकि कर्पूरी जी नया कुर्ता खरीद सकें, लेकिन कर्पूरी जी ने इसमें भी एक मिसाल कायम कर दी। उन्होंने पैसा तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दिया।

सामाजिक न्याय तो जननायक कर्पूरी ठाकुर के मन में रचा-बसा था। उनके राजनीतिक जीवन को एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रयासों के लिए जाना जाता है, जहां सभी लोगों तक संसाधनों का समान रूप से वितरण हो और सामाजिक हैसियत की परवाह किए बिना उन्हें अवसरों का लाभ मिले। उनके प्रयासों का उद्देश्य भारतीय समाज में पैठ बना चुकी कई असमानताओं को दूर करना भी था। अपने आदर्शों के लिए कर्पूरी जी की प्रतिबद्धता ऐसी थी कि उस कालखंड में भी जब सब



ओर कांग्रेस का राज था, उन्होंने कांग्रेस विरोधी लाइन पर चलने का फैसला किया, क्योंकि उन्हें काफी पहले ही इस बात का अंदाजा हो गया था कि कांग्रेस अपने बुनियादी सिद्धांतों से भटक गई है।

कर्पूरी ठाकुर की चुनावी यात्रा 1950 के दशक के प्रारंभिक वर्षों में शुरू हुई और यहीं से वे राज्य के सदन में एक ताकतवर नेता के रूप में उभरे। वे श्रमिक वर्ग, मजदूर, छोटे किसानों और युवाओं के संघर्ष की सशक्त आवाज बने। शिक्षा एक ऐसा विषय था, जो कर्पूरी जी के हृदय के सबसे करीब था। उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में गरीबों को शिक्षा मुहैया कराने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। वे स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने के बहुत बड़े पैरोकार थे, ताकि गांवों और छोटे शहरों के लोग भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और सफलता की सीढ़ियां चढ़ें। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए कई अहम कदम उठाए। डेमाक्रेसी, डिबेट और डिस्कशन तो कर्पूरी जी के व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा थे। लोकतंत्र के लिए उनका समर्पण भाव, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ही दिख गया था, जिसमें उन्होंने अपने-आप को झोंक दिया। उन्होंने देश पर जबरन थोपे गए आपातकाल का भी पुरजोर विरोध किया था। समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए कर्पूरी ठाकुर ने एक ठोस कार्ययोजना बनाई थी। यह उनके सबसे प्रमुख योगदानों में से एक है।

उन्हें उम्मीद थी कि एक ना एक दिन इन वर्गों को भी वो प्रतिनिधित्व और अवसर जरूर दिए जाएंगे, जिनके वे हकदार थे। हालांकि उनके इस कदम का काफी विरोध हुआ, लेकिन वे किसी भी दबाव के आगे झुके नहीं। उनके नेतृत्व में ऐसी नीतियों को लागू किया गया, जिनसे एक ऐसे समावेशी समाज की मजबूत नींव पड़ी, जहां किसी के जन्म से उसके भाग्य का निर्धारण नहीं होता हो। हमारी सरकार निरंतर जननायक कर्पूरी ठाकुर से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है। यह हमारी नीतियों और योजनाओं में भी दिखाई देता है, जिससे देशभर में सकारात्मक बदलाव आया है। कर्पूरी जी जैसे कुछ नेताओं को छोड़कर सामाजिक न्याय की बात बस एक राजनीतिक नारा बनकर रह गई थी। उनके विजन से प्रेरित होकर हमने इसे एक प्रभावी गवर्नेंस मॉडल के रूप में लागू किया। मैं विश्वास और गर्व के साथ कह सकता हूं कि भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि पर आज जननायक कर्पूरी जरूर गौरवान्वित होते। हम आज सैचुरेशन के लिए प्रयास कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक योजना का लाभ, शत प्रतिशत लाभार्थियों को मिले। इस दिशा में हमारे प्रयास सामाजिक न्याय के प्रति सरकार के संकल्प को दिखाते हैं। आज जब मुद्रा लोन से ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय के लोग उद्यमी बन रहे हैं, तो यह कर्पूरी ठाकुर के आर्थिक स्वतंत्रता के सपनों को पूरा कर रहा है। इसी तरह यह हमारी सरकार है, जिसने एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाया है। हमें ओबीसी आयोग (दुख की बात है कि कांग्रेस ने इसका विरोध किया था) की स्थापना करने का भी अवसर प्राप्त हुआ, जो कर्पूरी जी के दिखाए रास्ते पर काम कर रहा है। पीएम-विश्वकर्मा योजना भी देश में ओबीसी समुदाय के करोड़ों लोगों के लिए समृद्धि के नए रास्ते बनाएगी।पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति के रूप में मुझे जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरे जैसे अनेक लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। इसके लिए मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। दुर्भाग्यवश, हमने कर्पूरी ठाकुर को 64 वर्ष की आयु में ही खो दिया। हमने उन्हें तब खोया, जब देश को उनकी सबसे अधिक जरूरत थी। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।

(लेखक प्रधानमंत्री, भारत सरकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## नेशनल गर्ल चाइल्ड डे
डॉ. मोनिका शर्मा




# बालिकाओं को सशक्त बनाने की मुहिम

बेटियों की खिलखिलाहट हर आंगन की रौनक होती है। उनके बिना किसी भी परिवार में रीति-रिवाज, तीज-त्योहार का इन्द्रधनुष नहीं सजता। बावजूद इसके कितनी ही रीतियां, कुरीतियां बन लाडलियों के लिए बंधन बन गईं। जाने-अनजाने गैर-बराबरी और उपेक्षा का बर्ताव उनके हिस्से आ गए। अपनों ही नहीं परायों की भी मान-मनुहार का जिम्मा उठाने वाली बेटियों को हर मोर्चे पर जद्दोजहद भरे हालात ही मिले और मिल रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि हमारे सामाजिक माहौल में तो बेटियों के लिए जिंदगी का संघर्ष कोख से ही शुरू हो जाता है। लाडलियों के जीवन से जुड़ी बातों और हालात को लेकर जागरुकता लाने और बेटियों के जज्बातों को समझने की संवेदनशीलता को पोषित करने के लिए ही 'नेशनल गर्ल चाइल्ड डे' मनाया जाता है। ज्ञात हो कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के हिस्से के रूप में इसकी शुरुआत की गई थी। भारतीय समाज में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा से जुड़े उद्देश्यों से जुड़ी यह मुहिम वाकई कारगर सिद्ध हुई है। यह दिन बेटियों के सामने आने वाली चुनौतियों एवं अधिकारों के संरक्षण को लेकर चेतना लाने वाला है। व्यावहारिक और भावनात्मक पहलुओं पर सहयोग करने, बेटे-बेटी का भेदभाव मिटाने और लाडलियों को आगे बढ़ने के अवसर मुहैया करवाने का संदेश देता है। सुखद है कि अब जीवन से जुड़े इन पक्षों पर बदलाव देखने को मिल रहा है। परिवार ही नहीं समाज में बिटिया के सत्कार की सोच बढ़ी है। आमजन की बदलती मानसिकता ने कोख से लेकर कामकाजी क्षेत्र तक, बालिकाओं के लिए नया परिवेश बनाया है। दरअसल, हमारे यहां मौजूद पितृसत्तात्मक परिवेश, सामाजिक परंपराओं और पारिवारिक संरचना के तयशुदा मापदंडों के चलते बालिकाएं अपने सहज मानवीय अधिकारों से ही नहीं संवैधानिक अधिकारों को उपभोग करने में भी पीछे रही हैं। बाल विवाह, कम उम्र में ही घरेलू जिम्मेदारियां, किशोर गर्भावस्था, पढ़ाई छूटने और स्वास्थ्य की संभाल जैसे अनगिनत मोर्चों पर बेटियों के हिस्से तकलीफदेह स्थितियां रही हैं। ऐसे में यह घर-परिवार के बदलते माहौल की ही बानगी है कि बेटियों के स्वागत-सत्कार का सहज भाव-चाव हमारे सामने है। लाडलियों के प्रति चाव और लगाव दोनों बढ़े हैं। उनके प्रति सम्मान और स्वीकार्यता से जुड़े व्यवहार में आया बदलाव जीवन के हर पहलू पर सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। बच्चियों को बचपन से ही समानता और अपनेपन का परिवेश मिल रहा है। सबसे बड़ा बदलाव तो बेटी को दुनिया में लाने की सोच को लेकर आया है। बेटी के जन्म पर नाखुशी जाहिर करने के बजाय उनके भविष्य के लिए भी सपने संजोये जाने लगे हैं। कभी लड़कियों के प्रति रूखा बर्ताव रखने वाले समाज में अब बिटिया को गोद लेने वाले परिवार बढ़ रहे हैं। धीरे धीरे ही सही पर अब सामाजिक परिवेश में में बेटे-बेटी के बीच भेदभाव खत्म हो रहा है। 'जेंडर बायस्ड' सोच की समाप्त होती जड़ता लाडलियों से भावनात्मक जुड़ाव को भी मजबूती दे रही है। पारिवारिक परिवेश में उनके लिए स्वतंत्र अस्तित्व गढ़ने और आगे बढ़ने के मार्ग खुल रहे हैं। सामाजिक माहौल में सामर्थ्य की स्वीकार्यता का भाव आया है। यही वजह है कि कर्तव्य पथ की कदमताल से लेकर तकनीक और अन्तरिक्ष की दुनिया तक बेटियों की प्रभावी उपस्थिति दिखने लगी है। बालिकाओं के सशक्तीकरण को संबोधित यह दिवस देश की आधी आबादी के भविष्य की बेहतर बुनियाद बनाने का उद्देश्य लिए है। हर व्यक्ति, हर परिवार और समग्र व्यवस्था को ऐसे समाज के निर्माण का आधार तैयार करने की ओर प्रवृत्त करता है, जिसमें बेटियों को समान अवसर, सम्मान, सुरक्षा और अपनी क्षमता के अनुसार भरपूर अवसर मिल सकें। समावेशी भविष्य की दिशा में प्रयासों को आगे बढ़ाने वाली यह मुहिम बेटियों के जीवन को हर पक्ष पर मजबूती देने वाली है। लाडलियों का मनोबल बढ़ाकर उन्हें शिक्षित, सफल और सजग व्यक्तित्व की धनी नागरिक बनने का परिवेश बनाती है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अहंकार ही अज्ञान है



संकलित
दर्शन

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं। *-श्रीरामकृष्ण परमहंस*

## जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित
प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूँ। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूँ। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहाः तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूँ। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोलाः दोस्त मैं कहाँ सुंदर हूँ। मैं जब तोते को देखता हूँ, तो यही सोचता हूँ कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोलाः तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोलाः खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूँ, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहाँ एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोलाः शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## सटाका




## आज की पाती

### राम उत्साह और प्रमाणिकता का प्रतीक है

कोई भी व्यक्ति किसी कार्य को करते हुए यदि बारबार असफल होता है तो एक बात उसे प्राय: कही जाती है- अरे! यह भी क्या,तुम इस तरह बार बार असफल कैसे होते हो,क्या तुमारे भीतर में राम नही है। सफल होने के लिए भीतर में धैर्य,उत्साह, सहस और स्फूर्ति का होना नितांत जरूरी है। भीतर में राम है तो कोई भी कार्य अकरणीय नही करेगा। राम राम ही थे। आज कोई ऐसा महामानव नही दिखाई देता है जो राम के बराबर खड़ा किया जा सके। राम की महिमा सर्वत्र है। राम भारतवर्ष को मिल गए है। राम की प्राणप्रतिष्ठा के बाद देश में आस्था का सैलाब देखा। उससे यह प्रतीत होता है कि राम से बढ़कर दुनिया में कुछ नही है। राम के साथ सलंग्नता जीवन का सार्थकता और सफलता है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### 2024 निर्णायक वर्ष होगा



2024 वैश्विक स्वास्थ्य और इसके लिए एक निर्णायक वर्ष होगा। अगले चार वर्षों के लिए विश्व की वैश्विक स्वास्थ्य रणनीति। निवेश दौर के माध्यम से डब्ल्यूएचओ का भविष्य। जैसे ही कार्यकारी बोर्ड आज एकत्र हुआ, मैंने उनसे इन अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया।

-टेड्रोस, यूएन महासचिव

### ज्येष्ठ जनों का आदर हो



ज्येष्ठ जनों का आदर नित्य हो। हमारी मनोवृत्तियां, स्वभाव, आचरण और समग्र चरित्र ऐसा हो कि हम सदैव दूसरों का आदर करें। बड़े मात्र आयु और अनुभव में ही बड़े नहीं है अपितु अनुभव और परंपरा के संवाहक हैं।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### हमारा कार्यकर्ता डरता नहीं



असम में जिस रास्ते पर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकलनी थी वहीं से बजरंग दल और नड्डा जी की रैली निकली लेकिन हमें रोका गया। कांग्रेस के बब्बर शेरों ने बैरिकेड ढहा दिए। हमारा कार्यकर्ता किसी से कमजोर नहीं, किसी से डरता नहीं।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### राम की अद्वितीय उपस्थिति




भारतीय जीवन के हर पहलू में 'राम' की अद्वितीय उपस्थिति है- दु:ख में: 'हे राम' दर्द में: 'अरे राम', दुर्भाग्य में 'हे राम', अभिवादन में: 'राम राम', शपथ में: 'राम कसम', अनिश्चितता में: 'राम भरोसे', सुशासन के लिए: 'राम राज्य', मृत्यु में: 'राम नाम सत्य।'

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर


# इजराइल में मना रामलला प्राण- प्रतिष्ठा का जश्न



इजराइल में रह रहे सैकड़ों भारतीयों ने अयोध्या में नवनिर्मित राममंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव विशेष पूजा अर्चना आयोजित कर मनाया। इन भारतीयों में अधिकतर तेलंगाना राज्य के मूल निवासी हैं। अयोध्या के राममंदिर में सोमवार को रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने से पहले शनिवार को, इसके उपलक्ष्य में तेल अवीव के बीट दानी हॉल में इजराइल में स्थित तेलंगाना एसोसिएशन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में भजन और कीर्तन हुआ। आयोजकों ने बताया कि इस अवसर पर करीब 300 लोगों को भारतीय व्यंजन परोसे गये। इजराइल में तेलंगाना एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि सोम ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'प्रत्येक हिंदू को इस अद्भुत क्षण का इंतजार था, जो आखिरकार साकार हुआ। यह एक अवर्णनीय खुशी है क्योंकि मैंने नहीं सोचा था कि मेरे जीवनकाल में ऐसा होगा।' कार्यक्रम का संचालन तेलंगाना के डोडल स्वामी ने किया, जिन्होंने मुख्य आयोजक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वालों कुछ प्रतिभागियों ने कहा कि यह इजराइल में समुदाय द्वारा आयोजित सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक है और यह बहुत कम समय में आयोजित किया जो उनके उत्साह को प्रदर्शित करता है।

## ऑफ बीट

# धीरे-धीरे दौड़ने के हैं अपने कई फायदे



धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है – चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

अयोध्या में करीब 500 साल बाद आखिरकार रामलला को अपना नया भवन मिल ही गया। टैंट से रामलला भव्य मंदिर में विराजित हो गए। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की दुनिया में गूंज रही। 22 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में अयोध्या के भव्य और दिव्य राम मंदिर में प्रभु रामलला प्रतिष्ठापित हुए। इस दौरान पूरी दुनिया ने लाइव कवरेज देखा। पड़ोसी देश नेपाल से लेकर इजराइल और कोरिया तक दुनिया के देशों में राम उत्सव को लेकर क्या प्रतिक्रिया आई है।हर जगह राम ही राम।

# दुनिया के कई देशों में राम-राम



## दक्षिण कोरिया ने दी बधाई

भारत स्थित दक्षिण कोरियाई दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है। 'अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के समारोह पर बधाई। यह ऐतिहासिक जगह 48 ई. से ही अयोध्या की रानी श्रीरत्ना 'हीओ ह्वांग ओके' और गया 'कोरिया' के राजा किम सुरो के बीच वैवाहिक संबंध के आधार पर भारत कोरिया संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतीकात्मक महत्व रखता है।



## नेपाल ने रामलला की तस्वीर शेयर की लिखा-जयश्रीराम

*अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राम लला की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस पर दुनिया के कई देशों के साथ ही नेपाल से भी प्रतिक्रिया आई है। नेपाल प्रभु श्रीराम का ससुराल भी है। नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा 'जय श्रीराम' भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्री राम मंदिर का उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह का संपन्न होना सनातन धर्म के सभी अनुयायियों के लिए गौरव का पल है।'*

## दर्शन के लिए उत्सुक हूं इजराइल के राजदूत

*राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा 'राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के इस शुभ अवसर पर भारत के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह दुनियाभर के भक्तों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। मैं अयोध्या में राममंदिर के जल्द दर्शन के लिए उत्सुक हूं।'*




## न्यूजीलैंड ने की पीएम मोदी की तारीफ

*प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले न्यूजीलैंड के नियमन 'रेगुलेशन' मंत्री डेविड सेमोर ने बधाई देते हुए कहा 'मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भारत के सभी लोगों को बधाई देना चाहता हूं। 500 वर्षों के बाद इस मंदिर का निर्माण संभव हो पाया है। मैं प्रधानमंत्री मोदी के साहस और ज्ञान की कामना करता हूं।*

## खबर संक्षेप

### श्रीलंका ने नहीं घुसने दिया चीनी जहाज

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना समुद्री जहाजों के मूवमेंट पर लगातार नजर रख रही है। भारतीय नौसेना के एक अधिकारी ने कहा- चीन का खुफिया जहाज जियांग यांग होंग 03 इंडोनेशिया के सुंडा स्ट्रेट से होते हुए हिंद महासागर में घुसा और अब मालदीव की तरफ बढ़ रहा है। यह मालदीव इसलिए जा रहा है, क्योंकि श्रीलंका ने इसे अपने किसी भी बंदरगाह पर रुकने की इजाजत नहीं दी।चीनी जासूसी जहाज जियांग यांग होंग 03 इसके पहले 2019 और 2020 में मालदीव के माले में लंगर डाल चुका है।



### चीन के जासूसी जहाज रखेगा मालदीव

**माले।** श्रीलंका ने चीनी जहाजों को अपने देश के बंदरगाहों पर रुकने के लिए एक साल का प्रतिबंध लगा दिया था। ऐसे में अब चीन ने मालदीव के रूप में एक नया ठिकाना ढूंढ़ लिया है। सुबह को इसकी आखिरी लोकेशन इंडोनेशिया के सुंडा जल डमरू मध्य के समीप थी जहां से इसने हिंद महासागर क्षेत्र में प्रवेश किया था। मालदीव की ओर जा रहा ये चीनी 'जासूसी' जहाज भारत और माले के बीच राजनयिक विवाद का एक नया कारण बन सकता है।



## नियमों में संशोधन का दिया सुझाव

# मस्क ने यूएनएससी में भारत की स्थाई सदस्यता की वकालत की



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विश्व के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता की वकालत की है। उन्होंने कहा है कि सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के नाते भारत को जगह मिलनी ही चाहिए। मस्क ने एक्स पर कहा है कि कुछ बिंदुओं पर विश्व की सबसे बड़ी संस्था संयुक्त राष्ट्र में बदलाव करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सबसे बड़ी आबादी वाला देश को जगह मिलनी ही चाहिए। ऐसा नहीं किया जाना बेतुका है। उन्होंने यूएन प्रमुख एंटोनियो गुटरेस के ट्वीट को साझा कर अपना मत रखा है। टेस्ला प्रमुख एलन मस्क ने कहा कि अफ्रीका के लिए भी सामूहिक रूप से एक सीट होनी चाहिए। दरअसल गुटरेस ने कहा था कि अफ्रीका का नेतृत्व करने के लिए यूएनएससी में कोई भी नहीं है।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद क्या है?

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के छह प्रमुख अंगों में से एक है। इसकी स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को हुई थी। इस पर अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने, महासभा में संयुक्त राष्ट्र के नए सदस्यों के प्रवेश की सिफारिश करने और संयुक्त राष्ट्र में किसी भी बदलाव को मंजूरी देने की जिम्मेदारी है।सुरक्षा परिषद की संरचना की बात करें तो इसमें पांच स्थायी सदस्य हैं- अमेरिका, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और रूस। यह सामूहिक रूप से P5 के रूप में जाने जाते हैं। इनमें से कोई भी प्रस्ताव को वीटो कर सकता है। परिषद के दस निर्वाचित सदस्य भी होते हैं जिनका कार्यकाल सिर्फ दो साल का होता है। निर्वाचित सदस्यों को वीटो शक्ति नहीं दी जाती है।

### भारत क्यों बड़ा दावेदार है ?

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य बनने के इच्छुक सभी उम्मीदवारों में भारत सबसे अधिक मुखर है। भारत आज एक प्रमुख वैश्विक शक्ति केंद्र बन चुका है। भारत की सदस्यता का दावा इन तथ्यों पर आधारित है कि यह संयुक्त राष्ट्र के संस्थापक सदस्यों में से एक है, सबसे बड़ा लोकतंत्र है, दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है, और पांचवीं सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

## मिस्र में भारतीय विशेष बल की टुकड़ी का संयुक्त युद्धाभ्यास शुरू

# बंधकों को छुड़ाने के तरीके और दुश्मनों के खात्मे के दांव-पेंचों का आदान-प्रदान

*भारत और मिस्र के बीच संयुक्त विशेष बल युद्धाभ्यास'साइक्लोन'मंगलवार से शुरू हो गया है। अभ्यास के दूसरे संस्करण में भाग लेने के लिए 25 कर्मियों वाली भारतीय थल सेना की टुकड़ी मिस्र गई है। यह युद्ध अभ्यास 1 फरवरी तक अंशास, मिस्र में किया जाएगा। युद्धाभ्यास का पहला संस्करण पिछले साल भारत में किया गया था।*

**युद्धाभ्यास 1 फरवरी तक मिस्र में चलेगा**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

युद्धाभ्यास में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) के सैनिक कर रहे हैं। 25 कर्मियों वाले मिस्र के दल का प्रतिनिधित्व मिस्र के कमांडो स्क्वाड्रन और मिस्र के एयरबोर्न प्लाटून कर रही है। इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अध्याय सात के तहत रेगिस्तानी, अर्ध रेगिस्तानी इलाकों में विशेष अभियानों की पृष्ठभूमि में दोनों पक्षों को एक-दूसरे की संचालन प्रक्रियाओं से परिचित कराना है।

### खास बातें

- युद्धाभ्यास 'साइक्लोन' के तहत सामरिक संबंध मजबूत बनाने का उद्देश्य
- मिस्र की टुकड़ी में 25 सैनिक शामिल
- भारत के पैराशूट रेजिमेंट के सैनिक कर रहे हैं नेतृत्व



### अंतिम चरण में बचाव के तरीके

*अभ्यास के तीसरे और अंतिम चरण में लड़ाई और बंधक बचाव परिदृश्यों पर आधारित संयुक्त सामरिक युद्धाभ्यास शामिल होगा। यह युद्धाभ्यास दोनों देशों के सैन्य दलों को अपने संबंधों को मजबूत करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का अवसर प्रदान करेगा। यह साझा सुरक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने और दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करेगा। यह युद्धाभ्यास दोनों देशों के सैन्यदलों को अपने संबंधों को मजबूत करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का अवसर प्रदान करेगा। यह साझा सुरक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने और दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करेगा*

### दोनों देशों की थल सेनाओं के बीच मजबूत होंगे संबंध

*इस युद्धाभ्यास 'साइक्लोन' को द्विपक्षीय सैन्य सहयोग विकसित करने और दोनों थल सेनाओं के बीच रिश्तों को मजबूत करने के लिए सामरिक सैन्य युद्धाभ्यासों के रिहर्सल और दोनों सेनाओं के बीच चर्चा के माध्यम से डिजाइन किया गया है। युद्धाभ्यास में उप-पारंपरिक क्षेत्र में विशेष अभियानों की योजना और उनका कार्यान्वयन शामिल होगा और इसे तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में सैन्य प्रदर्शनियां और सामरिक बातचीत शामिल होगी। दूसरे चरण में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), काउंटर आईईडी और कॉम्बैट फर्स्ट एड पर प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।*

## दुनिया की इकलौती घुड़सवार सेना

# महीनों तक ट्रेनिंग व तोपों की आवाज का भी नहीं होता असर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सेना के पराक्रम के कई किस्से आपने सुने होंगे। सेना के जवानों ने अपनी बहादुरी से दुश्मन को कई बार मुंहतोड़ जवाब दिया है। आप हम आपको दुनिया की इकलौती घुड़सवार सेना के बारे में बताने जा रहे हैं।

61 कैवेलरी का नाम आपने शायद ही सुना होगा। गणतंत्र दिवस और कुछ खास मौकों पर जब भी आप भारत के राष्ट्रपति को कई जाते देखते होंगे तो उनके साथ एक घुड़सवार सेना भी चलती है। गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्यपथ पर होने वाली परेड में यह घुड़सवार दस्ता राष्ट्रपति की अगुवाई करता है। बता दें कि 61 कैवेलरी दुनिया की एकमात्र सक्रिय सेवारत हॉर्स कैवेलरी रेजिमेंट है। इसके सभी जवान ना सिर्फ कुशल योद्धा होते हैं बल्कि इन्हें घुड़सवारी में महारत हासिल होती है।

## खास होगा मैक्रों का भारत दौरा

# ऐतिहासिक शहर में पीएम मोदी संग रोड शो करेंगे फ्रांस के राष्ट्रपति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में 26 जनवरी की तारीख को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए जोर-शोर से तैयारियां पूरी की जा रही हैं। सेना के विभिन्न अंगों के जवान कर्तव्य पथ पर होने वाली परेड के लिए तैयारियां कर रहे हैं। पीएम मोदी भी 25 जनवरी को जयपुर के प्रस्तावित दौरे पर होंगे। पीएम मोदी और मैक्रों जयपुर में रोड शो करेंगे। ये रोड शो सांगानेरी गेट से शुरू होगा। रोड शो जोहरी बाजार, बढ़ी चौपड़ से गुजरते हुए बड़ी चौपड़ और त्रिपोलिया गेट पहुंचेगा। दोनों का रोड शो त्रिपोलिया से अंदर जंतर मंतर, सिटी पैलेस, हवामहल पहुंचेगा।



### मैक्रों ने पीएम को कहा था- शुक्रिया

*पीएम मोदी ने गणतंत्र दिवस के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति को आमंत्रित करते हुए लिखा था- "मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, हम 75वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में आपका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। हम भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों में साझा विश्वास का भी जश्न मनाएंगे।"*

### पहले हमास ने और फिर इजराइल ने किया हमला

**जेरुशलम।** सोमवार को हमास के आतंकियों ने इजराइल की सेना पर हमला कर दिया। हमले इजराइल के 24 सैनिक मारे गए। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में सबसे घातक हमले में 21 सैनिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि सेना जीत पूरी होने तक लड़ती रहेगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में नेतन्याहू ने कहा, 'युद्ध की शुरुआत के बाद से सोमवार का दिन सबसे कठिन दिनों में से एक था।'मंगलवार को इजराइली सेना ने हमला किया जिसमें हमास के 139 आतंकी मारे जाने की खबर है।

## लेंगपुई एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा

# सैनिकों को एयरलिफ्ट करने आया म्यांमार सेना का विमान क्रैश हुआ



एजेंसी ⏭ लेंगपुई

भारत के पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में मंगलवार को लेंगपुई एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा हुआ। राजधानी आइजोल के पास स्थित लेंगपुई एयरपोर्ट पर म्यांमार सेना का विमान क्रैश हो गया। लेंगपुई एयरपोर्ट आइजोल के पास स्थित एक घरेलू एयरपोर्ट है। सूत्रों ने बताया है कि सैन्य विमान उन सैनिकों को एयरलिफ्ट करने के लिए म्यांमार से आया था, जो पिछले हफ्ते भारत-म्यांमार सीमा पार कर मिजोरम में दाखिल हुए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, मिजोरम डीजीपी ने कहा, 'म्यांमार सेना के विमान क्रैश होने की वजह से छह लोग घायल हुए हैं। विमान में पायलट समेत 14 लोग सवार थे। घायलों को लेंगपुई अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शुरुआती रिपोर्ट्स में बताया गया है कि म्यांमार में सेना और विद्रोहियों के बीच लड़ाई चल रही है।

### हथियार लेकर गांव में घुसे थे

मिली जानकारी के मुताबिक, म्यांमार एयरफोर्स के विमान लेंगपुई एयरपोर्ट पर आए और इसमें सवार होकर 184 सैनिक अपने देश के रखाइन प्रांत के सित्वे में चले गए। बचे हुए 92 सैनिकों को मंगलवार को म्यांमार भेजा जा रहा है। म्यांमार के सैनिक 17 जनवरी को हथियारों और गोला-बारूद के साथ दक्षिणी मिजोरम के लांग्टलाई जिले में भारत-म्यांमार-बांग्लादेश ट्राइजंक्शन पर स्थित बांडुकबंगा गांव में घुस गए और असम राइफल्स के पास पहुंचे।

## 29 लड़ाकू विमान, झांकियों में चंद्रयान-3 और भगवान राम की दिखेगी झलक

# गणतंत्र परेड़ में भारतीय एयरफोर्स के 51 स्वदेशी एयरक्राफ्ट शामिल होंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस के फ्लाई-पास्ट में भारतीय एयरफोर्स के 51 एयरक्राफ्ट शामिल होंगे। इनमें 29 फाइटर प्लेन, 7 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, 9 हेलिकॉप्टर और एक हेरिटेज एयरक्राफ्ट शामिल होगा। इन्हें 6 अलग-अलग बेस से ऑपरेट किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की परेड के दौरान 16 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों और 9 मंत्रालयों और विभागों की 25 झांकियां शामिल होंगी। अनुसंधान केंद्र, निर्वाचन आयोग और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग मंत्रालय की झांकियां नजर आएंगी। इसरो की झांकी में चंद्रयान-3 सबसे प्रमुख हाई लाइट होगी। इस झांकी में चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग, चंद्रमा के साउथ पोल पर उसकी सफल लैंडिंग और चंद्रयान-3 के लैंडिंग पॉइंट 'शिव शक्ति पॉइंट' को भी दिखाया जाएगा।



### पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर्स

पिनाका रॉकेट सिस्टम के नए वर्जन की रेंज बढ़ाई गई है जो 45 किमी की दूरी तक टार्गेट नष्ट कर सकेगा। इस रॉकेट सिस्टम को पुणे की आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट इस्टैबलिश्मेंट और हाई इनर्जी मटैरियल रिसर्च लैबोरेटरी में संयुक्त रूप से बनाया गया है।

### हेलिकॉप्टर रुद्र

एएलएच ध्रुव चॉपर्स का वेपनाइज्ड वर्जन। वेपन सिस्टम में पिनाका और स्वाती रडार भी शामिल होगा। इन्हें भी डीआरडीओ ने डेवलप किया है।

### वेपन सिस्टम

टी-90 टैंक, बीएमपी-2 इंफैंट्री कॉम्बैट व्हीकल, ड्रोन जैमर्स, एडवांस्ड सरवत्र ब्रिज, मीडियम रैंज सर्फेस टु एयर मिसाइल लॉन्चर और मल्टी फंक्शन रडार।

### नाग एंटी-टैंक मिसाइल

डीआरडीओ की बनाई हुईमिसाइल दिन और रात दोनों में दुश्मन के मजबूत से मजबूत टैंक को एंगेज कर सकता है।

### झांकी में शामिल होंगे, एयरक्राफ्ट और मिसाइल

प्रचंड चॉपरः हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का बनाया पहला स्वदेशी मल्टी-रोल कॉम्बैट हेलिकॉप्टर।

## दूसरे दिन भी रही भोजन, भंडारों की धूम

# श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर अनुष्ठानों का आयोजन

**जबलपुर।**

रामजन्म भूमि अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दूसरे दिन भी भंडारे का क्रम जारी था। सोमवार को तो दीवाली से बढ़कर नजारा दिखाई दिया, लोग सड़कों पर घूमने निकले, घरों को राम ज्योति को खुशी से प्रज्जवलित किया, देर रात तक आतिशबाजी चलाई, जगह-जगह भंडारे और प्रसाद वितरण किया गया। यह सिलसिला दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी था।

### बड़ी महाकाली में भंडारा

श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति गढ़ाफाटक कालीधाम में मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का प्रसाद का सर्वप्रथम माँ महाकाली को भोग लगाया गया, उसके बाद भंडारा प्रारंभ हुआ। हजारों लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। इसके पूर्व सोमवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर अखंड रामायण, सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया था और शाम को राम ज्योति प्रज्ज्वलित कर हर्षोल्लास के साथ आतिशबाजी की गई। श्रद्धालुओं को लड्डुओं व मखाने का प्रसाद वितरण किया गया।

### गोविंदगंज रामलीला में भंडारा

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के तहत चार दिवसीय आयोजन के बाद कटरा वालें महावीर हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन महाआरती के बाद रामलीला प्रांगण में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें हजारों लोगें ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

### सिख समाज ने खीर और लड्डुओं का वितरण किया

उत्सव की खुशी में जबलपुर के सिख समाज द्वारा जबलपुर सिख संगत के नेतृत्व एवं सिख समाज की समस्त धार्मिक शैक्षणिक सामाजिक संस्थाओं एवं गुरुद्वारा गुरुसिंह सभाओं के सहयोग से गोरखपुर स्थित गुलाटी चौक एवं मालवीय चौक स्थित गुरुद्वारा मढाताल में 151 लीटर दूध से तैयार खीर का विशाल भंडारा लगाया और साथ ही बूंदी के लड्डुओं का भी वितरण किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री हरेंद्रजीत ससिंह बब्बू, गुरुद्वारा गोरखपुर के प्रधान रजिंदर सिंह छाबड़ा, सदर के प्रभजोत सिंह , मढ़ाताल के प्रताप सिंह विरदी, गौरीघाट के गुलजीत सिंह साहनी सहित समाज के विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### सुरभी वैष्णव ने बनाई प्रभु श्रीराम की आकृति वाली रंगोली

**जबलपुर।** श्रीराम लाला सरकार की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विविध कार्यक्रमों की धूम रही। वहीं बच्चों से लेकर बड़ों ने भी राम मंदिर में प्रभु श्रीराम के विराजमान होने पर अपनी-अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया। ऐसे ही कुछ नजारे घरों में भी देखने मिले, जिसमें अधारताल आदर्श नगर निवासी सुरभी वैष्णव ने भी अपने घर में प्रभु श्रीराम की आकृति को उकेरते हुए रंगोली बनाई, जो की काफी सराही गई।

# भगवान राम से संबंधित डाक टिकट की प्रदर्शनी आयोजित

**जबलपुर।**

मुख्य डाकघर परिसर जबलपुर में अयोध्या में राम जिनकी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर भगवान राम से संबंधित डाक टिकट प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन अजय सिंह निदेशक डाक सेवाएं द्वारा किया गया। वरिष्ठ डाक टिकट संग्रहकर्ता हेमंत कुमार जैन द्वारा मैक्स कार्ड और प्रथम आवरण पर राम जन्म से राम राज्य को दिखाया। अरविंद मालिक द्वारा प्रभु श्री राम, सीता, लक्ष्मण, रावण, हनुमान को दर्शाते भारत नेपाल थाईलैंड, इंडोनेशिया, के डाक टिकट प्रदर्शित किए गए इसके अलावा रामनवमी एवं रामायण के संस्करण संबंधित स्मारक आवरण ,नौका वाहित विशेष आवरण भी प्रदर्शित किए गए। श्याम नारायण तिवारी द्वारा भगवान राम से संबंधित भारतीय और विदेशी डाक टिकट को प्रदशित किया, जिसमें नेपाल की वर्ष 1967 में सीता जयंती 15 पैसे की डाक टिकट। इसमें सीता जी के साथ ही जनकपुर के मंदिर को भी दिखाया गया है। इंडोनेशिया द्वारा जारी 15 जून सन 1962 में चतुर्थ एशियाई खेल पर जारी डाक टिकट में भगवान राम को अपने दिव्य धनुष के साथ दिखाया गया है, रूमा दास गुप्ता द्वारा अयोध्या से चित्रकूट तक 14 स्थानों के राम वन गमन पथ पर आधारित विशेष आवरण का प्रदर्शन किया।



## जायसवाल महिला मंडल का सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन




**जबलपुर।** जायसवाल महिला मंडल द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जायसवाल समाज भवन नेपियर टाउन में किया गया। कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम पर आधारित नृत्य एवं वेशभूषा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में केवट प्रसंग पर बहुत ही सुंदर नाटक भी प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने राम सीता एवं हनुमान बनकर बहुत ही मोहन प्रस्तुति दी। इस अवसर पर महिलाओं ने व्यंजन प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता में भी बढ़ चढ़कर भाग लिया भगवान श्री राम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर भगवान श्री राम से जुड़ी जानकारी पर क्विज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज के अध्यक्ष केशव जायसवाल थे।

## कलचुरि क्लब की बैठक आयोजित

**जबलपुर।** कलचुरि क्लब की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में स्व श्रीमती सुशीला चौकसे पत्नी श्री मनोहर चौकसे अध्यक्ष व स्व श्रीमती भावना महाजन पत्नी श्री शैलेन्द्र महाजन उपाध्यक्ष कलचुरी महासभा जबलपुर को कलचुरी कलब द्वारा शोकसभा आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभा में कलचुरी क्लब के अध्यक्ष मनोहर चौकसे, महामंत्री बी डी राय, के एस राय,रवींद्र चौकसे, राजेन्द्र राय, कौशलेंद्र महजन, संदीप चौकसे, संजय चौकसे, संजय शिवहरे, राजेश जायसवाल पप्पू, राजीव चौकसे, राज महाजन, आनन्द महाजन, सुरेंद्र चौकसे, मिथलेश चौकसे, एस एन एस राय, राकेश चौकसे, व्ही के गुप्ता, संजय महाजन, एस पी राय,श्रीचंद चौकसे आदि उपस्थित थे।

## नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा एवं शाही स्नान कल

**जबलपुर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पौष पूर्णिमा दिन गुरुवार 25 जनवरी गुरुवार को प्रात 8:30 बजे हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से शाही स्नान एवं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में निकाली जाएगी। शाही स्नान का नेतृत्व



स्वामी कलीनंद महाराज, स्वामी प्रकाशानंद महाराज, स्वामी रामजी शरण महाराज, महंत योगी, राजेशदास महाराज, बाबा भोलादास महाराज, शीला मुनि माताजी, विकास महाराज, मनु गिरी महाराज, रामानंद गिरी महाराज, कथा वाचक आदि संत करेंगे। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने बताया शाही स्नान हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रारंभ होकर जिसमे अखाड़े दुल दुल घोड़ी संकीर्तन मंडलियों के साथ सरस्वती घाट जायेगे वहाँ पूजन अर्चन करने के बाद निःशुल्क माघ मास कल्पवास 9 वे वर्ष का शुभारंभ हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में किया जाएगा फिर आश्रम में विशाल भंडारे के साथ बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण होगा। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल, डॉ शिव शंकर पटेल, पंडित मनमोहन दुबे, श्याम मनोहर पटेल, मनोज गुलाब बनी, प्रभाकर चतुर्वेदी आदि ने की हैं।

## पेंशनर्स को अतिरिक्त राशि की पात्रता उम्र 65 वर्ष की जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश प्राग्रेसिव एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष ओपी बुधौलिया संभागीय अध्यक्ष वीपी शुक्ला और जिला शाखा अध्यक्ष डॉ.अरुण पांडे ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर पेंशनर्स को अतिरिक्त राशि की पात्रता आयु 80 वर्ष से घटाकर 65 वर्ष की जाए। इसी क्रम में 65 से 80 वर्ष तक 5 प्रतिशत वृद्धि कर अतिरिक्त राशि की सुविधा दी जाए। अभी प्रदेश सरकार द्वारा 80 वर्ष की आयु होने पर 20 प्रतिशत और उसके बाद हर 5 साल में 5 प्रतिशत की वृद्धि की जाती हैं। जीवन की विषम परिस्थितियों को देखते हुए इस मांग को पूरा करने के लिए केके शुक्ला, प्रेम वल्लभ शर्मा, प्रफुल्ल शर्मा, रुपकिशोर पासी आदि पेंशनरों से मुख्यमंत्री से आग्रह किया हैं।

**मॉडलियन का प्रतिभा अलंकरण कार्यक्रम**

## मेधावी छात्र-छात्राओं को अलंकरण व नगद पुरुस्कार मिले

**जबलपुर।** मॉडल हाई स्कूल (पं. लज्जाशंकर झा उच्च माध्य उत्कृष्ट विद्यालय, जबलपुर) के भूतपूर्व छात्रों के संगठन मॉडेलियन का प्रतिभा अलंकरण समारोह समारोह शाला के छात्र छात्राओं की उपस्थिति में आज 23 जनवरी को आयोजित किया गया। मॉडेलियन द्वारा मॉडल हाई स्कूल के पूर्व शिक्षकों व प्राचार्ये की स्मृति में विभिन्न विषयों में प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को अलंकरण एव नकद राशि प्रदान की गई। इस वर्ष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला के 1980 बैच के छात्र दीपक गुप्ता रहे जो कि सेनाओं और रेलवे व मेट्रो प्रोजेक्टस के सिविल इंजीनियरिंग के शीर्ष पदों पर आसीन रहे और शाला की कीर्ति पताका देश विदेश में फैलायी। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने छात्रों को यथा संभव मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया और अपने समय के स्कूल के अनुभव सुनाये।



कार्यक्रम में शाला प्राचार्य मुकेश तिवारी मॉडेलियन अध्यक्ष निखिलेश निगम, सचिव हिमांशु राय, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र भार्गव, संयुक्त सचिव युवराज गढ़वाल, हेमन्त दवे व 1975 बैच के पीयूष अग्रवाल गोविन्द इंदुरख्या, अजय नामदेव, आर के रावत आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन युवराज गढावाल ने किया।



## विख्यात कथाकार ज्ञानरंजन को मिलेगा प्रेमचंद स्मृति कथा सम्मान

जबलपुर। बांदा के बुद्धिजीवियों व कलाप्रेमियों द्वारा 2007 से प्रतिवर्ष प्रेमचंद स्मृति कथा सम्मान हिंदी कथा में योगदान के लिए दिया जाता है। इस वर्ष का प्रेमचंद स्मृति कथा सम्मान पहल के संपादक व विख्यात कथाकार ज्ञानरंजन को उनके आजीवन कथा व सम्पादकीय योगदान के लिए देने का निर्णय लिया गया है। 4 फरवरी को बाँदा में प्रतीक फाउंडेशन के तत्वावधान में एक कार्यक्रम में ज्ञानरंजन को 31000 रूपए की सम्मान निधि व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ कथाकार योगेंद्र आहूजा, संजीव कुमार, प्रणय कृष्ण, संजय जोशी, संजय श्रीवास्तव व मनोज कुमार सिंह वक्तव्य देंगे।



## श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** शिव हनुमान मंदिर विकास समिति भडपुरा शोभापुर भगवान श्री रामलला जी की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर शिव हनुमान मंदिर भडपुरा शोभापुर में दो दिवसीय कार्यकर्म आयोजित किया गया। जिसमे अखंड मानस, हवन, रंगोली प्रतियोगिता, हर घर दीप प्रज्वलित किए गए। शाम को महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

## कृषि छात्रों के लिए मायलॉफ्ट एप मील का पत्थर साबित होगी : कुलपति

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत नारोप परियोजना के सहयोग से कृषि महाविद्यालय पवारखेड़ा द्वारा मायलॉफ्ट यानि मेरा पुस्तकालय हर जगह एप की लांचिग कार्यक्रम का आयोजन कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य में कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के स्वामी विवेकानंद सभागार में बड़े ही गरिमामय माहौल में आयोजित हुआ। मुख्यअतिथि की आसंदी से कुलपति डॉ. पीके मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुस्तकालय प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब इसमे आधुनिक तकनीक का समावेश किया जाता है, तब यह एक नए स्तर का अनुभव प्रदान करता है। "मेरा पुस्तकालय हर जगह (MyLOFT) एक ऐसा वेब आधारित मोबाइल एप्लिकेशन है, जो आपको आपकी पुस्तकालय को अपने उंगलियों पर लाने का अनुभव कराता है। कुलपति डॉ मिश्रा ने कहा कि आप आसानी से पुस्तकें, ग्रंथ, और साहित्य को अपनी आवश्यकता अनुसार खोज सकते है। यह नई और अद्वितीय विशेषताओं के साथ आपको नई ऊर्जा का एहसास करायेगा, और पुस्तक पाठकों को एक नए स्तर की सुविधा और अनुकूलता प्रदान करने के साथ ही कृषि के छात्र-छात्राओं हेतु यह तकनीक मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एसके पांडे, संचालक अनुस्थान सेवायें डॉ. जी. के. कीतु संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, सहित विभागाध्यक्ष प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।




## ट्रांसमिशन मेंटेनेंस में आधुनिक तकनीक समय की मांग : तिवारी



**पावर ग्रिड ने साझा की एमपी ट्रांसको के साथ एडवांस तकनीक**

**जबलपुर।** अति उच्च दाब लाइनों एवं उपकेन्द्रों के संधारण में अत्याधुनिक नई तकनीक का उपयोग करके कम समय में ही तकनीकी खराबी का विश्लेषण संभव है, जिससे प्राथमिकता निर्धारित करते हुये व्यवधान होने से बचाने में मदद मिल रही है। एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन आफ इंडिया के बीच मेंटेनेंस की एडवांस तकनीकों की पद्धतियों को आपस में साझा करने के लिए आयोजित सेमिनार को संबोधित करते यह बात एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान में एम पी ट्रांसको अत्याधुनिक तकनीक एवं नवाचार के प्रति संवेदनशील है तथा तकनीकी कर्मियों के अभाव के बाबजूद भी अति उच्च दाब लाइनों एवं उपकेन्द्रों का संधारण कार्य तथा ट्रिपिंग को न्यूनतम स्तर पर रखना विभिन्न नवाचारों के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि एम पी ट्रांसको वर्तमान में विभिन्न चुनौतियों के बावजूद नई तकनीकों के समावेश से ही राष्ट्रीय स्तर पर ट्रांसमिशन हानि को न्यूनतम तथा लाइनों एवं उपकेन्द्रों की उपलब्धता मानक स्तर से अधिक रखने में सफल रहा है। पॉवर ग्रिड कॉर्पेरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड गुरूग्राम नई दिल्ली के वरिष्ठ महा प्रबंधक कुलेश्वर साहू द्वारा परिसंम्पति प्रबंधन, अति उच्च दाब लाइनों एवं उपकेन्द्रों के संधारण से संबंधित वृहद् तकनीकी पहलुओं पर प्रस्तुतिकरण किया गया और उन्होंने पावर ग्रिड में अपनाई जा रही एडवांस तकनीकी पद्धतियों के बारे में विस्तार से बताया। सेमिनार में एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी के इंजिनियर्स ने हिस्सा लिया। सेमिनार के संयोजक मुख्य अभियंता संदीप कुमार गायकवाड ने सेमिनार का संचालन एवं आभार प्रदर्शन किया।



## कृषि विवि में दीप जलाकर की गई श्रीराम की पूजा अर्चना

**जबलपुर।** अयोध्या में बने भव्य और दिव्य मंदिर में समाज के आदर्श मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होने पर पूरे देश में दीपोत्सव कार्यक्रम सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये गये। इसी श्रंखला में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में भी कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला दिनभर चला। इस दौरान सुबह कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने गाय पूजन एवं कृषि नगर स्थित शिव मंदिर सहित प्रांगण के अन्य मंदिरों में विश्वविद्यालय के स्टॉफ के साथ पूजन-अर्चन एवं रामायण पाठ कार्यक्रम में शामिल हुये। इसके साथ ही कुलपति डॉ. मिश्रा ने शाम में जनेकृविवि के जवाहर क्रीड़ांगन में पहुंचकर आयोजित वृहद् दीपोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल होकर दीप जलाकर एवं मानव श्रृखला बनाकर मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम भगवान का पूजन-अर्चन कर विश्वविद्यालय के उन्नति एवं प्रगति की कामना की।

वहीं भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा एवं धार्मिक अनुष्ठानों के अवसर पर जनेकृविवि के कन्या छात्रावासों में भी असिस्टेंट प्रोफेसर एवं छात्रावास अधीक्षक डॉ. स्तुति शर्मा की उपस्थिति में भजन कीर्तन एवं रामायण पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रावास अधीक्षक डॉ. अनुभा उपाध्याय, डॉ. सुब्रता शर्मा, डॉ. रजनी तोमर, डॉ. रजनी शर्मा सहित छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल होकर पूजन-अर्चन किया।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY No. 15421829P RANK-HAV NAME KAMLESH KUMAR DANDHARE S/O SEVARAM DANDHARE OF UNIT MH. JABALPUR(M.P) R/O H NO 02 WARD NO 10 BOTHIYA UMRANALA BOTHIYA CHHINDWARA MADHYA PRADESH 480107 solemnly declare that I am presently residing at the above mentioned address that in my Mother, Aadhar card my Mother (JANKI PAWAR) date of birth is recorded 01/01/1960 which is true and correct but in my Army service Record my Mother Name JANKEE BAI DANDHARE date of birth is recorded 01/07/1956 Which is incorrect. that the true and correct Name is JANKI PAWAR date of birth of my Mother, is 01/01/1960 and same Name and date of birth shall be corrected in my Army service Record.

Correct Name - JANKI PAWAR
Correct date of birth- 01/01/1960
Incorrect Name- JANKEE BAI DANDHARE
Incorrect date of birth- 01/07/1956

# झारखंड सीएम हेमन्त सोरेन ने वितरित किए 'अबुआ आवास योजना' के स्वीकृति पत्र

रांची।

अबुआ आवास योजना के तहत प्रथम चरण में खूंटी और सिमडेगा के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि 'झारखण्ड के आदिवासी मूलवासी और जरूरतमंद लोग बढ़ रहे हैं। बिहार राज्य से अलग होने के बाद झारखण्ड का यह पहला कदम है, जब सरकार लोगों को मान-सम्मान और अधिकार के साथ जीवन यापन कर सकने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस कड़ी में राज्य सरकार की अबुआ आवास योजना का शुभारम्भ यहां से हो रहा है। आज यहां आबुआ आवास योजना के तहत लोगों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। पूर्व में भी आपके बीच आकर आपको सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया। अलग अलग समय पर पदाधिकारियों ने आपके द्वार जाकर आपकी समस्याओं के समाधान का प्रयास किया है।'

मुख्यमंत्री ने कहा खूंटी और सिमडेगा के लाभार्थी अब अबुआ आवास निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। खूंटी और सिमडेगा में करीब 75 हजार अबुआ आवास का निर्माण विभिन्न चरणों में होगा। राज्य संपोषित है 'अबुआ आवास योजना।' मुख्यमंत्री ने कहा गरीबों को आवास देने की सूची राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को उपलब्ध कराया था। इसमें आठ लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया था। इसकी सूची पोर्टल में भी अपलोड कर दिया गया। यह तीन कमरों और रसोईघर युक्त पक्का आवास होगा। पूर्व में पीएम आवास योजना के तहत दो कमरों का आवास निर्माण किया जाता था, जिसके लिए एक लाख 30 हजार रुपए दिए जाते थे। आपकी सरकार अबुआ आवास निर्माण हेतु 02 लाख रुपए दे रही है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान करीब 30 लाख आवेदन प्राप्त हुए। जब इन आवेदनों को सत्यापन किया गया। सत्यापन के उपरांत 20 लाख जरूरतमंदों को विभिन्न चरण में आवास उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। सरकार आठ लाख से बढ़ाकर 20 लाख आवास का निर्माण करेगी। पहले की अपेक्षा बेहतर आवास सरकार देगी।




मुख्यमंत्री ने कहा राज्य के युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के कई अवसर उपलब्ध करा रही है। निजी क्षेत्र स्थानीय लोगों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण तय कर दिया है। इसके तहत 50 हजार से अधिक हुनरमंद युवाओं को विभिन्न उद्योगों में रोजगार दिया गया है। स्वरोजगार के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना संचालित की जा रही है। इसके जरिए युवा स्वरोजगार अपनाकर खुशहाली की ओर बढ़ सकते हैं। मुख्यमंत्री अन्य जिलों में जाकर पहले चरण के लाभुकों को अबुआ आवास योजना से जोड़ने हेतु स्वीकृति पत्र और राशि प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, उपायुक्त खूंटी, उपायुक्त सिमडेगा, पुलिस अधीक्षक खूंटी, पुलिस अधीक्षक सिमडेगा, खूंटी एवं सिमडेगा जिला के पदाधिकारीगण एवं हजारों की संख्या में लाभार्थी उपस्थित थे।

# अयोध्या ही नहीं बुंदेलखंड के भी राजा हैं श्रीराम
## दिन में पांच बार 'गार्ड ऑफ ऑनर' देती है पुलिस

*ओरछा। दुनिया जानती है कि प्रभु श्रीराम अयोध्या के राजा थे, लेकिन भारत में एक और ऐसी जगह है, जहां पर प्रभु राम राजा के रूप में विराजते हैं। यहां पर पुलिस दिन में पांच बार उनको गार्ड ऑफ ऑनर देती है। बता दें कि ओरछा में प्रभु श्रीराम के अलावा किसी को भी गार्ड ऑफ ऑनर नहीं दिया जाता। कहा जाता है कि प्रभु श्रीराम यहां दिनभर रहते हैं तथा विश्राम करने रात्रि अयोध्या जाते हैं। यह जगह बुंदेलखंड के ओरछा में स्थित है। यह मंदिर करीब 400 साल पुराना है। इस मंदिर के बारे में कई सारी कहानियां कही जाती हैं।*



### लगभग 400 साल पुरानी है परंपरा

बता दें कि यहां प्रभु श्रीराम को छोड़कर कोई भी वीआईपी नहीं है। पुलिस द्वारा राजा राम को दिन में 5 गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाता है। यह परंपरा आज से करीब 400 साल पहले से चली आ रही है। यहां पर राजा राम के अलावा किसी और को गार्ड ऑफ ऑनर नहीं दिया जाता है।



### मंदिर में तब्दील हो गया महल

भगवान श्रीराम के कहे अनुसार कि मूर्ति को कोई हिला नहीं सकता था इस कारण मंदिर को ही महल में तब्दील कर दिया गया। इसके बाद से ओरछा के राजा भगवान श्रीराम हो गए। यहां पर प्रभु श्रीराम को छोड़कर बाकी सभी लोग प्रजा हैं। लोग यहां दर्शन करने आते हैं और अपनी हाजिरी लगाते हैं।

### महारानी ने किया निवेदन राम ने रखीं दो शर्तें

कहते हैं कि ओरछा की महारानी ने प्रभु श्रीराम से ओरछा चलने का निवेदन किया था। इस पर प्रभु ने उनकी बात मान ली थी। प्रभु श्रीराम ओरछा चलने को तो राजी हो गए थे, लेकिन उन्होंने रानी के सामने 2 शर्तें रख दी थीं। भगवान श्रीराम ने पहली शर्त रखी थी कि हम जहां विराजमान होंगे, वहां से हमें कोई हिला नहीं पाएगा। प्रभु श्रीराम की दूसरी शर्त थी कि ओरछा के राजा वे स्वयं होंगे। रानी ने उनकी सारी शर्तें मान लीं और वे उन्हें महल में ले आईं। इस मंदिर का इतिहास 400 साल पुराना है। मान्यता है कि बुंदेलखंड की राजधानी ओरछा के राजा मधुकर शाह की पत्नी महारानी कुंवर गणेश भगवान श्रीराम की परम भक्त थीं। प्रभु श्रीराम को प्रसन्न करने के लिए रानी ने अयोध्या में कड़ी तपस्या की थी इसके बाद प्रभु श्रीराम ने उन्हें बाल स्वरूप में साक्षात दर्शन दिए थे।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के पूल-बी में शामिल

**लुसाने।** एशियाई खेलों के चैंपियन और टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत को इस साल के पेरिस ओलंपिक खेलों में पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में कठिन पूल बी में रखा गया है। आठ बार के चैंपियन भारत ने टोक्यो में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था। भारत के साथ पूल बी में ओलंपिक चैंपियन और विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज बेल्जियम, बेहद मजबूत ऑस्ट्रेलिया, रियो खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड की टीमें हैं। भारत वर्तमान में बेल्जियम और नीदरलैंड के बाद विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है। टीम के लिए टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना को हराना मुश्किल साबित होगा। इस बीच, पूल ए में नीदरलैंड, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन, फ्रांस और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने रविवार को एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के पूरा होने के बाद पुरुष और महिला हॉकी प्रतियोगिता के पूल की घोषणा की।



# सिएट के स्टील रेड टायर के दो वेरिएंट लॉन्च

**मुंबई।** टायर निर्माता सिएट अपने स्टील रेडियल टायर और क्रॉसरेड की एक नई रेंज के साथ अपने दोपहिया टायर रेंज की परफॉर्मेंस को एक नए ही स्तर पर ले गई है। स्टील रेडियल टायरों की यह प्रीमियम रेंज विशेष रूप से हाई परफॉर्मेंस मोटरसाइकिलों की क्षमता का अधिकतम फायदा उठाने के लिए तैयार की गई है। स्पोर्टरेड रेंज तेज रफ्तार और महीन मोड़ काटने के लिए डिजाइन की गई हैय जबकि क्रॉसरेड एक मल्टी टेरेन हाई ग्रिप टायर है। स्टील रेड टायरों में स्टील.बेल्टेड रेडियल कंस्ट्रक्शन होता हैए जो तेज रफ्तार में बेहतर हैंडलिंग देता है। सिएट स्टील रेड टायर मोटरसाइकिलों के परफॉर्मेंस सेगमेंट के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किए गए हैं।

**आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम-परमाणु ऊर्जा विभाग) प्रभादेवी, मुंबई**
CIN: U15100MH1950GOI008187

**विज्ञापन सं. CO/HRM/24/2024**

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड, एक मिनीरत्न । सीपीएसई, प्रशासन और वित्त विषयों में निम्नलिखित पदों के लिए अनुभवी पेशेवरों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13.02.2024 है।

| पद का नाम | ग्रेड | वेतनमान (रुपये में) | पदों की संख्या | के लिए आरक्षित |
|---|---|---|---|---|
| सहायक प्रबंधक (प्रशासन) | ई-1 | 40000-140000 | 1 | ओबीसी (एनसीएल) |
| पर्यवेक्षक (वित्त) | एस-2 | 26500-72000 | 1 | अनारक्षित |

पात्र और इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे विवरण और आवेदन के लिए आईआरईएल वेबसाइट www.irel.co.in के कैरियर अनुभाग पर जाएं।

CBC 48129/12/0051/2324

घटना जीआरपी चौकी क्षेत्र की, बाइक से युवक घर जा रहा था

# चाइनीज मांझे ने फिर ली एक युवक की जान

**राजनंदगांव।** तंग उड़ाने के दौरान चाइनीज मांझे से गला कटने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर चरोदा जीआरपी पहुंची। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां युवक की मौत हो गई। जीआरपी चरोदा प्रभारी गोपी सिंह पैकरा ने बताया कि ग्राम बेदरागोडी थाना गेंदातोली जिला राजनंदगांव निवासी अजय कुमार टंडेकर 18 वर्ष अपने मौसा जीकेबिन चरोदा निवासी वीरेन्द्र भुंडेकर के घर घूमने आया हुआ था। मौसा का बेटा विहांत 4 वर्ष को बाइक में बिठाकर स्कूल छोड़ने के लिए अजय निकला था। इस दौरान सोमवार की सुबह 10.30 बजे देवबलौदा जाने वाले मार्ग के पास कुछ युवक पतंग उड़ा रहे थे। अचानक पतंग का मांझा अजय के गले से फंस गया। मांझे से उसका का गला कट गया और बाइक अनियंत्रित होकर जमीन पर गिर पड़ा। बाइक के पीछे विहांत भी बैठा हुआ था। दोनों सड़क पर गिर पड़े। अजय के गले से काफी खून निकल रहा था। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना जीआरपी चरोदा को दिया। घायलों को तुरंत सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल लाया गया था। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया। दुर्ग पहुंचते ही अजय ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं विहांत की हालत गंभीर बनी हुई है।

# ऑनलाइन से अब घर-घर पहुंच रहा चाइनीज मांझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चाइनीज मांझा का कहर भोपाल सहित देश के और कई शहरों में देखने के बाद छत्तीसगढ़ में भी सामने आने लगा है। इसी कड़ी में भिलाई, चरोदा के पास चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक दोपहिया चालक की मौत हो गई।

हरिभूमि तत्काल

### पतंग कारोबारियों ने कहा- हम नहीं रखते

बूढ़ापारा तथा सदर बाजार के तीन अलग-अलग पतंग कारोबारियों से हरिभूमि की टीम ने चाइनीज मांझे को लेकर सवाल किया गया, तो उन लोगों का कहना था कि वे अपनी दुकान में चाइनीज मांझा नहीं रखते।

## राशिफल

**मेष** परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

# अयोध्या ही नहीं इन शहरों के कण-कण में भी बसते हैं श्रीराम

*नई दिल्ली। कण-कण में राम, क्षण-क्षण में राम...श्री राम जय राम जय जय राम...जी हां आज पूरा ब्रह्मांड राम नाम से गूंज रहा है। राम की भक्ति और राम के नाम का रंग पूरे देश में चढ़ा हुआ है। अयोध्या अपने राम के स्वागत में सजी है तो वहीं देश के अलग अलग शहरों में बने राममंदिर भी शोभायमान हैं। देश के ऐसे प्रसिद्ध राममंदिर हैं जो देश-विदेश में प्रसिद्ध हैं। इन मंदिरों की रौनक आपका मन मोह लेगी, क्योंकि यहां के कण-कण में राम बसते हैं।*

### त्रिप्रायर श्रीराम मंदिर, केरल



प्राकृतिक सुंदरता के लिए मशहूर केरल में भी भगवान राम का मंदिर है। यहां का प्राचीन त्रिप्रायर श्रीराम मंदिर पूरे दक्षिण भारत में प्रसिद्ध है। हर दिन यहां हजारों भक्त पहुंचते हैं। कहा जाता है कि इस मूर्ति की पूजा-पाठ भगवान श्रीकृष्ण किया करते थे। यहां सारी मन्नतें पूरी होती है।

### रामास्वामी मंदिर, तमिलनाडु



साउथ के प्रसिद्ध मंदिरों में तमिलनाडु का रामास्वामी मंदिर भी है। ये विश्व प्रसिद्ध मंदिर है जिसे बेहद पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि इस मंदिर का उल्लेख रामायण में भी किया गया है। मंदिर की दीवारों पर बनी वास्तुकला रामायण काल की घटनाओं को दर्शाती है। यहां राम, सीता, लक्ष्मण और शत्रुघ्न की मूर्ति है।

### कालाराम मंदिर महाराष्ट्र


नासिक में कालाराम मंदिर भगवान राम का प्रसिद्ध मंदिर है। ये मंदिर भगवान राम के महत्वपूर्ण मंदिरों में से एक है। मान्यता है कि ये भगवान राम का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां काले रंग की मूर्ति विराजमान है। मान्यता है कि भगवान राम की ये मूर्ति गोदावरी नदी में मिली थी।

**कमाएं**

फ्रॉड कॉल से सावधान Reliance jio 5G कंपनी में घर बैठे Sms Job करके लड़के/लड़कियां, गृहणियां, स्टूडेंट, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता Whatsapp करें 9241650814 (रायपुर/30/जनवरी 24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5404



**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली- 5403 का हल



## सूडोकु नवताल - 5414

***** कठिनतम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5413 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |



# अब ओटीटी प्लेटफार्म पर धमाल मचाएगी सैम बहादुर

**मुंबई।** फिल्म सैम बहादुर अब ओटीटी पर आने के लिए तैयार है। सिनेमाघरों में सैम बहादुर 1 दिसंबर को रिलीज हुई थी। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर ओटीटी पर आएगी। फिल्म को जी पर देख सकेंगे। जी ने फिल्म के एक पोस्टर के साथ लिखा, एक दूरदर्शी लीडर, लीजेंड और एक सच्चा हीरो, सैम आपकी स्क्रीन पर राज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सैम बहादुर का प्रीमियर 26 जनवरी को जी5 पर होगा। सैम बहादुर की कहानी मेघना गुलजार और भवानी अय्यर ने लिखी है। फिल्म में विकी कौशल, सान्या मल्होत्रा, फातिमा सना शेख और मोहम्मद जीशान अय्यूब हैं।

लाइफ Style

# अनन्या


## रैंप वॉक करते हुए ट्रोल हुईं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस अनन्या पांडे अक्सर ही चर्चा में बनी रहती हैं। अनन्या इन दिनों पेरिस में हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस पेरिस फैशन वीक का हिस्सा बनी। इस मेगा फैशन इवेंट से उनका वीडियो सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद एक्ट्रेस को उनकी ड्रेस को लेकर ट्रोल किया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर अनन्या पांडे की तुलना लोग उर्फी जावेद से करते नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस ने ब्लैक सीक्वेंस मिनी ड्रेस कैरी की है। इसके साथ ही उन्होंने हाथ में चलनी पकड़ रखी है, जो उनकी ड्रेस से ही जुड़ी हुई है। इसे पकड़े हुए वह रैंप वॉक करती नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर लोग उनका खूब मजाक उड़ा रहे हैं। एक्ट्रेस के वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि ष्उर्फी जावेद भी इससे अच्छे कपड़े पहनती है। एक यूजर ने लिखा मच्छरदानी पहनकर कहा जा रही हो।

एक ने लिखा कि करवा चौथ का मॉडर्न वर्जन। वहीं अनन्या ने एक बातचीत में खुलासा किया कि जब उनकी तस्वीरें, जो पब्लिक में शेयर करने के लिए नहीं होती हैं वह सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती हैं तो इससे उन पर कोई असर नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कह सकती कि ये मुझे परेशान करता है। एक्टर के रूप में हमने खुद इसके लिए साइन अप किया है। यह होने जा रहा है और लोग इसके लिए उत्सुक होंगे। अनन्या के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह पिछले साल फिल्म ड्रीम गर्ल 2 में नजर आई थीं। इसके बाद वो खो गए हम कहां में नजर आईं।



हॉलीवुड मसाला



# बढ़े वजन का पोस्ट वायरल...

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकन सिंगर सेलेना गोमेज अपने गानों की वजह से चर्चा में रहती हैं लेकिन उनकी पर्सनल लाइफ भी खूब हाइलाइट रहती है। फिर चाहे वो नए बॉयफ्रेंड को पब्लिकली लिप किस करना हो या फिर अब अपने बढ़े वजन को पॉजिटिव तरीके से हैंडल करना हो। सेलेना ने हाल ही में सोशल मीडिया का सहारा लेकर अपने बढ़े वजन को लेकर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने जितनी खूबसूरती से अपनी बॉडी में आए बदलाव को एक्सेप्ट किया है, उसकी फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं।



# टॉप पर टेलर, दर्ज हुए 69 रिकॉर्ड...

**लॉस एंजेलिस।** गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक लिस्ट जारी की है। इस सूची में गिनीज बुक ने हॉलीवुड की महिला गायकों के रिकॉर्ड की जानकारी साझा की है। बता दें कि इस लिस्ट में टेलर स्विफ्ट शीर्ष पर हैं। टेलर के नाम कुल 69 रिकॉर्ड दर्ज हैं। दूसरे नंबर पर एडेल हैं। उनके नाम कुल 44 रिकॉर्ड दर्ज हैं। इस लिस्ट में कोलंबियाई गायिका शकीरा तीसरे नंबर पर हैं। शकीरा के नाम 21 गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हैं। बेयॉन्से 20 रिकॉर्ड के साथ चौथे स्थान पर हैं। मैडोना इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं। मैडोना के नाम 16 रिकॉर्ड हैं। पोस्ट को कैप्शन देते हुए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स ने लिखा, गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्र्स खिताबों के प्रभावशाली संग्रह के साथ संगीत की रानियों का अनावरण!




# 14 जून को रिलीज होगी इमरजेंसी

**मुंबई।** एक्ट्रेस कंगना रनौत इन दिनों अपनी अपकिंग फिल्म इमरजेंसी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म में कंगना रनौत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में हैं। ये फिल्म भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे विवादास्पद घटना इमरजेंसी पर बेस्ड है, जो इंदिरा गांधी के इर्दगिर्द घूमती नजर आएगी। वहीं अब कंगना ने फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म इमरजेंसी की रिलीज की घोषणा कर दी है। इसी पोस्ट में अखबार के पन्नों पर जहां इमरजेंसी की खबरें दिख रही हैं। पोस्टर शेयर करते हुए कंगना ने कैप्शन में लिखा कि भारत के अंधेरे काल के पीछे की कहानी खुलने जा रही है। इमरजेंसी 14 जून को रिलीज होने जा रही है। कंगना ने आगे लिखा कि इमरजेंसी मेरा सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है।



# सैफ हुए अस्पताल से डिस्चार्ज...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान को लेकर बीते दिन हैरान कर देने वाली खबर सामने आई थी। उन्हें अपनी लेटेस्ट फिल्म की शूटिंग के दौरान चोट लग गई थी। मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक एक पुरानी चोट की ट्राइसेप सर्जरी के लिए एक्टर को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। हालांकि अब एक्टर को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। एक्टर ने अब खुद मीडिया से बात करते हुए अपनी हेल्थ अपडेट के बारे में बताया। एक्टर ने कहा कि फिल्म देवारा के लिए एक एक्शन सीक्वेंस शूट करते हुए मैं बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उस दौरान तो मुझे ज्यादा पता नहीं चला। मुझे लगा सब ठीक है काम हो जाएगा। एक बार मैं वर्कआउट कर रहा था तो दर्द बढ़ गया। इसके बाद दर्द बढ़ता ही चला गया।

# थ्रिलर शो शैतानी रस्में में शेफाली ने खुद किए खतरनाक स्टंट...

**मुंबई।** हाल ही में लॉन्च हुए वेडिंग फैंटेसी थ्रिलर शो शैतानी रस्में में कपालिका के किरदार के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री शेफाली जरीवाला, हर दिन अपने बेहतरीन प्रदर्शन से



दर्शकों का दिल जीतने में कोई कमी नहीं छोड़ रही हैं। एक ओर जहां किसी सीन को और बेहतरीन बनाने के लिए इसमें बॉडी डबल और स्टंट कलाकारों की मदद ली जाती है वहीं शेफाली जरीवाला ने इस शो में अपने स्टंट खुद किए हैं। शेफाली ने शैतानी रस्में शो में अपने किरदार और इस शो से जुड़ी कई बातों को उजागर करते हुए शूटिंग के अनुभवों को साझा किया। शेफाली ने कहा, इस शो के सेट पर हर दिन मुझे बहुत रोमांचक महसूस होता है। यह हमारे लिए एक सामान्य शूटिंग नहीं होती है। इस दौरान मैं कई अनोखे स्टंट करने में व्यस्त होती हूं, जहां कभी मैं पेड़ पर चढ़ती हूं तो कभी किसी दीवार पर और यह मेरे लिए बहुत मजेदार अनुभव होता है। मैं अपने स्टंट खुद करना पसंद करती हूं क्योंकि यह मेरे जज़्बे को बढ़ाने में मेरी मदद करता है और यह भरोसा देता है कि मैंने उस सीन को सही तरीके से निभाया है। ऐसा करने से मुझे किरदार की परतों को खोलने और इसे सीखने में और मदद मिलती है।

# 'रब से है दुआ' को अलविदा कहेंगी

**मुंबई।** अदिति शर्मा आज टीवी की दुनिया में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। अदिति शर्मा बीते काफी समय से टीवी के पॉपुलर शो रब से है दुआ में नजर आ रही थीं लेकिन अब वह जल्द ही इस शो को अलविदा कहने जा रही हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में शो छोड़ने के बारे में खुलकर बात की है। अदिति ने बताया कि अब वह जल्द ही सीरियल रब से है दुआ को अलविदा कहने वाली हैं।एक्ट्रेस ने



बताया कि सीरियल में एक लंबा लीप आने वाला है, जिसके बाद वह शो का हिस्सा नहीं रहेंगी। अदिति के मुताबिक मेकर्स ने उन्हें शो में डबल रोल निभाने का ऑफर किया था लेकिन उन्होंने उस ऑफर को ठुकरा दिया। अदिति कहती हैं, मुझे लगा हफ्ते के सात दिन काम करना बहुत मुश्किल होगा। बिना किसी ब्रेक के सात दिन शूट करना मेरे लिए मुमकिन नहीं था। उसके साथ ही मेकर्स के दिमाग में शो को लेकर अलग तरह के प्लान हैं। इन सब वजहों को ध्यान में रखते हुए मैंने शो छोड़ने का फैसला किया।

# फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का नया पोस्टर आउट ...

**मुंबई।** बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के नए पोस्टर में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ एक्शन से भरपूर बैकग्राउंड के बीच मशीन गन से फायर करते हुए दिख रहे हैं। पोस्टर में टाइगर और अक्षय अपनी मसल्स दिखा रहे हैं और एक सिक्के के दो पहलू की तरह खड़े हैं और गोलियां चला रहे हैं। बैकग्राउंड में मिसाइलें और हेलीकॉप्टर देखे जा सकते हैं। अक्षय ने पोस्टर को कैप्शन दिया, जब दुनिया को



बचाने की बात आती है, तेरे पीछे तेरा यार खड़ा है। टाइगर ने वही पोस्टर और कैप्शन साझा किया। फिल्म का टीजर 24 जनवरी को सुबह 10 बजे रिलीज होगा। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है और यह अप्रैल में ईद पर रिलीज होगी। बता दें अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग भारत के अलावा स्कॉटलैंड, लंदन और यूएई में हुई है।

# डीपफेक का शिकार हुईं कैट वीडियो वायरल, दिखीं तुर्की बोलते



*मुंबई। एक्ट्रेस कैटरीना कैफ का डीपफेक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में वो एकदम सहजता के साथ तुर्की भाषा बोलती दिख रही हैं। दरअसल यह वीडियो साल 2014 का है। जब कैटरीना और ऋतिक रोशन की फिल्म बैंग बैंग रिलीज हुई थी। यह वीडियो इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान का है। एक्टर के फैन ने इस 10 साल पुराने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, अगर आप तुर्की भाषा बोलते तो ऐसा होता।*

# सामने आया सुष्मिता की आर्या का ट्रेलर, शेरनी बनी नजर आईं अभिनेत्री



**मुंबई।** सुष्मिता सेन की चर्चित वेब सीरीज आर्या का अंतिम सीजन रिलीज के लिए तैयार है। आर्या 3 अंतिम वार का ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें सुष्मिता सेन शेरनी जैसे तेवर दिखाती नजर आई हैं। ये सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर फरवरी में रिलीज होगी। तीसरा सीजन काफी धमाकेदार होने वाला है। इसमें दर्शकों को भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा। ट्रेलर की शुरुआत में आर्या कहती नजर आती है। मेरी कहानी का हर पन्ना खून से लिखा था, पर सोचा नहीं था कि उसका अंत मेरे ही खून से होगा। अपने बच्चों के प्रोटक्शन के लिए मैं कुछ भी कर सकती हूं। इसलिए मुझे ट्रांसपोर्ट और सप्लाई, दोनों में आगे बढ़ना है।

# रायसिंघानिया वर्सेस रायसिंघानिया का टीजर रिलीज, वकील के किरदार में आएंगी नजर ...



*मुंबई। कोड एम में मेजर की भूमिका निभाने के बाद प्रतिभाशाली अभिनेत्री जेनिफर विंगेट एक वकील की भूमिका में नजर आएंगी। एक वकील जो अपनी पहचान बनाने के लिए अपने ही पिता के खिलाफ जाएगी। वह अपनी शर्तों पर केस लड़ती नजर आएंगी। कोर्ट ड्रामा रायसिंघानिया वर्सेस रायसिंघानिया, सोनी लिव पर टेलीकास्ट होने वाला है। अब इस वेबसीरीज का टीजर रिलीज हुआ है। सीरीज में जेनिफर को केस का नेतृत्व करने का मौका नहीं मिलता है। जेनिफर के पिता केस को अपने सहयोगी को सौंप देते है, जिससे वह नाराज हो जाती है।*




## हाईकोर्ट ने राज्य शासन और कलेक्टर सहित अन्य से जवाब मांगा

# ऑफलाईन राशन वितरण पर मशीन में दर्ज विवरण से रिकवरी कैसे निकाली?

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य शासन से पूछा है कि जब कोविड के दौरान राशन का वितरण ऑफलाइन किया गया तो स्टॉक मशीन में दर्ज विवरण के आधार पर रिकवरी कैसे निकाली। हाईकोर्ट ने राज्य शासन, आयुक्त सहकारी संस्स्थाएं, कलेक्टर जबलपुर, अपर कलेक्टर व जिला आपूर्ति अधिकारी जबलपुर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जबलपुर निवासी दिनेश कुमार साहू ने याचिका दायर कर बताया कि वह कृषि साख सहकारी समिति बरेला में राशन दुकान का संचालन करता है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुघोष भमोरे व निशांत मिश्रा ने बताया कि कोरोना काल के दौरान खाद्यान्न अधिकारियों के निर्देश पर पीओएस मशीनों के उपयोग में छूट दी गई थी, जिस कारण राशन का वितरण ऑफलाइन किया गया। पीओएस मशीन व स्टॉक में अंतर आने के कारण विभाग ने रिकवरी निकाल दी। याचिकाकर्ताओं ने कलेक्टर के आदेश पर स्टॉक के सुधार के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, जिस पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया।



### रेंट कंट्रोल को अंतिम निर्णय देने पर रोक

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने दुकान खाली कराने के एक मामले में निर्देश दिए कि रिवीजन के निराकरण तक रेंट कंट्रोल अथॉरिटी कोई अंतिम आदेश पारित नहीं करेंगे। जस्टिस अनुराधा शुक्ला की एकलपीठ ने इस मामले में अनावेदक डॉ राम मोहन दुबे को जवाब पेश करने के निर्देश दिए। टीकमगढ़ निवासी देविका साहू व उनके पुत्र गोलू साहू की ओर से अधिवक्ता सुशील मिश्रा व सुश्री कंचन मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि देविका ने अनावेदक डॉ दुबे के दादा को 3 हजार रुपए दिए थे, जिसके बदले उन्होंने एक रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के जरिए दुकान दी थी। दादा की मृत्यु के बाद डॉ दुबे ने वर्ष 2023 में रेंट कंट्रोल अथॉरिटी (एसडीएम) के समक्ष दुकान खाली कराकर उन्हें वापस कराने के लिए आवेदन पेश किया। इस बीच देविका की ओर से आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर दलील दी गई कि नियमानुसार शासकीय सेवक के रूप में कार्यरत रहते हुए इस तरह का आवेदन पेश नहीं किया जा सकता। नियम के तहत शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद ही दुकान खाली कराने आवेदन दे सकते हैं। इस आपत्ति को निरस्त करते हुए अथॉरिटी ने अंतिम फैसले के लिए मामला सूचीबद्ध कर दिया। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने उक्त अंतरिम आदेश देकर अथॉरिटी को अंतिम निर्णय देने पर रोक लगा दी।

### बर्खास्तगी आदेश अवैध घोषित

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजय द्विवेदी ने की एकलपीठ ने डिंडौरी के कनिष्ठ अभियंता कार्यालय में पदस्थ सहायक वर्ग द्वितीय रामलाल कोल के पक्ष में राहतकारी आदेश पारित करते हुए तत्कालीन मुख्य अभियंता (जबलपुर क्षेत्र) पीके क्षत्रिय द्वारा अवैध तरीके से जारी बर्खास्तगी आदेश को निरस्त कर दिया। याचिकाकर्ता रामलाल कोल की ओर से बर्खास्तगी आदेश को चुनौती दी गई थी। मामले के तथ्यों के अनुसार, याचिकाकर्ता पर आरोप पत्र दायर किया गया और उसके खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई। विभागीय जांच के समापन के बाद, याचिकाकर्ता ने कारण बताओ नोटिस पर अपना जवाब प्रस्तुत किया है, और उसके बाद 4 वेतन वृद्धि रोकने की सजा को बर्खास्तगी के आदेश में बदल दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर विजय राघव सिंह, श्रीमती पूनम सिंह, अजय नंदा एवं मनोज चतुर्वेदी अधिवक्ता ने ने पैरवी की, जिनके तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने बर्खास्तगी आदेश को निरस्त करने के आदेश पारित किए।



## बर्फीली हवाओं से छूट रही कंपकंपी

# ठंड से जनजीवन प्रभावित

**जबलपुर।** सुबह हो या दोपहर या हो फिर रात, ठण्ड चैन नहीं लेने दे रही है। बीते कई दिनों से ठण्ड के तेवर यथावत बने हुये हैं। पिछले तीन दिनों से पारा सात से आठ डिग्री के आसपास झूल रहा है। सोमवार की रात 12 डिग्री पर पहुंचा, फिर भी ठंड से राहत नहीं मिली। उत्तर से आ रही बर्फीली हवाएं लोगों को ठिठुरने के लिये विवश कर रही है। मौसम विभाग का कहना है कि ठण्ड का प्रभाव अभी दो-तीन दिन ऐसे ही बना रहेगा। पश्चिमी विक्षोप की आहट सुनाई दे रही है। उसके बाद ही ठण्ड से राहत मिलने की उम्मीद है।

शीतलहर के बीच कंपकंपा देने वाली ठण्ड ने जनजीवन को प्रभावित कर रखा है। सुबह-सुबह नौनिहाल बच्चे कंपकंपी छोड़ते हुये स्कूल जाते हैं। आसमान पर बादलों की हल्की चादर टंगी रहने से धूप भी पूर्वान्ह के बाद ही धूप नजर आती है। लेकिन धूप का प्रभाव कुछ कम होता है, जिससे ठंड से राहत नहीं मिल पाती है। दोपहर में जरूर धूप ठण्ड से राहत देती है। शाम ढलने के बाद फिर ठण्ड का नया दौर शुरू हो जाता है और सड़कें जल्द वीरान हो जाती हैं। लिहाजा, सुबह, दोपहर, शाम लोगों को ठण्ड से चैन नहीं मिल रही है। बीते कई दिनों से ठण्ड की एक सी स्थिति बनी हुई है और तापमान लगातार सामान्य से नीचे चल रहा है।

पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 66 प्रतिशत और सायंकाल 49 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्येदय सुबह 6.53 बजे और सूर्यास्त शाम 5.52 बजे हुआ। उत्तरी हवायें 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे ठण्डा जिला दतिया रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3 डिग्री तक नीचे लुढ़क गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## निरीक्षक संवर्ग के अधिकारी बस नाम के लिए बनेंगे डीएसपी

# सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस अधिकारियों के साथ शासन का मजाक!

**जबलपुर।** मप्र शासन के गृह विभाग द्वारा सोमवार को जारी एक आदेश को लेकर पुलिस मोहकमे में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म हैं। पुलिस रैग्युलेशन एक्ट का हवाला देकर जारी आदेश में निरीक्षक और समकक्ष संवर्ग के अधिकारियों को मानसेवी उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) के पद पर नियुक्ति तो दी गई है लेकिन मानसेवी डीएसपी बनाए गए 22 अधिकारियों को वेतन एवं भत्ते निरीक्षक और समकक्ष पद के अनुसार प्राप्त होने की बात आदेश में कही गई। पुलिस विभाग के जानकारों ने इसे कथित तौर पर शासन का मजाक बताया हैं क्योंकि कथित पदोन्नति के बावजूद निरीक्षक और समकक्ष संवर्ग के अधिकारी मानसेवी डीएसपी की वर्दी तो धारण कर सकेंगे और डीएसपी कहलाएंगे भी लेकिन उन्हें वेतन वहीं मिलेगा जो निरीक्षक और समकक्ष के संवर्ग के अधिकारी रहते हुए उन्हें मिल रहा हैं। पुलिस विभाग ने इस पर भी आपत्ति जताई हैं कि इन सभी 22 अधिकारियों को वर्ष 2024 में ही 31 जनवरी से 30 जून तक सेवा निवृत्त होना हैं ऐसे में निरीक्षक, कंपनी कमांडर, निरीक्षक रेडियो, निरीक्षक (अनुसचिवीय) एवं निरीक्षक (शीघ्रलेखक) की इस तरह की पदोन्नति होना या न होना लगभग एक समान हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि इस तरह की पदोन्नति न सिर्फ इन 22 अधिकारियों के साथ भद्दा मजाक हैं बल्कि उनके भविष्य के लिए भी खासा दुखदाई होगा। विभागीय सूत्रों का कहना है कि यह इसलिए क्योंकि इसी वर्ष कथित तौर पर पदोन्नति पाकर सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी सिर्फ नाम के लिए डीएसपी कहलाएंगे न तो उन्हें इस पद के अनुसार पेंशन मिलेगी न हीं अन्य भत्ते मिल पाएंगे। ऐसे में पदोन्नति होना और न होना एक बराबर हैं। विभागीय सूत्रों का कहना हैं कि 1960 में जन्मे इन 22 अधिकारियों की लंबित पदोन्नति कथित तौर पर महज औपचारिकता निभाने गृह विभाग ने करते हुए न सिर्फ शासन के नियमावली का मखौल उड़ाया है बल्कि पुलिस रेग्युलेशन एक्ट का भी मखौल उड़ाया जा रहा हैं।

### माशिमं ने जारी किए 10वीं और 12वीं के प्रवेश पत्र

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने 10वीं और 12वीं के प्रवेश पत्र जारी कर दिए है। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 5 फरवरी से शुरू होना है। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में इस बार 88 हजार 566 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए विभाग ने 137 केंद्र बनाए हैं, जहां पर सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी। जानकारी के अनुसार इस बार 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 49 हजार 415 और 12वीं में 39 हजार 151 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इस बार प्रवेश पत्र में क्यूआर कोड भी रहेगा। प्रवेश पत्र में विद्यार्थी का फोटो मिलान नहीं होने या फिर फोटो मिसप्रिंट होने की स्थिति में केंद्र अध्यक्ष एडमिट कार्ड रीडर एप के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैन करेंगे। इसके साथ ही परीक्षार्थी का फोटो भी लेना होगा। इसके बाद एप पर विद्यार्थी का मंडल में दर्ज डाटा सामने होगा, जिसमें फोटो मिलान होने पर वैरिफाइड का मैसेज आएगा। अगर फोटो मिलान नहीं होता है, तो वैरिफिकेशन फेल का मैसेज आएगा।

## रामलला के दर्शन करने वालों के लिए रेलवे का फैसला

# अयोध्या के लिए चलेगी आस्था स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब लोग भगवान के दर्शन करने के लिए अयोध्या जाने उतावले दिख रहे हैं। अयोध्या दर्शनार्थी के लिए रेलवे प्रशासन ने जबलपुर से आस्था स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है यह ट्रेन जबलपुर से कटनी-सतना-प्रयागराज जंक्शन होकर चलेगी, जबकि दूसरी ट्रेन जबलपुर से इटारसी, भोपाल, बीना होकर चलेगी। इन गाड़ियों में 22 कोच होंगे, जिनमें से 20 स्लीपर व दो एसएलआर रहेंगे।



### इटारसी-भोपाल ट्रेन 3-3 ट्रिप चलेगी

गाड़ी संख्या 02135 जबलपुर-अयोध्या आस्था सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन आगामी 30 जनवरी, 13 फरवरी और 27 फरवरी को चलेगी, जबकि वापसी में अयोध्या से 1 फरवरी, 15 फररी व 29 फरवरी 2024 को छूटेगी. जबलपुर से यह गाड़ी अपरान्ह 15.30 बजे छूटेगी, जो श्रीधाम, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, नर्मदापुरम, भोपाल, बीना जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज होते हुए अगले दिन दोपहर 12.55 बजे पहुंचेगी, वापसी में अयोध्या से रात 21.20 बजे चलकर इसी मार्ग से होते हुए अगले दिन शाम 19.20 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

### जबलपुर-कटनी-व्हाया-सतना 1-1 ट्रिप चलेगी

गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर-अयोध्या ट्रेन आगामी 16 फरवरी को जबलपुर से चलेगी. यह ट्रेन देर रात जबलपुर से रात्रि 23.00 बजे छूटेगी, जो कटनी देर रात 00.10 बजे, सतना रात्रि 1.35 बजे, मानिकपुर तड़के 3.30 बजे, प्रयागराज जंक्शन सुबह 5.15 बजे और सुल्तानपुर होते हुए सुबह 10.30 बजे अयोध्या धाम पहुंचेगी. वापसी में 18 फरवरी की रात्रि 21.30 बजे छूटेगी, जो रात्रि 1.50 बजे प्रयागराज जंक्शन, 4.15 बजे मानिकपुर, 5.15 बजे सतना, 6.40 बजे कटनी होते हुए सुबह 8.15 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

# जबलपुर मंडल के स्टेशनों में 98 अवैध बेंडर को पकड़ा गया

**जबलपुर।** मंडल के वाणिज्य विभाग ने जबलपुर के स्टेशन पर बिकने वाली खाद्य समाग्री एवं बेंडरों की जांच का अभियांन चला कर अनेक अवैध बेंडरों को पकड़कर जुमार्ना वसूलने के साथ ही अमानक समाग्री नष्ट करने का अभियान चलाया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन के निर्देश पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक, नितेश कुमार सोने के नेतृत्व में चलाये गए अभियान मे अनेक स्थानो पर कार्यवाही की जा रही हैं जिसमे प्लेटफार्म पर अनाधिकृत रूप से अन्दर आने वाले बेंडरों कि जांच की जा रही हैं रेलवे अधिनियम की धारा 144 के तहत दिसंबर माह में जबलपुर स्टेशन सहित मंडल पर 98 अवैध बेंडरो को पकड़कर आरपीएफ के सुपुर्द किया गया एवं 64 वेंडरो को मानक नियमों का उल्लंघन करने पर 42 हजार 550 रूपये का जुमार्ना वसूलने के साथ ही अमानक खाद्य सामाग्री को नष्ट कर उन पर अर्थ दंड लगाया गया।



जिससे अवैध वेंडरों में भय का माहौल पैदा होने के कारण पिछले माह की तुलना में अवैध बेंडरो में कमी आई है। इस कार्यवाही में सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश कुमार नायक, गुन्नार सिंह, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक रविकांत कुमार, स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य संजय जायसवाल सहित वाणिज्य विभाग के निरीक्षक एवं परिवेक्षकों की भूमिका सराहनीय रही। उल्लेखनीय है कि मंडल में यह कार्यवाही जबलपुर के साथ ही कटनी, मैहर, सतना, दमोह, सागर, करेली, नरसिंहपुर, पिपारिया, आदि स्टेशनो पर भी की जा रही है।

# तीन घंटे से पहले परीक्षार्थी अपने साथ नहीं ले जा सकेगा प्रश्न पत्र

- बोर्ड परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग से लेकर शासन-प्रशासन अलर्ट मोड
- परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र के अलग-अलग सेट मिलेंगे

**जबलपुर।** बोर्ड परीक्षा का समय नजदीक आ रहा है। इसको लेकर शिक्षा विभाग से लेकर शासन-प्रशासन अलर्ट मोड पर आ चुका है। परीक्षा केंद्रों पर किसी भी सूरत में नकल ना हो इसको लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। परीक्षार्थियों को चार सेट में पेपर मिलेंगे जो सेट आगे के विद्यार्थी पर होगा उसके आसपास के विद्यार्थी पर दूसरा सेट होगा जिससे वह एक-दूसरे से पूछकर प्रश्न हल न कर सकें। इसके साथ ही अब कोई भी विद्यार्थी परीक्षा समय समाप्त होने के बाद ही प्रश्न पत्र अपने साथ ले जा सकेगा। असल में माध्यमिक शिक्षा मंडल ने पांच फरवरी से शुरू हो रही सत्र 2023-24 की हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राएं नकल नहीं कर सकें, इसके लिए एक प्रयोग किया है। इसके साथ शासन ने अपील की है इंटरनेट मीडिया पर पेपर लीक की भ्रामक सूचना देता है तो पुलिस में शिकायत करें। असल में प्रश्न-पत्र ए, बी, सी, डी सेट में तैयार किए गए हैं। पेपर में पूछे गए प्रश्न एक जैसे होंगे मगर क्रम अलग रहेगा। परीक्षा कक्ष में छात्र बैठक व्यवस्था 20-40-60 के रूप में होगी। पहली पंक्ति में बैठे छात्र को ए-सेट का पहला पेपर, इसके बाद बी, सी, डी, दूसरी पंक्ति के पहले छात्र को सी-सेट का पहला पेपर दिया जाएगा।

### मोबाइल परीक्षा हाल में प्रतिबंधित

परीक्षा हाल में इलेक्ट्रोनिक गेजेट्स लेकर कोई भी छात्र नहीं जाएगा। इसके लिए पहले ही चेकिंग की जाएगी और पूरी जांच पड़ताल के बाद ही छात्र को परीक्षा हाल में प्रवेश दिया जाएगा। केंद्र पर कलेक्टर प्रतिनिधि की देखरेख में ही प्रश्न पत्र का बाक्स खोला जाएगा। प्रश्न पत्र खोलने से पहले केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक व अन्य स्टाफ के मोबाइल स्विच आफ कराए जाएंगे तथा इन मोबाइल को अलमारी में बंद कर सील कर दिया जाएगा। जो परीक्षा समाप्ति के बाद ही मिलेंगे।

## बोर्ड परीक्षा के बाद होगी प्रायोगिक परीक्षा, तैयारी कराने 31 तक खुले रहेंगे स्कूल

**जबलपुर।** बोर्ड परीक्षाओं का समय नजदीक आ चुका है, इस बार बोर्ड परीक्षाएं फरवरी में ही समाप्त हो जाएंगी, इसलिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने प्रायोगिक परीक्षा का समय बोर्ड परीक्षा के बाद रखा है, जिससे छात्रों को प्रायोगिक परीक्षा को लेकर किसी भी तरह की चिंता न रहे। वह बोर्ड परीक्षा की तैयारी ठीक से कर सकें। यही कारण है कि जिन विषय में छात्र कमजोर है उनकी तैयारी के लिए स्कूल 31 जनवरी तक खुले रहेंगे। जहां पर छात्र पहुंचकर विषय विशेषज्ञ शिक्षक से अपनी समस्या का हल ले सकें। गौरतलब है कि पांच और छह फरवरी से हाईस्कूल कक्षा 10 और हायर सेकंडरी 12वीं की परीक्षा शुरू होने जा रही हैं, जिसको लेकर छात्र परीक्षा की तैयारियों में लगे हुए हैं। शिक्षा विभाग भी इस बात पर ध्यान दे रहा है कि परीक्षा से पहले छात्रों की पूरी तरह से हर विषय को लेकर तैयारी हो, जिससे वह परीक्षा में अच्छे अंक से पास हो सकें, इसको लेकर स्कूलों में अतिरिक्त क्लास संचालित की जा रही हैं।

### विषय में कमजोर नहीं होंगे तो नकल नहीं करेंगे

शिक्षा अधिकारियों का कहना है कि बोर्ड परीक्षा में असफल होने पर कई ऐसे छात्र है जो गलत कदम उठा लेते थे। इसको देखते हुए शासन ने छात्रों की परीक्षा को लेकर एक एक विषय की तैयारी कराने की जिम्मेदारी स्कूल के शिक्षकों को दी। यही कारण है कि छमाही परीक्षा में जो छात्र जिन विषय में कमजोर रहे उनके लिए अतिरिक्त क्लास चलाई गई। इसके बाद पोर्टल पर विषय विशेष के प्रश्न पत्र अपलोड किए जिन्हें छात्र हल करें इससे यह पता चलेगा कि वह किस विषय में कमजोर है जिसकी उत्तर पुस्तिका स्कूल में ही जांची गई।

## जंगल में अब बफर क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए अलग से मिलेगा बजट

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जंगलों में कोर क्षेत्र के अलावा अब बफर क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए राज्य सरकार अलग से बजट उपलब्ध कराएगी। अब तक नेशनल पार्कों एवं टाइगर रिजर्व की गेट मनी से मिलने वाली राशि विकास निधि से ही बफर क्षेत्रों में विकास कार्यों होते हैं, लेकिन यह राशि पर्याप्त नहीं हो पाती है। इसीलिए वन विभाग के वार्षिक बजट में बफर क्षेत्रों के विकास के लिए भी अलग से बजट लाइन बनेगी। जंगलों के बफर क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियां होती हैं और वन एवं राजस्व ग्राम स्थित रहते हैं। इनमें सडक़ें, पुल-पुलियां, रपटें और अन्य सार्वजनिक निर्माण कार्य होते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240